RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 335
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 28 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अंग दान करना, जैव विविधता की रक्षा करना एक तरह की देशभक्ति

राष्ट्रीय-11

# खालिस्तानियों-गैंगस्टरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## एनआईए ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, यूपी, राजस्थान और उत्तराखंड में 53 स्थानों पर की छापेमारी

**राकेश कुमार सिंह।** नई दिल्ली

● कई संदिग्धों को लिया गया हिरासत में, गोलाबारूद, डिजिटल उपकरण व आपत्तिजनक सामग्री बरामद

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को खालिस्तानियों और आतंकवादी-गैंगस्टर-ड्रग (नशीला पदार्थ) तस्करों के गिरोह के खिलाफ कई राज्यों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 53 स्थानों पर सिलसिलेवार छापेमारी की। कनाडा में रहने वाले सूचीबद्ध आतंकवादी अर्श डल्ला और उसके साथियों से जुड़े कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। जिनमें कुख्यात गैंगस्टर भी शामिल हैं। डल्ला भारत में गैंगस्टरों के माध्यम से अपने नेटवर्क को संचालित कर रहा है।

केंद्रीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा, संबंधित राज्य पुलिस बल ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेशों दिल्ली और चंडीगढ़ में 53 स्थानों पर दिन भर सिलसिलेवार छापेमारी में की गई। आतंकवादी-गैंगस्टर-तस्कर गठजोड़ को खत्म करने के मकसद से की गई छापेमारी के दौरान पिस्तौल, गोला-बारूद, बड़ी संख्या में डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। उन्होंने कहा कि कार्रवाई पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, कनाडा, पुर्तगाल समेत अन्य देशों में स्थित मादक पदार्थ-तस्करों और आतंकवादी संगठनों के साथ काम करने वाले विभिन्न शातिर गिरोहों से जुड़े हथियार आपूर्तिकर्ताओं, फाइनेंसरों और साजो-सामान मुहैया कराने वालों पर केंद्रित है। प्रवक्ता ने कहा कि जिन जगहों पर छापेमारी की गई उनमें पंजाब के अमृतसर, मोगा, फाजिल्का, लुधियाना, मोहाली, फरीदकोट, बरनाला, बठिंडा, फिरोजपुर, एसएएस नगर और जालंधर जिले, हरियाणा के रोहतक, सिरसा, फतेहाबाद और फरीदाबाद जिले, राजस्थान के श्रीगंगानगर, झुंझुनू, हनुमानगढ़ और जोधपुर जिले, उत्तर प्रदेश में गोरखपुर, उत्तराखंड के देहरादून और उधमसिंह नगर जिले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली-एनसीआर के दक्षिण-पूर्वी जिले और चंडीगढ़ में भी छापेमारी की गई। प्रवक्ता ने कहा कि डल्ला के अलावा, इन छापों में एनआईए की जांच के दायरे में कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, सुक्खा दुनेके, हैरी मौर, नरेंद्र उर्फ लाली, काला जठेड़ी और दीपक टीनू भी थे।

यह छापेमारी कुख्यात ट्रैक रिकॉर्ड वाले आपराधिक मास्टरमाइंड गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ हालिया खुफिया जानकारी मिलने के बाद की गई है। ज्ञात रहे कि बिश्नोई प्रसिद्ध पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के खिलाफ धमकी देने सहित कई हाई-प्रोफाइल अपराधों से जुड़ा हुआ है। हाल के खुफिया इनपुट से बिश्नोई की अवैध गतिविधियों में एक खतरनाक जानकारी सामने आई है, जिसके अनुसार उसने पाकिस्तान इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के एक संचालक नासिर खान के साथ संचार की एक सीधी लाइन जोड़ ली है। इंटेलिजेंस रिपोर्ट में कहा गया कि कनेक्शन से पता चलता है कि बिश्नोई और उसका गिरोह पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्स (पीआईओ) की मदद से हथियार खरीदकर और क्षेत्र में गैंगस्टर गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए इन हथियारों का इस्तेमाल करके अपने आपराधिक मंसूबों को और खतरनाक कर सकता है। बिश्नोई का गिरोह जबरन वसूली और हत्याओं में शामिल होने के लिए कुख्यात है, लेकिन पाकिस्तान स्थित संस्थाओं के साथ संबंधों के हालिया खुलासे से गिरोह के परिचालन फोकस में रणनीतिक बदलाव का पता चलता है। हथियारों की तस्करी में गिरोह की संलिप्तता उनकी आपराधिक गतिविधियों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की जानकारी देती है जे देश की सुरक्षा के लिए काफी खतरा पैदा करती है।

रिपोर्ट में चेतावनी दी गई कि पाक आईएसआई गुर्गों द्वारा संभावित समर्थन भी संगठित अपराधों और भूराजनीतिक विरोधियों के बीच एक चिंताजनक समीकरण का संकेत देता है, जो बिश्नोई के संचालन की खतरनका मंसूबों की तरफ इशारा करता है। अगस्त 2022 से पांच मामले दर्ज होने के बाद एनआईए द्वारा शुरू की गई ऐसी कार्रवाई की श्रृंखला में यह सातवीं छापेमारी थी। इन पांच मामलों में इस साल जुलाई में संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ दर्ज दो नए मामले भी शामिल थे। प्रवक्ता ने कहा कि ये मामले लक्षित हत्याओं की साजिशों, खालिस्तान समर्थक संगठनों की आतंकी फंडिंग और गैंगस्टरों द्वारा जबरन वसूली से संबंधित हैं। इन गैंगस्टरों में से कई जेलों में बंद हैं या या कनाडा, पाकिस्तान, मलेशिया, पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित विभिन्न विदेशी देशों से काम कर रहे हैं।



देहरादून में खालिस्तानी-गैंगस्टरों और तस्कर गठजोड़ को तोड़ने के लिए एक परिसर में जांच करते एनआईए टीम के सदस्य

# शीघ्र ही आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरेगा भारत

● वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के 20 साल पूरे होने पर बोले प्रधानमंत्री

**भाषा।** अहमदाबाद

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उनका लक्ष्य भारत को वैश्विक विकास का इंजन बनाना है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि देश जल्द ही दुनिया की आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरेगा। वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के 20 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि उन्होंने 20 साल पहले वाइब्रेंट गुजरात के छोटे-छोटे बीज बोए थे और आज यह एक बड़े पेड़ के रूप में विकसित हो गया है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि वाइब्रेंट गुजरात ऐसे समय में सफल हुआ जब तत्कालीन केंद्र सरकार (पूर्ववर्ती संप्रग सरकार) राज्य की औद्योगिक प्रगति के प्रति उदासीन थी। उन्होंने कहा, हमने राज्य को भारत का विकास इंजन बनाने के लिए वाइब्रेंट गुजरात का आयोजन किया। देश ने इस कल्पना को साकार होते देखा। वर्ष 2014 में जब मुझे देश की बागडोर सौंपी गई तो मेरा लक्ष्य भारत को वैश्विक वृद्धि का इंजन बनाना था।



इस कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष सी आर पाटिल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि देश ऐसे मोड़ पर खड़ा है कि वह जल्द ही वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक एजेंसियां और विशेषज्ञ भी इस बात के संकेत दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, यह मोदी की गारंटी है कि अब से कुछ वर्षों में, आपकी आंखों के सामने, भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। उन्होंने देश के उद्योग जगत से अपील की कि वे उन क्षेत्रों के बारे में सोचें जहां भारत नई संभावनाएं तलाश सकता है या खुद को मजबूत कर सकता है और कैसे वाइब्रेंट गुजरात इस मिशन को गति दे सकता है। मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे एक साधारण शुरुआत से, वाइब्रेंट गुजरात कार्यक्रम एक संस्थान में बदल गया है।

# एशियाई खेलः सामरा ने सोने पर लगाया निशाना

● भारत के निशानेबाजों का दबदबा, भाकर, ईशा और रिदम सांगवान की तिकड़ी ने भी टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

**भाषा।** हांगझोउ



**निशानेबाज** सिफ्ट कौर सामरा ने महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता जबकि भारतीय निशानेबाजों ने यहां एशियाई खेलों में दबदबा बनाते हुए सात पदक जीते। सिफ्ट की ही स्पर्धा में आशी चौकसी ने 451.9 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। आशी एक समय रजत पदक की दौड़ में शामिल थी। ईशा सिंह ने महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में 34 अंक के साथ रजत पदक जीता। ईशा ने रजत पदक के दौरान अपनी सीनियर साथी मनु भाकर को भी पछाड़ा जो क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने के बाद पांचवें स्थान पर रहीं। सिफ्ट ने 469.6 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। वह राइफल थ्री पोजीशन में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय निशानेबाज भी बनीं। इससे पहले भाकर, ईशा और रिदम सांगवान की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीता। निशानेबाजी के दिन के अंतिम फाइनल में अनंत जीत सिंह नरुका ने पुरुष स्कीट स्पर्धा में रजत पदक जीता। उन्होंने इससे पहले अंगद वीर सिंह बाजवा और गुरजोत खांगुरा के साथ मिलकर टीम स्पर्धा का कांस्य पदक भी जीता।

# जयशंकर ने कनाडा पर किया पलटवार

● निज्जर हत्या मामले में न्यूयार्क में विदेश मंत्री ने कहा कि यह भारत सरकार की नीति नहीं

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**एक** खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या में भारत की संभावित संलिप्तता के कनाडा के आरोपों के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि नई दिल्ली ओटावा को बता चुका है कि यह भारत सरकार की नीति नहीं है तथा वह मामले में विशिष्ट और प्रासंगिक सूचना पर विचार करने के लिए तैयार है।

जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संबोधित करने के बाद मंगलवार को न्यूयॉर्क में विदेश संबंध परिषद में बातचीत के दौरान ये टिप्पणियां कीं। कनाडा में 18 जून को खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों की संलिप्तता के कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों पर जब जयशंकर से सवाल किया गया कि क्या उन्हें इस पर कुछ कहना है तो



उन्होंने कहा, हां, मुझे कहना है। हमने कनाडा से जो कहा, उसे मैं आपके साथ बहुत स्पष्टता से साझा करूंगा। उन्होंने भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत केनेथ जस्टर के साथ बातचीत के दौरान मुद्दे पर अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में कहा, पहली बात तो ए कि हमने कनाडाई अधिकारियों को बताया कि यह भारत सरकार की नीति नहीं है।

दूसरा, हमने कनाडाई लोगों से कहा कि देखिए, अगर आपके पास कोई खास सूचना है, अगर आपके पास कुछ प्रासंगिक जानकारी है तो हमें बताइए। हम इस पर विचार करने के लिए तैयार हैं। जयशंकर ने कहा कि आपको संदर्भ भी समझना होगा क्योंकि इसके संदर्भ के बिना तस्वीर स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा, आपको यह भी समझना पड़ेगा कि पिछले कुछ वर्ष में कनाडा में अलगाववादी ताकतों, संगठित अपराध, हिंसा, चरमपंथ से जुड़े काफी संगठित अपराध देखे गए हैं। इनका आपस में बहुत गहरा संबंध है। उन्होंने कहा कि भारत विशिष्ट जानकारियों और सूचनाओं के बारे में बात कर रहा है।

विदेश मंत्री ने कहा, हम वास्तव में कनाडाई अधिकारियों से कार्वाई करने के लिए लगातार कहते रहे हैं, हमने उन्हें कनाडा से संचालित संगठित अपराध के सरगना के बारे में काफी सूचना दी है। बड़ी संख्या में प्रत्यर्पण के अनुरोध किए गए। आतंकवादी नेताओं की पहचान की गई। उन्होंने कहा कि आपको समझना होगा कि वहां एक तरह का माहौल है। जयशंकर ने कहा, अगर आपको यह समझना है कि वहां क्या चल रहा है तो इसे ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है। हमारी चिंता यह है कि राजनीतिक कारणों से इसकी अनदेखी की गई है। हमारी स्थिति यह है कि हमारे राजनयिकों को धमकाया जाता है, हमारे वाणिज्य दूतावासों पर हमला किया गया और अक्सर टिप्पणियां की जाती है कि हमारी राजनीति में हस्तक्षेप है।

# प्रमुख पर्यटन स्थलों पर मिलेंगे इलेक्ट्रिक वाहन



**भाषा।** गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पर्यटन की संभावनाओं के साथ ग्रीन इन्वेस्टमेंट (हरित निवेश) को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार की योजना प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सिर्फ इलेक्ट्रिक वाहन (ई-बस व ई रिक्शा) सेवा उपलब्ध कराने की है। पर्यटन स्थलों पर डीजल-पेट्रोल से चलने वाले वाहनों का संचालन न हो, इसके लिए निजी ऑपरेटर को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री बुधवार को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन, उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आधारित ए टू जेड पुस्तिका का विमोचन, युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों को किट वितरण एवं उत्तर प्रदेश के अग्रणी पर्यटन उद्यमियों का सम्मान करने के उपरांत मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस की विषय टूरिज्म एंड ग्रीन इन्वेस्टमेंट है। उन्होंने कहा कि प्रमुख पर्यटन स्थलों पर इलेक्ट्रिक वाहन की सुविधा से लोगों को एक बहुत अच्छा वातावरण मिलेगा।

## दुधवा घूमना हुआ सस्ता, शुल्क दरें घटाई गईं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दुधवा** नेशनल पार्क में प्रवेश शुल्क एवं अन्य शुल्कों की दरों में की गई कमी आम आदमी को दुधवा के प्रति आकर्षिक करने में मील का पत्थर साबित होगी। शुल्क दरों में कमी होने से दुधवा आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी जिससे विभाग के राजस्व में वृद्धि होगी।

यह जानकारी पर्यावरण, वन एवं जन्तु उद्यान मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने दुधवा बाघ संरक्षण फाउंडेशन के शासी निकाय (गवर्निंग बॉडी) की समीक्षा बैठक के दौरान दिये। मंत्री डॉ. सक्सेना ने कहा कि 5 वर्ष से कम आयु के तथा स्कूली बच्चों का दुधवा में प्रवेश निःशुल्क कर दिया गया है। पर्यटकों की सुविधा के लिए दुधवा के एक किमी के दायरे में होटल खोलने के लिए निवेशकों को आकर्षित किया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि दुधवा आने वाले पर्यटकों के लिए आवागमन की बेहतर सुविधा के लिए सम्पर्क मार्गों का सुदृढ़ीकरण यथाशीघ्र कराया जाये।

डॉ. सक्सेना ने बताया कि दुधवा के भ्रमण हेतु प्रति व्यक्ति प्रति पाली रुपया 300 के स्थान पर रु पया 150, गैंडा परिक्षेत्र में भ्रमण के लिए अतिरिक्त प्रवेश शुल्क प्रति व्यक्ति 700 के स्थान पर 200, सफारी वाहन शुल्क 600 के स्थान पर 200, गैंडा परिक्षेत्र के बाहर अधिकतम दो घंटे की अवधि के लिए प्रति हाथी सवारी शुल्क रुपया 2000 के स्थान पर 500 एवं गैंडा परिक्षेत्र के अन्दर अधिकतम दो घंटे के लिए प्रति हाथी सवारी शुल्क रुपया 4000 के स्थान पर 500 तथा बोट सवारी प्रति व्यक्ति शुल्क अधिकतम 1 घंटे के लिए रुपया 250 के स्थान पर 100 अनुमन्य किया गया है।

## क्विक न्यूज

### बीमार पेंशनधारकों के घर जाकर जीवन प्रमाणपत्र लें बैंककर्मी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पेंशन वितरण करने वाले सभी बैंकों से बीमार और अस्पताल में भर्ती पेंशनभोगियों को जीवन प्रमाणपत्र जमा करने में मदद करने के लिए उनके पास डोरस्टेप कार्यकारियों भेजने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) ने एक आदेश में कहा है कि सभी बैंक 80 वर्ष और उससे अधिक आयु वाले अति-वरिष्ठ पेंशनभोगियों को डिजिटल माध्यम से जीवन प्रमाण-पत्र बनवाने को लेकर जागरूकता पैदा करने के प्रयास करें। चेहरे का सत्यापन करने वाली तकनीक के इस्तेमाल से पेंशनभोगियों का डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र बनाया जा सकता है। दरअसल, सभी पेंशनभोगियों को अपनी पेंशन आगे भी पाने के लिए हर साल अपने जीवित होने का प्रमाण देना होता है जिसे जीवन प्रमाणपत्र कहा जाता है। इस समय केंद्र सरकार के लगभग 69.76 लाख पेंशनभोगी हैं। केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में बैंकों से कहा था कि वे अति वरिष्ठ पेंशनभोगियों को नवंबर के बजाय एक अक्टूबर से ही अपना जीवन प्रमाणपत्र देने की अनुमति दें।

# भारत में तेजी से बढ़ेगी बुजुर्ग आबादी

**भाषा।** नई दिल्ली

● संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट का निष्कर्ष, आने वाले दशकों में बूढ़ा होता जाएगा देश

**भारत** में बुजुर्गों की आबादी अभूतपूर्व दर से बढ़ रही है और इस सदी के मध्य तक यह बच्चों की आबादी को पार कर सकती है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। यूएनएफपीए ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आने वाले दशकों में युवा भारत तेजी से बूढ़े होते समाज में बदल जाएगा। भारत दुनिया में किशोरों और युवाओं की सबसे अधिक आबादी वाले देशों में से एक है। यूएनएफपीए की इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर बुजुर्गों (60 वर्ष और इससे अधिक आयु के लोगों) की आबादी का हिस्सा 2021 में 10.1 प्रतिशत था जो बढ़कर 2036 में 15 प्रतिशत और 2050 में 20.8 प्रतिशत तक होने का अनुमान है। यूएनएफपीए ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, सदी के अंत तक देश की कुल आबादी में बुजुर्गों की संख्या 36 प्रतिशत से अधिक होगी। 2010 के बाद से 15 वर्ष से कम आयु वर्ग में गिरावट के साथ-साथ बुजुर्गों की आबादी में तेज वृद्धि देखी गई है, जो भारत में वृद्ध लोगों की संख्या बढ़ने की गति को दर्शाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में बुजुर्गों की आबादी अभूतपूर्व दर से बढ़ रही है और उम्मीद की जा सकती है कि सदी के मध्य तक यह बच्चों की आबादी से अधिक हो जाएगी। यूएनएफपीए की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2050 से चार साल पहले, 2046 तक भारत में बुजुर्गों की संख्या 0-14 वर्ष की आयु के बच्चों की आबादी से अधिक होगी। उस समय तक, 15-59 वर्ष की जनसंख्या हिस्सेदारी में भी गिरावट देखी जाएगी। निस्संदेह, आज का अपेक्षाकृत युवा भारत आने वाले दशकों में तेजी से बूढ़ा होता समाज बन जाएगा।

# दोहरे हत्याकांड में सोहराब अली को फांसी की सजा

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

● 2012 में हुई उर्वशी और ओमप्रकाश की हत्या का मामला

**एक** तरफा प्यार में विवाहित महिला व उसके पति के दोस्त की हत्या करने के आरोपी गब्बर उर्फ सोहराब अली को सत्र अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। इस पर पांच हजार 500 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। एडीजे विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने अपने फैसले में अभियुक्त के अपराध को विरल से विरलतम करार दिया है।

इसे फांसी के फंदे पर तब तक लटकाने का आदेश दिया है, जब तक कि मौत न हो जाए। उन्होंने फांसी की सजा की पुष्टि के लिए इस मामले की समस्त पत्रावली अविलंब हाईकोर्ट को भेजने का आदेश दिया है। सरकारी वकील कृष्ण कुमार साहू व दुष्यंत मिश्र ने सजा की बिंदु पर सुनवाई के दौरान आरोपी को अधिकतम दंड देने की मांग की थी। इनका कहना था कि यह सामान्य हत्या का मामला नहीं है। अभियुक्त ने सोची समझी योजना के तहत चाकू से गोदकर बकरियों की तरह वीभत्स व नृशंस तरीके से हत्या की है। उल्लेखनीय है कि नौ अक्तूबर 2012 को रात्रि में करीब आठ बजे उर्वशी तिवारी अपने पति के दोस्त ओमप्रकाश के साथ अपने तीन वर्षीय बच्चे की दवा लेने जा रही थी। आरोप है कि रामकृष्ण मठ के पास आरोपी ने चाकू से गोदकर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

इस घटना की सूचना मिलने पर उर्वशी के पति हरिप्रकाश तिवारी तुरंत मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को ट्रामा सेंटर ले गए। जहां उर्वशी को मृत घोषित कर दिया गया जबकि 17 अक्टूबर को इलाज के दौरान ओमप्रकाश की भी मौत हो गई। इस वारदात की एफआईआर उर्वशी के पति ने थाना हसनगंज में दर्ज कराई थी। बीते चार सितंबर को अदालत ने



गब्बर उर्फ सोहराब को दोषी करार दिया था। बुधवार को सजा की बिंदू पर सुनवाई के दौरान इसे जेल से जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पेश किया गया था। बीते 14 सितंबर को एनआईए, एटीएस की विशेष अदालत ने आईएसआईएस के आतंकी मोहम्मद फैसल व आतिफ मुज्जफर को फांसी की सजा सुनाई थी। 28 फरवरी 2023 को एनआईए, एटीएस की विशेष अदालत ने आईएसआईएस के सात सदस्य मो. फैसल, गौस मोहम्मद खान, मो अजहर, आतिफ मुज्जफर, मो दानिश, सैयद मीर हसन, आसिफ इकबाल उर्फ राकी को फांसी की सजा सुनाई थी। 16 सितंबर 2022 को राजधानी की एक फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोहरे हत्याकांड में आरोपी विजय प्रकाश शर्मा व धीरज शर्मा को फांसी की सजा सुनाई थी। 15 मार्च 2022 को छह साल की मासुम बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने वाले एक रिश्तेदार को पॉक्सो की विशेष अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। 30 सितंबर 2021 को पांच माह की दुधमुही बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने वाले रिश्तेदार को विशेष अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी। 24 जनवरी 2020 को राजधानी की एक सत्र अदालत ने अपनी पत्नी की मां और उसके भाई के अबोध बेटे व मासुम बेटी की हत्या करने वाले को फांसी की सुजाई थी। 17 जनवरी 2020 को छह साल की मासुम बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी निर्मम हत्या करने वाले को भी पॉक्सो की विशेष अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी। 29 अगस्त 2017 को पत्नी व अपने तीन मासुम बच्चों के कातिल पिता को भी राजधानी की एक अदालत फांसी की सजा सुना चुकी है।

# कनाडा ने जारी किया विचित्र यात्रा परामर्श

**नई दिल्ली।** कनाडा सरकार ने भारत में अपने नागरिकों के लिए अजीबो-गरीब यात्रा परामर्श जारी करते हुए उनसे सतर्क रहने और सावधानी बरतने के लिए कहा है। उसने सलाह में अपने नागरिकों को भारत में चरम मौसम की स्थिति, ट्रेन दुर्घटनाओं, जबरन विवाह, योग केंद्रों और आश्रमों में बलात्कार, हमलों और पूरे देश में खराब सड़क की स्थिति से अवगत कराते हुए रहने की चेतावनी दी है। यह कदम ऐसे समय आया है जब भारत और कनाडा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कूटनीतिक विवाद बढ़ गया है। कनाडा सरकार ने नई एडवाइजरी में दोनों देशों के हाल के घटनाक्रमों का हवाला देते हुए कहा है कि कुछ कनाडा के नागरिकों को जबरन शादी के लिए मजूबर किया है। कनाडा की आधिकारिक वेबसाइट Travel.gc.ca पर अपलोड की गई सलाह में दावा किया गया है। उन्हें परिवार के सदस्यों द्वारा धमकियों, धमकी और हिंसा का शिकार होना पड़ा है।

# दुनिया में विकास की भावना का पोषक है भारत

## ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 54वीं व ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की 9वीं पुण्यतिथि पर साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के अंदर विकास की भावना क्या होनी चाहिए, यह भारत ने ही दिया है। विगत नौ वर्षों से देश और दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत इसी भावना का प्रतिनिधित्व भी कर रहा है। सीएम योगी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज की 54वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की 9वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी के क्रम में प्रथम दिन बुधवार को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना का आधारशिला' विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक संकल्प दिया। उत्तर से दक्षिण तक तथा पूर्व से पश्चिम तक एक भावना से सभी को संबल प्रदान किया। देश के 120 जनपद नक्सल प्रभावित थे, पूर्वोत्तर अराजकता से भरा था। परए पीएम मोदी ने अपने नेतृत्व में भेदभाव की भावना को समाप्त कर, विकास की योजनाओं से जोड़कर इन सभी क्षेत्रों को विकास की धारा में ला दिया। कश्मीर हो या कन्याकुमारी, अरूणांचल हो या द्वारिकापुरी, सभी देशवासियों को सीधे विकास की परियोजनाओं से जोड़कर एक दूसरे राज्यों से परस्पर संबंध बनाकरए भारत को समानभाव से समझने का अवसर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लाल किला से पंच प्रण का संकल्प लेकर देशवासियों को यह भाव दिया कि हमें एक विकसित भारत का निर्माण करना है। जो गुलामी के प्रतीक हैं, उनसे मुक्ति पाकर स्वदेशी पर गर्व करते हुए आत्मनिर्भर बनाना होगा। एक तरफ गुलामी के अंश पर विराम लगाना है तो दूसरी तरफ अपनी विरासत पर गौरव करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भारत देश ऐसा है जहा जन्म लेना दुर्लभ है, उसमें भी मनुष्य के रूप में जन्म लेना सौभाग्य की बात है। हमें अपने तीर्थ, धर्म ग्रंथ और संस्कृति पर गर्व करने के साथ हर नागरिक से समान व्यवहार करना चाहिए। साथ ही अपने कर्तव्यों के प्रति सभी को जागरूक रहना होगा। पीएम मोदी के पंच प्रण ने देश में एक भाव पैदा किया है जिससे हम सभी का दायित्व राष्ट्र प्रथम का ही गया है। सीएम योगी ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज व ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज ने अपना पूरा जीवन भारत और भारतीयता के लिए समर्पित कर दिया। इन महापुरुषों के आदर्शों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण को अपने दायित्व से जोड़कर हम सभी एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को सिद्ध करेंगे।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उपाध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि गोरक्षपीठ में आकर अनुभव हो रहा है कि यहां एक भारत श्रेष्ठ भारत ही नहीं बल्कि एक भारत सर्वश्रेष्ठ भारत का भाव है। हमारे देश में जय जवान, जय किसान के उदघोष में प्रधानमंत्री ने जय विज्ञान जोड़ा है। आने वाले समय में उसमें जय ज्ञान जोड़ा जाएगा क्योंकि देश पूरे विश्व को अपने ज्ञान से आलोकित कर रहा है। नौ राज्यों में अपने कार्य के अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी राज्यों में एक भारत श्रेष्ठ भारत का भाव देखा है। चंद्रयान 3 की सफलता ने भारत की श्रेष्ठता मानने को पूरे विश्व को विवश कर दिया है। जी 20 में पूरा विश्व भारत की सांस्कृतिक विरासत और क्षमता का दर्शन किया है। 500 वर्ष पहले गोस्वामी तुलसीदास ने विकसित भारत के स्वरूप को अपने कुछ चौपाइयों में परिभाषित किया है। भारत के प्रधानमंत्री ने संकल्प से सिद्ध का नारा देकर देशवासियों को अपने देश को श्रेष्ठ बनाने के लिए संकल्पित कराया है। हमारे प्रगतिशील देश में विकसित होने का भाव ही आज नए भारत की संकल्पना को पूरा कर रहा है। विशिष्ट वक्ता उच्च शिक्षा आयोग प्रयागराज के अध्यक्ष प्रो ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने कहा कि यह सभागार चेतना का सभागार है। यहां जो धूनी जलती है वह निरंतर राष्ट्रीय चेतना को जाग्रत करती है। आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसी चेतना को विश्व पटल पर ला रहे हैं। यह भारत भूमि ऐसी भूमि है जहां देवता भी आने के लिए लालायित रहते हैं। आज एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना कैसे सिद्ध होगी इस पर पीएम मोदी ने विचार किया और देश के करोड़ों जनमानस को इसके लिए आह्वान किया। बात जम्मू कश्मीर की होए तमिलनाडु की होए मेघालय की हो या पांडिचेरी की हो। सबको आवश्यकता के अनुसार बजट दिया और विकास के लिए उचित निर्देशन भी किया। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन मंहत दिग्विजयनाथ महाराज अपने पूरे जीवन में भारत को श्रेष्ठ बनाने की संकल्पना के साथ संघर्ष करते रहे। उन्हीं के पदचिन्हों पर ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज समाज का नेतृत्व करते रहे। अशर्फी भवन अयोध्या से पधारे जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्रीधराचार्य महाराज ने कहा कि भारत केवल भूमि नहीं है अपितु भारत माता हमारी दैवीय शक्ति है। यहां रहने वाले विविधता में भी एकता की भावना रखते हैं। हमें भारत के गौरव के लिए व भारत की एकता के लिए सदैव मिलकर काम करना चाहिए। यह समन्वय यदि पूरे भारत में हो जाय तो यह देश निश्चित ही श्रेष्ठ बनकर रहेगा। आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस तरह प्रदेश का समन्वय के साथ विकास कर रहे हैं उससे पूरा देश आज प्रभावित है। बड़ोदरा से पधारे महंत गंगादास जी महाराज ने कहा कि आजाद भारत में हमारे राजनेता समाज को जातियों और संप्रदायों में बांटकर देश को कमजोर करते रहे। पिछले कुछ वर्षों में देश के प्रधानमंत्री के प्रयास से देश में एकता की भावना लाकर देश को श्रेष्ठता प्रदान किया जा रहा है।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति प्रो उदय प्रताप सिंह ने स्वागत एवं प्रस्ताविकी में कहा कि हमारा राष्ट्र पांच तत्वों से बना हुआ है। जिसमें सामाजिक समरसता व विश्व बंधुत्व की भावना है जो भारत को श्रेष्ठ बनाती है। भारत में विभिन्नता है फिर भी भारत एक है, इसीलिए भारत श्रेष्ठ है और भारत विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। संगोष्ठी में महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के हिंदी के प्रवक्ता तथा योगवाणी के संपादक डॉ फूलचंद प्रसाद गुप्त की पुस्तक 'भोजपुरी सतसइ' का विमोचन अतिथिगण द्वारा किया गया। वैदिक मंगलाचरण डॉ रंगनाथ त्रिपाठी, गोरक्षाष्टक पाठ आदित्य पांडेय व गौरव तिवारी, दिग्विजयस्त्रोत पाठ डॉ अभिषेक पांडेय, महंत अवेद्यनाथस्त्रोत पाठ डॉ प्रांगेश कुमार मिश्रा तथा संचालन माधवेंद्र सिंह ने किया।

# जनता की समस्याओं का कराएं संतुष्टिपरक समाधान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर



**गोरखनाथ** मंदिर में बुधवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि बिलकुल मत घबराइए, सरकार आपके साथ है। प्रभावी कार्रवाई करते हुए सबकी समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा। उन्होंने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उनका संतुष्टिपरक समाधान कराएं। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में बुधवार सुबह जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। उनकी बात इत्मीनान से सुनने के बाद पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले भरोसे से बहुत संबल मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जन स्वास्थ्य की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आये बच्चों को भी मुख्यमंत्री ने खूब दुलारा। उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और चॉकलेट के साथ खूब पढ़ने, आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

# यूपी में एक साल में आए 30 करोड़ पर्यटक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** ने कहा कि पिछले एक वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश के अंदर 30 करोड़ पर्यटक धार्मिक दृष्टि के अलग-अलग पवित्र धामों का दर्शन करने आए। यह 30 करोड़ केवल संख्या नहीं है बल्कि इसके पीछे पूरा एक इको सिस्टम छिपा हुआ है। इनसे वाहन संचलन से जुड़े लोगों, फूल, प्रसाद बेचने वालों, होटल, धर्मशाला और रेस्टोरेंट कारोबार से जुड़े और अन्य भी तमाम लोगों को रोजगार मिला होगा, उनकी आजीविका समृद्ध हुई होगी। सीएम योगी ने कहा कि सिर्फ सावन के माह में अकेले काशी विश्वनाथ धाम में लगभग 2 करोड़ श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। जबकि पहले इतनी बड़ी संख्या में लोग नहीं आते थे। अब काशी विश्वनाथ धामए भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्याए मथुरा.वृंदावनए मां विंध्यवासिनी धाम में सुविधाएं बढ़ींए दर्शन में आसानी हुई तो बड़ी संख्या में लोग वहां जा रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि जिस रामगढ़ताल में लोग छह साल पहले आने से डरते थे, जो अपराध का अड्डा हुआ करता था उसी रामगढ़ताल में क्रुज का संचालन बहुत जल्द होने जा रहा है। ताल में सी प्लेन की सेवा शुरू करने के लिए भी प्रशासन को कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया है। एक फ्लोटिंग जेट्टी पर सी प्लेन से उतरेंगे और उड़ेंगे। यहां शीघ्र चलने वाले क्रूज में लोग बर्थडे पार्टी, मांगलिक कार्यक्रमों का आनंद उठा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन स्थलों पर सुविधा मिल रही है तो हम सबका दायित्व बनता है कि इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखें। स्वच्छ स्थानों पर पान, गुटका खाकर न थूकें। प्लास्टिक के सामान न फेकें। हवा के झोंके से प्लास्टिक यहां से वहां जाएगा। गाय खाएगी तो बीमार हो जाएगी। नाले में जाएगा तो पानी ब्लॉक हो जाएगा और इससे डेंगू, इंसेफ्लाइटिस, चिकनगुनिया, मलेरिया जैसी बीमारियां होंगी। गंदगी रहेगी तो बाहर के लोग भी नकारात्मक टिप्पणी करेंगे। इसलिए खुद गंदगी न फैलाएं और न ही दूसरों को फैलाने दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में स्पिरिचुअल टूरिज्म के साथ इको टूरिज्म की बहुत सारी साइट्स हैं। कर्तनिया पहले से विख्यात हैए सोहगीबरवा को भी इको टूरिज्म से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में संभावनाओं को विकसित करने के लिए सरकार कनेक्टिविटी अच्छी कर रही है। एक्सप्रेस हाईवे, फोरलेन बनाए गए। एयर कनेक्टिविटी मजबूत की गई। 2017 तक उत्तर प्रदेश में केवल दो एयरपोर्ट क्रियाशील थे आज 9 एयरपोर्ट क्रियाशील है। 12 नए एयरपोर्ट क्रियाशील होने वाले हैं। गोरखपुर को ही देखें तो 2017 के पहले एक फ्लाइट कभी.कभी आती थीए साल में 6 महीने चल पाती थी। जबकि आज गोरखपुर से देश के प्रमुख नगरों के लिए 14 फ्लाइट चल रही है। गोरखपुर से ट्रेन की अच्छी सुविधा है। यहां वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ प्रधानमंत्री कर चुके हैं। सीएम ने कहा कि पर्यटन स्थलों पर स्थानीय भाषा के साथ उन राज्यों या देशों की भाषा में भी साइनेज लगें जहां से अधिक पर्यटक आते हों। साथ ही स्थानीय युवाओं को गाइड के रूप में ट्रेनिंग देकर उन भाषाओं की भी सामान्य जानकारी दी जाए। उन पर्यटकों की भाषा में आवागमन व रहने ठहरने की सुविधा की जानकारी भी पर्यटन स्थलों पर दर्ज हो। मुख्यमंत्री ने पर्यटन के क्षेत्र में गाइड के साथ होम स्टे से भी रोजगार को बढ़ावा देने को प्रोत्साहित किया। साथ ही कहा कि मंदिरों में चढ़ाए जाने वाले फूलों को एकत्र कर अगरबत्ती, इत्र, धूप बनाने का कारोबार शुरू किया जाना चाहिए। इसका अपशिष्ट कम्पोस्ट के काम आ जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में स्प्रिचुअल और हेरिटेज टूरिज्म का केंद्र बनने की क्षमता है। यहां आध्यात्मिक दृष्टि से गीता प्रेस है तो धार्मिक दृष्टि से गोरखनाथ मंदिर। इको टूरिज्म की दृष्टि से देखेंगे तो रामगढ़ ताल जैसा अच्छा लाल है। हेरिटेज टूरिज्म की तरफ देखें अमर सेनानी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल को यही गोरखपुर के जेल में फांसी दी गई थी। उनके अस्थि कलश लालडिग्गी में हैं। गोरखपुर में ही 1857 के महान क्रांतिकारी वीर बंधू सिंह को फांसी दी गई थी। इसी जनपद में आजादी की लड़ाई को निर्णायक दिशा देने वाली चौरीचौरा की धरती है तो सेनानियों की धरती डोहरिया भी। इन सबको हेरिटेज टूरिज्म की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है।

# अब डीएक्सएन कोड से पहचाना जाएगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

## कोड यात्रियों और एविएशन प्रोफेशनल्स को भ्रम और गलतियों से बचने में करेगा मदद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा

**प्रदेश** में एयर कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई पर ले जाने का जो सपना सीएम योगी ने देखा था, वो अब पूरा होता दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने बुधवार को अपने इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन कोड का अनावरण किया। डीएक्सएन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का आधिकारिक आईएटीए लोकेशन आइडेंटिफायर या तीन.अक्षर का कोड होगा। कोड असाइन होने से, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अपने ग्राहकों के और करीब आ गया है जो विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर एयरपोर्ट की पहचान करने में सक्षम होंगे। एयरपोर्ट का संचालन शुरू होने के बाद सक्रिय होने वाला कोड यात्रियों और एविएशन प्रोफेशनल्स को किसी भी भ्रम और गलतियों से बचने के लिए तेजी से और सटीक रूप से डेस्टिनेशंस की पहचान करने और संवाद करने में मदद करेगा। उल्लेखनीय है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट स्विस टेक्नोलॉजी और एफिसिएंसी के साथ भारतीय कल्चर और हॉस्पिटैलिटी के संगम के रूप में आधुनिक व यूजर फ्रेंडली डिजाइन के जरिए न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव के लिए प्रतिबद्धता के साथ संचालन के लिए तैयार हो रहा है। इसे जेवर एयरपोर्ट के नाम से भी जाना जाता है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफश्नेलमैन ने कहा कि ष्दुनिया के सबसे बड़े शहरी समूहों में से एक भारत का नेशनल कैपिटल रीजन एक दूसरे हवाई अड्डे का हकदार है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट इस लंबे समय से चले आ रहे सपने को वास्तविकता बना देगा और हम अपने तीन अक्षर आईएटी, कोड को पाने के लिए उत्साहित हैं, जो एयरपोर्ट के परिचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हम रीजन के नए इकॉनमिक और कल्चर हब में पैसेंजर्सए कस्टमर्स और पार्टनर्स का स्वागत करने के लिए तत्पर हैं। सीओओ किरण जैन ने बताया कि अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का कोड डीएक्सएन है। एयरपोर्ट को अब पूरी दुनिया में इसी कोड से जाना जाएगा। यह एक यूनीक कोड है जिसका ये मतलब है कि जब भी आप कोई टिकट बुक करेंगे तो हमें डीएक्सएन से पहचाना जाएगा। ये कोड सिर्फहम ही यूज कर सकते हैं। ये कभी भी चेंज नहीं होगा। एक तरीके से यह हमारा पिन कोड होगा। एयरपोर्ट का निर्माण तेजी से प्रगति कर रहा है। टाटा प्रोजेक्ट्स को ईपीसी कंस्ट्रक्शन कांट्रैक्ट दिए हुए एक साल से अधिक समय हो गया है। मौजूदा समय में पैसेंजर टर्मिनल की छत के लिए आवश्यक संरचनात्मक स्टील पर काम किया जा रहा है। एटीसी टॉवर अब 30 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर खड़ा हो चुका है। इसके अतिरिक्त, रनवे की पूरी लंबाई के साथ सबग्रेड कार्य प्रगति पर है।

# बुंदेलखंड में वर्ल्ड क्लास इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए कुशल प्लानर की होगी नियुक्ति

## योगी कैबिनेट के फैसले को अमली जामा पहनाने में जुटा यूपीसीडा प्रबंधन

**लखनऊ/कानपुर।** झांसी में बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) की स्थापना के लिए दक्ष और कुशल प्लानर की नियुक्ति की जाएगी। यूपीसीडा ने अपनी बोर्ड मीटिंग में इस पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रबंधन के अनुसार प्रदेश में लगभग 47 वर्ष के बाद एक नई टाउनशिप के विकास का प्रस्ताव है। इसलिए एक वर्ल्ड क्लास इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित करने के लिए बहुत ही दक्ष एवं कुशल प्लानर को नियुक्त किया जाएगा, जो इस योजना को मूर्त रुप देंगें। इस निर्णय से बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी, जिससे रोजगार सृजन भी होगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में योगी कैबिनेट ने बीडा के गठन के साथ ही नए इंडस्ट्रियल टाउनशिप के निर्माण के प्रस्ताव को अनुमोदित किया था। अब यूपीसीडा इसे मूर्त रूप देने में जुट गया है। यूपीसीडा की बोर्ड मीटिंग में कई और विषयों पर भी निर्णय लिए गए। इसके तहत दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ कॉरिडोर परियोजना से आच्छादित यूपीसीडा के चिन्हित भूखंडों को रीजनल रैपिड, ट्रांजिट सिस्टम से जोड़ा जाएगा, जिससे आस पास के औद्योगिक क्षेत्रों की अवस्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके साथ ही नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड को औद्योगिक क्षेत्र सूरजपुर साइट 5 में 33/11 केवी विद्युत सबस्टेशन की स्थापना के 1000 वर्ग मी का भूखंढ आवंटित किया गया है, जिससे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी, जिसके फलस्वरुप उत्पादन में सुगमता सुनिश्चित होगी। 155 औद्योगिक क्षेत्रों में सेफ इंडस्ट्रियल एरिया के क्रियान्वयन के लिए सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसके तहत सड़क, नाली, पुलिया, स्ट्रीट लाइट, जल निकासी, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, उद्यान एवं सभी औद्योगिक क्षेत्रों को सुरक्षित बनाने के लिए सेफ औद्योगिक क्षेत्र परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# वरासत और विकास के साथ स्मार्ट सिटी के तौर पर बनी बनारस की पहचान

## इंदौर में इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव-2023 में राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हुए वाराणसी स्मार्ट सिटी के सीईओ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ वाराणसी



**ब्रांड** बनारस की पहचान विश्व में विरासत और विकास के साथ स्मार्ट सिटी के तौर पर होने लगी है। शहरी एवं आवास कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंदौर में आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव 2023 में वाराणसी को उत्तरी जोन में बेस्ट स्मार्ट सिटी का अवार्ड दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को वाराणसी स्मार्ट सिटी के सीईओ और नगर आयुक्त शिपू गिरि को सम्मानित किया। परियोजनाओं के समय से क्रियान्वयन, सक्सेस स्टोरीए परियोजनाओं की उपयोगिता, कुशल जनसहभागिता एवं फ़ीडबैक प्रणाली के आधार पर पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।

आयोजन में प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इसमें वाराणसी के प्रमुख कार्यों को मॉडल के माध्यम से दर्शाया गया है। जिसका बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अवलोकन किया। वाराणसी में लगे 3000 एडवांस सर्विलांस कैमरे से वहां के सुरक्षा कवच को लाइव दिखाया गया। इसके अलावा रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, मच्छोदरी मॉडल स्कूल, वाराणसी की गलियों का अत्याधुनिक तरीके से विकास, इंटीग्रेटेड सिटी कमांड सेंटर आदि का प्रदर्शन किया गया।

वाराणसी स्मार्ट सिटी के पीआरओ शाकंभरी नंदन सोन्थालिया ने बताया कि शहरी एवं आवास कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इंदौर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड कंटेस्ट में वाराणसी स्मार्ट सिटी को उत्तरी जोन में बेस्ट सिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान मुख्य कार्यकारी अधिकारी, वाराणसी स्मार्ट सिटी शिपू गिरि ने ग्रहण किया। मुख्य महाप्रबंधक वाराणसी स्मार्ट सिटी डॉ. डी वासुदेवन ने इस पुरस्कार को समस्त काशीवासियों का सम्मान बताते हुए कहा कि वाराणसी का अलौकिक एवं आध्यात्मिक रूप के साथ यह आधुनिक संगम काशी के विकास को उदीयमान कर रहा है। मंडलायुक्त व अध्यक्ष वाराणसी स्मार्ट सिटी कौशल राज शर्मा ने काशीवासियों को शुभकामना देते हुए इसे गर्व का विषय बताया। साथ ही कहा कि भविष्य में भी वाराणसी स्मार्ट सिटी के अंतर्गत शहर के चहुमुंखी विकास के लिए तत्पर रहेगी। ब्रांड बनारस बनी काशी की चर्चा जितनी पौराणिकता के लिए होती है, अब उतनी ही वाराणसी की अत्याधुनिकता के लिए भी होने लगी है। 2017 में उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद वाराणसी को स्मार्ट बनाने की कवायद शुरू हुई।

## इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव में यूपी का बेहतरीन प्रदर्शन, 10 अलग-अलग श्रेणियों में मिले पुरस्कार

**लखनऊ/ इंदौर।** केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव 2023 में उत्तर प्रदेश को विभिन्न श्रेणियों में 10 पुरस्कार हासिल हुए हैं। वहीं प्रदेश के कई शहरों को अलग अलग श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया है। देश की सौ स्मार्ट सिटी के बीच विभिन्न श्रेणियों में कान्टेस्ट का आयोजन बीते वर्ष केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने कराया था, जिसमें उत्तर प्रदेश का आगरा शहर टॉप थ्री में स्थान बनाने में कामयाब हुआ है। दो दिन तक इंदौर में आयोजित हुए कॉन्क्लेव में बुधवार को पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यूपी को तीसरा बेस्ट स्टेट अवार्ड भी प्रदान किया। प्रदेश सरकार की ओर से प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात, व स्मार्ट सिटी मिशन डायरेक्टर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने पुरस्कार ग्रहण किया। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी नगर निगमों में स्मार्ट सिटी के साथ.साथ सेफ सिटी बनाये जाने का कार्य भी प्रगति पर है। इनमें इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर, आईटी के विभिन्न कम्पोनेंटए सीसीटीवी इत्यादि तथा महिलाओं, वृद्धों, दिव्यांगों व बच्चों के लिए जरूरी सुविधायें और सेवाएं उपलब्ध कराये जाने की कार्रवाई जारी है। इन प्रयासों का परिणाम भी धरातल पर दिखाई देने लगा है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम इस्माइल खान से बदलकर मो0 इस्माइल पुत्र अब्दुल मजीद कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी–सल्लाहपुर अकबरपुर प्रयागराज।

**सूचना**

मैंने अपना नाम किशन गुप्ता से बदलकर किशन कुमार गुप्ता पुत्र कैलाश चन्द्र गुप्ता कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी–117/353 ओ ब्लाक गीता नगर नवीन नगर काकादेव कानपुर नगर।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरे सेना के रिकॉर्ड में गलती से मेरे पुत्र का नाम RISHAV DHAR DWIVEDI अंकित हो गया है, किन्तु उसके सभी दस्तावेजों में सही नाम RISHABH DHAR DWIVEDI दर्ज है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना जाए। दुर्गेश धर दिवेदी, ग्राम– ज्ञानीपुर रामप्रसाद, पोस्ट– अंधियारी, तहसील– मनकापुर, गोंडा, यूपी–271302

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने मझिला पुत्र संदीप को उसके आचार व्यवहार वह अपराधी गतिविधि में लिप्त होने के कारण अपनी समस्त चल वा अचल संपत्ति से बेदखल करती हूँ भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी गलत कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा और मेरे परिवार की कोई वास्ता नहीं होगी भगवान देई पत्नी स्व0 राधेलाल निवासी – फरीदीपुर दुबग्गा थाना ठाकुरगंज लखनऊ

PPGCL
PRAYAGRAJ POWER GENERATION COMPANY LTD.
**Regd Office:** Shatabdi Bhawan, B12 & 13, Sector 4, Gautam Budh Nagar, Noida, Uttar Pradesh-201301
**Plant Adress:** PO- Lohgara, Tehsil-Bara, Prayagraj(Allahabad), Uttar Pradesh-212107
**Phone :** +91-120-6102000/6102009 **CIN:** U40101UP2007PLC032835

**NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST**

**Prayagraj Power Generation Company Limited** invites expression of interest (EOI) from eligible vendors for Procurement of services for **"24*7 O&M SERVICES OF OHC-PPGCL"** of 3x660 MW Thermal Power Plant at Prayagraj Power Generation Company Limited, Bara, Dist. Prayagraj, Uttar Pradesh, India.
Details of pre-qualification requirements, bid security, purchasing of tender document etc. may be downloaded using the URL-https://www.ppgcl.co.in/tenders.php Eligible vendors willing to participate may submit their expression of interest along with the tender fee for issue of bid document latest by 9th October 2023.

**परिशिष्ट IV-A**
**(नियम 8(6) का नियम देखे)**
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई– निलामी बिक्री सूचना।
सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड [CIN: L65922DL2005PLC136029] (''सुरक्षित लेनदार द्वारा'')** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **31.10.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक **''जहां है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है''**, की वसूली के लिए **ऋण खाता नं. HHLKAN00483124** के लिए **रु. 1,20,32,707/- (रुपए एक करोड़ बीस लाख बत्तीस हजार सात सौ सात मात्र)** के लिए **22.09.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **23.09.2023** से प्रभावी जो **नीतू सिंह, अजय सिंह, सीमा देवी, प्रधुम्न सिंह और स्वामी लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।
अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 1,31,00,000/- (रुपए एक करोड़ इकतीस लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(''ईएमडी'') रु. 13,10,000/- (रुपए तेरह लाख दस हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**आवासीय संपत्ति बेअरिंग मकान नंबर एच.एस./10 का वह सारा भाग और खंड, जिसका माप 308.87 वर्ग मीटर है, स्कीम नंबर 2, ब्लॉक नंबर एक्स–1, कृष्णापुरम, कानपुर–208012, उत्तर प्रदेश और जो निम्नानुसार सीमाबद्ध है:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूर्व | : 30 फीट चौड़ी सड़क | उत्तर | : डिफेंस की जमीन |
| पश्चिम | : मकान नंबर एच. एस./13 | दक्षिण | : मकान नंबर एच. एस./9 |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही/–
दिनांक : 23.09.2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : कानपुर इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

# हरिहर नगर पहुंचे नगर विकास मंत्री, देखी सफाई व्यवस्था

## अव्यवस्था के लिए जिम्मेदारों पर होगी सख्त कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने निकायों को स्वच्छ बनाने के लिये चलाये गये 154 घंटे के स्वच्छता महाभियान के अन्तर्गत बुधवार को लखनऊ नगर निगम के जोन 7 के अन्तर्गत स्माइलगंज प्रथम वार्ड के हरिहर नगर का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने सफाई व्यवस्था, नाले नालियों की सफाई, कूड़ा उठान की व्यवस्था देखी तथा स्थानीय लोगों से उनकी समस्याये जानी। मंत्री को इंदिरा नगर के स्माइलगंज प्रथम वार्ड में गंदगी के कारण स्थानीय लोगों के डेंगू से बिमार होने की शिकायत मिली थी। नगर विकास मंत्री ने वार्ड के डेंगू प्रभावित 6 लोगों से उनके घर जाकर मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की। इसमें उन्होने मकान नं0. डी 62 की निवासी शालिनी मौर्य और उनके डेंगू प्रभावित 10 वर्षीय बच्चे आरूष मौर्य से मिलेए डी 60 की निवासी कविता चौधरी व अल्का चौधरी से मुलाकात की। इसी प्रकार मकान नं. डी 70, और डी 45 के निवासी तथा प्रखर ज्वैलर्स के यहां जाकर मरीजों से मिले। इस दौरान उन्होने लोगों को मच्छरदानी का प्रयोग करने तथा पूरे बदन के कपड़े पहनने को कहाए कहीं पर भी गमलों, कूलर, बर्तन आदि में जल भरा न हो। पानी की टंकियों को ढककर रखने की सलाह भी दी। उन्होने स्थानीय लोगों से अपने घरों के आस-पास तथा गलियों को साफसुथरा बनाये रखने को भी कहा। निरीक्षण के दौरान स्माइलगंज प्रथम वार्ड के निवासियों ने मंत्री जी से शिकायत में कहा कि यहां पर नाले नालियों की सफाई नहीं की जा रही है। घर-घर कूड़ा उठान भी नहीं होता और न ही कूडे के ढेर को साफ किया जाता है। चारों ओर गंदगी फैलने के कारण लोग बिमार पड़ रहे है। यहां पर न तो कभी फागिंग हुयी और न ही एन्टी लार्वा का छिड़काव किया गया। वार्ड के निवासियो ने वहां के सुपरवाइजर दीप उपाध्याय तथा सफाई कान्ट्रेक्टर रणधीर सिंह की लापरवाही पूर्ण कार्यों की भी शिकायत की। लोगों ने बताया कि प्रखर ज्वैलर्स के सामने सड़क किनारे नाली न बने होने से खाली प्लाट में पानी भरने से भी यहां पर परेशानी हो रही है। नगर विकास मंत्री नगर निगम के मौजूदा अधिकारियों को डेंगू की रोकथाम के लिये वार्ड में नियमित फागिंग कराने तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराने के भी निर्देश दिये। वार्ड की नियमित सफाई कराने तथा नाले.नालियों की भी सफाई कराने को भी कहा। वार्ड में कही पर भी कूड़ा इकट्ठा न होए नियमित रूप से कूडा उठान किया जाये तथा डोर टू डोर कूडा कलेक्शन भी कराया जाये।

उन्होंने वहा की अधूरी नाली एवं सड़क के निर्माण के लिये मुख्य अभियंता महेश वर्मा को शीघ्र ही डीपीआर बनाने के निर्देश दिये। मंत्री ने वहां पर संचालित किये जा रहे मेडिकल कैम्प का भी निरीक्षण किया तथा उपस्थित चिकित्सकों से भी बात की। उन्होने वार्ड में साफसफाई सुनिश्चित करने के लिये सफाई इंस्पेक्टर को भी सख्त हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान वार्ड के पार्षद मुकेश चौहान, अपर नगर आयुक्त अवनीन्द्र सिंह, मुख्य अभियन्ता महेश वर्मा, बड़ी संख्या में वार्ड के निवासी मौजूद रहे।

# लापरवाही: क्लासरूम में सोती रही बच्ची ताला लगाकर घर चले गए शिक्षक

- ग्रामीणों ने किया सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, प्रिंसिपल निलम्बित

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**सिसेण्डी** में घर लौटने की जल्दबाजी में प्राइमरी स्कूल के शिक्षक छह साल की बच्ची को क्लास रुम में बन्द कर चले गए। नींद से जगी बदहवाश बच्ची एक घण्टे तक मदद के लिए खिड़की से चीखती रही। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर पहुंचे दुकानदार ने प्रधान को सूचना दी। तब जाकर बच्ची को क्लास रुम से बाहर निकालकर घर भेजा गया। मामले में बीएसए ने स्कूल की प्रिंसिपल को सस्पेण्ड कर दिया है।

मोहनलालगंज के सिसेण्डी निवासी रिंकू शर्मा की मासूम बेटी महक गांव के प्राइमरी स्कूल में पहली कक्षा की छात्रा है। बुधवार की दोपहर 2 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद इंचार्ज प्रधानाध्यापिका व शिक्षक और शिक्षामित्र सभी क्लासरुम में ताला लगाकर घर चले गए। जबकि झपकी आने से अपने क्लासरुम में सो रही मासूम महक की ओर किसी ने ध्यान ही नही दिया। कुछ देर बाद नींद टूटी तो खुद को क्लासरुम में बन्द पाकर बदहवाश बच्ची फूट.फूटकर कर रोने लगी। बच्ची ने हिम्मत दिखाई और बेंच पर चढ़कर क्लासरुम की खिड़की खोलकर मदद के लिए चीखने लगी। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर पड़ोस के किराना दुकानदार प्रांशू विश्वकर्मा दौड़कर खिड़की के पास पहुंचे और मासूम महक को सांत्वना देकर उसे पानी पिलाया। फिर ग्राम प्रधान को सूचना देकर बच्ची के क्लासरुम में फंसे होने की जानकारी दी।

खण्ड शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह ने बताया छुट्टी के समय स्कूल के बाहर गणेश विसर्जन यात्रा निकल रही थी। जिससे बच्चे उसे देखने के लिए स्कूल के बाहर आ गए। जबकि फर्स्ट क्लास में एक बच्ची सोती रह गई। शिक्षकों ने क्लासरुम ठीक तरह से चेक नही किया और ताला लगाकर चले गए। हालांकि सूचना मिलते ही शिक्षामित्र ने स्कूल पहुंचकर बच्ची को बाहर निकालकर घर भेज दिया। स्कूल की इंचार्ज प्रिंसिपल पर कार्रवाई की गई है।

### ग्रामीणों ने किया हंगामा कार्रवाई की मांग

**मासूम** महक के क्लासरुम में बन्द रह जाने की भनक लगते ही प्राइमरी स्कूल के बाहर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इसी बीच स्कूल पहुंचे शिक्षामित्र ने ताला खोलकर बच्ची को बाहर निकाला और वहां पहुंचे उसके परिवार को सौंप दिया। हालांकि लापरवाही को लेकर भड़के ग्रामीणों ने शिक्षामित्र को खरी.खोटी सुना दी। यही नही गांव के लोगों ने हंगामा कर क्लासरुम में फंसी बच्ची का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर कार्रवाई की मांग शुरु कर दी।

### बीएसए ने तलब की रिपोर्ट, इंचार्ज सस्पेण्ड

**प्राइमरी** स्कूल सिसेण्डी में पहली कक्षा की मासूम छात्रा के क्लासरुम में बन्द रह जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। अफसरों ने फौरन खण्ड शिक्षा अधिकारी से रिपोर्ट तलब की। जिसके बाद बीएसए अरुण कुमार ने स्कूल की इंचार्ज प्रिंसिपल प्रमिला अवस्थी को लापरवाही का दोषी मानकर सस्पेण्ड कर दिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय को मामले की जांच सौंपी गई है।

# निपुण लक्ष्य समय से पूर्ण किये जाएं: दीपक कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन और बेहतर ढंग से किया जाये इसमें किसी प्रकार ढिलाई नहीं की जायें। निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही करायी जाये और निपुण लक्ष्य को समय से ही पूरा किया जाये इसका विशेष ध्यान रखा जाये। अर्न्तजनपदीय के अन्तर्गत स्थानान्तरित शिक्षक शिक्षिकाओं का वेतन व एरियर का भुगतान की नियमानुसार कार्यवाही करते हुए किया जाये। परिषदीय प्राथमिक,उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को दी रही शिक्षा को और बेहतर ढंग से प्रदान किया जाय, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाये।

बुधवार को अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार ने योजना भवन में विभागीय समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विद्यालयों में सभी निर्धारित मानक बिन्दुओ पर आवश्यक कार्यवाही कराते हुए विद्यालयों के संतृप्तीकरण का कार्य कराया जाये तथा विद्यालयों एवं शौचालयों की साफ-सफाई व अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जाये।

उन्होंने विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण के तहत अविद्युतीकृत विद्यालयों में विद्युत व्यवस्था कराये जाने, गुणवत्ता शिक्षा के तहत निपुण लक्ष्य ऐप पर आंकलन की प्रगति, शिक्षक संकुल, एसआरजी एवं एआरपी द्वारा निपुण विद्यालय बनाये जाने के कार्ययोजना एवं प्रगतिए जनपद के विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के संचालन एवं विद्यालयों में लगाये गये हमारे शिक्षक बोर्ड को अद्यतन किये जाने की समीक्षा की।

अपर मुख्य सचिव ने बालिका शिक्षा के तहत बालिकाओं का शत-प्रतिशत नामांकन एवं आधार वेरिफिकेशन, शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों के चयन की प्रगति, कक्षा.9 की बालिकाओं का रजिस्ट्रेशन कराने की प्रगति, विद्यालयों के उच्चीकरण हेतु निर्माण कार्यों की प्रगति तथा समेकित शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को डीबीटी के माध्यम से स्टाइपेण्ड एवं एस्कॉर्ट एलाउंस बच्चों को दिये जाने तथा समर्थ एप पर दिव्यांग बच्चों के पहचान एवं नामांकन में वृद्धि की समीक्षा की।

# तेज बुखार के साथ बच्ची को आए झटके, लोकबन्धु में तोड़ा दम

- न्यूरोलॉजिकल डिसआर्डर का शिकार थी बच्ची, पिता को भी आ रहा बुखार

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**न्यूरोलॉजिकल** डिसआर्डर का शिकार मासूम बच्ची की मंगलवार की शाम बुखार आने के बाद हालत बिगड़ती चली गई। बुधवार की सुबह बच्ची को तेज बुखार के साथ झटके आने लगे। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से बच्ची को बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। लोकबन्धु अस्पताल ले जाने के कुछ देर बाद ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। उधर बच्ची के पिता भी बुखार की चपेट में हैं। मोहनलालगंज नगर पंचायत के बिन्दौवा निवासी टेण्ट व्यवसायी विनोद साहू ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि हैं। उनकी पांच साल की बच्ची छवि साहू जन्म से चलने.फिरने में लाचार थी। मंगलवार की शाम बच्ची को मामूली बुखार आ गया। दवा देकर बच्ची को सुला दिया गया। बुधवार की सुबह बच्ची को तेज बुखार के साथ झटके आने लगे। पिता विनोद फौरन उसे नजदीक के निजी अस्पताल ले गए। हालांकि हालत गंभीर देखकर डाक्टर ने बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी। मासूम छवि को गोद में लेकर पिता विनोद लोकबन्धु अस्पताल पहुंचे। डाक्टर बच्ची का परीक्षण कर ही रहे थे तभी उसने दम तोड़ दिया। पिता विनोद साहू भी तीन दिन से बुखार की चपेट में हैं और डाक्टर की सलाह पर दवाएं ले रहे हैं।

**यह कहते हैं अधीक्षक:** सीएचसी अधीक्षक डा अशोक कुमार ने बताया बिन्दौवा में बच्ची के मौत की जानकारी नही है। बच्ची की मौत कैसे हुई इसकी जांच की जाएगी। सीएचसी में फिलहाल सभी तरह के ब्लड टेस्ट के लिए सैम्पल लेकर लोकबन्धु अस्पताल भेजे जा रहे हैं। बुधवार को भी एक सौ मरीजों के ब्लड सैम्पल जांच के लिए भेजे गए।

# लखनऊ में डेंगू के 29 रोगी मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** जनपद में डेंगू के रोगियों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को लखनऊ में डेंगू के 29 मरीज सामने आये हैं। इनमें ऐशबाग में 2, अलीगंज में 4, चन्दरनगर में 2, इन्दिरानगर में 3, चिनहट में 3, काकोरी में 1, मलिहाबाद में 1, एनके रोड इलाके में 4, टूडियागंज में 4, सिल्वर जुबली में 3, रेडक्रास में 2, डेगू धनात्मक रोगी पाए गए। आज लगभग 1109 घरों एवं आस.पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 7 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया।

डेंगू रोग पर प्रभावी रोकथाम एवं नियन्त्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम की संयुक्त टीमों द्वारा आज जनपद के घसियारी मण्डी, सीएचसी ऐशबाग, केन्द्रीय विधालय बेलीगारद अलीगंज, आर्या कन्या इण्टर कालेज न्यू हैदराबाद, विष्णु लोक कालोनी का गेट, पारा राम विहार कालोनी टूडियागंज, पटेल नगर नियर आरएलबी स्कूल, एसजीपीजीआई मनी मंत्रा काम्प्लेक्स के आस.पास लार्वा रोधी रसायन एवं फागिंग का कार्य कराया गया तथा जनसामान्य को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों, भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव किया गया।

# निदेशक स्तर के 12 चिकित्साधिकारियों का स्थानान्तरण

**पायनियर समाचार।** लखनऊ

**शासन** स्तर पर प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के संयुक्त निदेशक स्तर के 12 चिकित्साधिकारियों का बुधवार को स्थानान्तरण कर दिया गया है। इसमें बरेली, बलरामपुर, बलिया, बांदा, अंबेडकरनगर, सिद्धार्थनगर के सीएमओ भी शामिल हैं।

शासन की ओर से जारी सूची में मुरादाबाद के एसीएमओ डॉ विश्राम सिंह को बरेली सीएमओ, हरदोई के एसीएमओ डॉ राजकुमार को अंबेडकर नगर का सीएमओ, कानपुर देहात के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ नरेंद्र कुमार वाजपेयी को सिद्धार्थनगर का सीएमओ बनाया गया है। जबकि सिद्धार्थनगर सीएमओ डॉ विनोद कुमार अग्रवाल बलरामपुर के सीएमओ, डॉ सुशील कुमार और संत कबीर नगर का सीएमओ, डॉ अनिरुद्ध कुमार सिंह को संयुक्त निदेशक के रूप में स्वास्थ्य महानिदेशालय भेजा गया है। इसी तरह गोरखपुर के नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार को बलरामपुर का सीएमओ बनाया गया है। कौशांबी के एसीएमओ डॉ राम अनुज कन्नौजिया को संत कबीर नगर का सीएमओ, बस्ती के सीएमओ डॉ रुद्र प्रसाद मिश्रा को टीबी सप्रु अस्पताल प्रयागराज में वरिष्ठ परामर्शदाता, बलिया सीएमओ डॉ जयंत कुमार को संयुक्त निदेशक, देवीपाटन मंडल और बांदा के संयुक्त निदेशक डॉ विजय पति द्विवेदी को बलिया का सीएमओ और टीबी सप्रु अस्पताल प्रयागराज के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ रमाशंकर दुबे को बस्ती का सीएमओ बनाया गया है।

### दो मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बदले


**स्वास्थ्य** विभाग में संयुक्त निदेशक स्तर के चार चिकित्साधिकारियों को तबादला कर दिया गया है। इसमें दो मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बदल दिए गए हैं। संत कबीरनगर जिला संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा महेश प्रसाद को बस्ती जिला अस्पताल में वरिष्ठ परामर्शदाता बना दिया गया है।

इसी तरह संत कबीर नगर के वरिष्ठ परामर्शदाता डा भवनाथ पांडेय को वहीं पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया है। गोंडा महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा शालू महेश को वहीं पर वरिष्ठ परामर्शदाता बनाया गया है। जबकि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की जिम्मेदारी संत कबीर नगर के वरिष्ठ परामर्शदाता डा रक्षारानी चतुर्वेदी को सौंपी गई है।

**अमेठी के संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबन का मामला**

# हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से इस मसले पर अपना पक्ष रखने को कहा

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**अमेठी** के संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित करने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार को अपना पक्ष रखने को कहा है। पीठ ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को निर्देश प्राप्त कर यह अवगत कराने को कहा है कि मामले में जांच कब तक पूरी हो जाएगी। मामले की अगली सुनवाई तीन अक्टूबर को होगी।

जस्टिस विवेक चौधरी एवम जस्टिस मनीष कुमार की पीठ ने यह आदेश संजय गांधी अस्पताल की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। याचिका में अस्पताल की ओर से लाइसेंस निलंबन के आदेश को चुनौती दी गई है। पीठ के समक्ष अस्पताल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जेएन माथुर का कहना था कि पिछले 40 वर्ष से संजय गांधी अस्पताल चल रहा है और उस क्षेत्र का सबसे लोकप्रिय अस्पताल है। पीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि अस्पताल को जनरल सर्जरी के लिए लाइसेंस नहीं मिला था। बावजूद इसके वहां सर्जरी की जा रही थी। सर्जरी का लाइसेंस नहीं होने के बाबत अस्पताल की ओर से कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा सका। गौरतलब है कि सर्जरी के दौरान एक महिला की मृत्यु होने के पश्चात हॉस्पिटल का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। साथ ही अस्पताल को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। संजय गांधी हॉस्पिटल संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित किया जाता है व उक्त ट्रस्ट की चेयरपर्सन सोनिया गांधी हैं।

## 69000 शिक्षक भर्ती परीक्षा में एक अंक के विवाद मामले में अगली सुनवाई 11 को

**लखनऊ (विसं)।** 69000 शिक्षक भर्ती परीक्षा में एक अंक के विवाद में दाखिल अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने अगली सुनवाई के लिए 11 अक्टूबर की तिथि नियत की है। साथ ही यह स्पष्ट किया है कि यदि इस मामले मे आदेश का अक्षरश: पालन नहीं होता है तो सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी और सचिव बेसिक शिक्षा परिषद को पुर्न हाजिर होना होगा। जस्टिस राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने यह आदेश सुरंगमा शुक्ल की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि भर्ती परीक्षा के शैक्षिक परिभाषा के एक प्रश्न पर एक अंक बढ़ाते हुए मेरिट कट ऑफगुणांक के अनुसार अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का आदेश जारी किया गया था। इस आदेश के विरुद्ध सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर किया था लेकिन नौ नवंबर 2022 को अपील खारिज हो गई।

## सीबीआई जांच कराने के आदेश पर विधान परिषद ने की पुनर्विचार की मांग

**लखनऊ (विसं)।** विधानसभा व विधान परिषद में हुई भर्तियों की प्रारम्भिक जांच सीबीआई से कराने के 18 सितंबर के आदेश पर बुधवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में पुनर्विचार अर्जी दाखिल की गई। पीठ ने इस अर्जी को मूल याचिका के साथ तीन अक्टूबर को सुनवाई के लिया नियत की है। जस्टिस एआर मसूदी एवम जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश दिया है। बुधवार को पुनर्विचार प्रार्थना पत्र को विधान परिषद की ओर से दाखिल करते हुए तत्काल सुनवाई की मांग की गई। पीठ ने मंजूर करते हुए सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सीबीआई के अधिवक्ता अनुराग सिंह ने द्वारा भी एक अर्जी दाखिल कर जनहित याचिका में कुछ निर्देश देने की मांग की गई है। वहीं पीठ द्वारा जनहित याचिका में सुनवाई में सहयोग करने के लिए नियुक्त एमीकस क्यूरी वरिष्ठ अधिवक्ता एलपी मिश्रा की ओर से कहा गया कि वह भी इस मामले की सुनवाई से अलग रहना चाहते हैं। पीठ ने कहा कि इस बिंदु पर भी अगली सुनवाई में आदेश पारित किया जाएगा। गौरतलब है कि कि पीठ ने एक विशेष अपील और एक रिट याचिका की सुनवाई के दौरान तलब किए गए दस्तावेजों के अवलोकन से प्रथम दृष्टया पाया है कि विधान सभा और विधान परिषद में तमाम स्टाफ की हुई पिछली नियुक्तियों में भारी अनियमितता बरती गई थी। इस मामले में 2019 में भर्ती की प्रकिया के नियम बदले गए और यूपी पब्लिक सर्विस कमीशन व यूपी सबॉर्डिनेट सर्विसेज सलेक्शन कमीशन के होते हुए भी नई एजेंसी की पहचान कर उससे भर्ती प्रकिया कराई गई। पीठ ने कहा था कि जिस प्रकार एक बाहरी एजेंसी को चुना गया और उससे भर्ती प्रक्रिया कराई गई, वह संदेह पैदा करता है और इस वजह से सीबीआई से प्रारम्भिक जांच कराना आवश्यक है।

# लविवि: अब केमेस्ट्री के हर सेमेस्टर में एक थ्योरी और एक प्रैक्टिकल

- मेजर और माइनर की समस्याएं हुईं खत्म

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीएससी** में केमेस्ट्री के छात्रों की मेजर और माइनर से होने वाली समस्याएं खत्म हो गई हैं। छात्र 2 थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल नहीं देंगे। लखनऊ यूनिवर्सिटी के केमेस्ट्री विभाग ने केमेस्ट्री में एनईपी के तहत नया कोर्स स्ट्रक्चर लागू किया है। इससे इंटर के बाद सीधे चौथे सेमेस्टर में इनआर्गेनिक को पढ़ने में आने वाली समस्याओं से छात्रों ने जूझना नहीं पड़ेगा। छात्र प्रत्येक सेमेस्टर में एक ही सब्जेक्ट पढ़ेंगे और उसी का प्रैक्टिकल देंगे।

केमेस्ट्री डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष अनिल मिश्रा ने बताया कि केमेस्ट्री में इंटर से आने वाले छात्रों को पहले सेमेस्टर में दो थ्योरी विषय पढ़ने होते थे। इसमें एक मेजर और एक माइनर सब्जेक्ट होता था। आर्गेनिक केमेस्ट्री मेजर और माइनर दोनों होती है इसलिए उसे कम्पलसरी किया गया था। इस वजह से छात्रों को सीधे चौथे सेमेस्टर में इनआर्गेनिक पढ़नी होती थी। जबकिए पिछला कुछ भी उनको ज्ञान नहीं होता था। इसको देखते हुए एनईपी के तहत विषय के कोर्स स्ट्रक्चर में बदलाव किया गया। अब प्रत्येक सेमेस्टर में छात्र एक थ्योरी पढ़ेंगे और उसी थ्योरी पर प्रैक्टिकल करेंगे। अनिल मिश्रा ने बताया कि यह बदलाव होने के बाद छात्रों के केमेस्ट्री विषय में नंबर भी बढ़ने की उम्मीद है। इससे छात्रों की अंकतालिका में पर्सेंटेज पर भी खासा प्रभाव देखने को मिल सकता है।

**यह होगा नया स्ट्रक्चर**

- पहला सेमेस्टर : इनआर्गेनिक थ्योरी और प्रैक्टिकल
- दूसरा सेमेस्टर : आर्गेनिक थ्योरी और प्रैक्टिकल
- तीसरा सेमेस्टर : फिजिकल थ्योरी और प्रैक्टिकल
- चौथा सेमेस्टर : आर्गेनिक व इनआर्गेनिक थ्योरी और प्रैक्टिकल
- पांचवां सेमेस्टर : आर्गेनिक व फिजिकल थ्योरी और प्रैक्टिकल
- छठा सेमेस्टर : इनआर्गेनिक, आर्गेनिक व फिजिकल थ्योरी और प्रैक्टिकल

**पांचवें सेमेस्टर से मिलेंगे इलेक्टिव पेपर:** पांचवें और छठे सेमेस्टर में छात्रों को प्रैक्टिकल के साथ इंटर्नशिप और दो इलेक्टिव पेपर मिलेंगे। इलेक्टिव में छात्रों को दो भागों में बराबर से बांटा जाएगा। अगर, केमेस्ट्री और फिजिक्स वाले छात्र अगर इलेक्टिव में केमेस्ट्री चुनेंगे तो उन्हें फिजिक्स में इंटर्नशिप करनी होगी। जबकि छठे सेमेस्टर में इसका बिल्कुल उलट हो जाएगा। फिजिक्स को इलेक्टिव में चुनकर उन्हीं आधे छात्रों को केमेस्ट्री में इंटर्नशिप करनी होगी।

**सम्बद्ध महाविद्यालयों को भेजेंगे सूचना:** विभागाध्यक्ष अनिल मिश्रा ने बताया कि जल्द ही यूनिवर्सिटी से जुड़े सम्बद्ध महाविद्यालयों को इंटर्नशिप और इलेक्टिव पेपर के संबंध में एक पत्र के माध्यम से सूचनाएं भेज कर जानकारी दी जाएगी। महाविद्यालयों में प्राचार्य और विभागाध्यक्ष का काम होगा कि वह छात्रों को इससे संबंधित सूचनाएं और जानकारी दें, ताकि छात्र एनईपी के तहत केमेस्ट्री विषय में होने वाले बदलाव को अच्छे से समझ पाएं।

## स्थापना दिवस से पूर्व अंतरराष्ट्रीय पूर्व छात्र सम्मेलन करेगा लविवि

**लखनऊ।** प्रतिवर्ष 25 नवंबर को मनाए जाने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस से पूर्व इस बार विवि की तरफ से अंतरराष्ट्रीय पूर्व सम्मेलन आयोजित करेगा। इस बावत बुधवार को अलुमिनाई फाउन्डेशन कार्य समिति की बैठक विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 नवम्बर, 2023 को विश्वविद्यालय की स्थापना दिवस के साथ अन्तर्राष्ट्रीय पूर्व छात्र सम्मेलन का भी आयोजन किया जाये। यह भी निर्णय लिया गया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों को अलुमिनाई फाउन्डेशन के ब्राण्ड अम्बेसेडर के रूप में नियुक्त करने के लिए आवेदन कि प्रक्रिया शुरू की जाये।


## खेलो इंडिया व अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में शानदार प्रदर्शन पर छात्रा सम्मानित



**विश्वविद्यालय** की बीए की छात्रा काजल शर्मा को खेलो इंडिया और अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में शानदार प्रदर्शन हेतु कुलपति प्रो आलोक कुमार राय द्वारा कुशल खिलाड़ी कोष योजना के अंतर्गत 50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। कुलपति ने छात्रा काजल शर्मा को पुलिस विभाग में नियुक्ति के लिए भी बधाई देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कुशल खिलाड़ी कोष योजना के सकारात्मक परिणामों को लेकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों को भविष्य हेतु एक सशक्त माध्यम मिलेगा। जिससे वे सभी खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से विश्विद्यालय और राष्ट्र के गौरव वृद्धि में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो रूपेश कुमार ने काजल शर्मा को प्रमाण पत्र दे कर सफल भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## बीबीएयू में लगा मिलेट्स मेला, मोटे अनाज से बने खाद्य पदार्थों की लगी प्रदर्शनी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बाबासाहेब** भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में गृह विज्ञान विद्यापीठ के अन्तर्गत खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बुधवार को मिलेट्स मेला का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा प्रकृति को दर्शाते हुए मोटे अनाज से बने विभिन्न खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी लगाई गई। वैश्विक स्तर पर मोटे अनाजों की मांग बढ़ाने और लोगों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत विषय के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के पहले सप्ताह में मेरी माटी मेरा देश विषय पर स्लोगन एवं बुकमार्क प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 70 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। दूसरे सप्ताह में श्विशेष स्तनपान एवं जनजातीय पोषण विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। तीसरे सप्ताह में एनीमिया विषय को केंद्र में रखकर व्याख्यान सीरीज का आयोजन किया गया, जिसमें एनीमिया से जुड़े विभिन्न विषयों पर गंभीरता के साथ चर्चा की गयी। इसी दौरान मुख्य वक्ता एवं स्टेट कार्डिनेटर निरंजन ने भारत सरकार के तत्वाधान में चल रहे इस अभियान को लेकर सभी को जागरूक किया व तकनीकी बातों को सहजता के साथ समझाया। चौथे सप्ताह में खाद्य प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को अनाजों के प्रयोग के लिए जागरूक किया गया।

# नागरिकों के जीवन को सरल व सुगम बनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध

**● इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव में यूपी को प्राप्त हुए पुरस्कारों के बाद सीएम योगी ने एक्स अकाउंट पर प्रदेश की जनता को दी बधाई**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**इंडिया** स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों यूपी के शहरों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता को बधाई दी है। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के नागरिकों के जीवन को सरल व सुगम बनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने लिखा कि उत्तर प्रदेश को प्राप्त पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन के पूर्णतः अनुपालन का परिणाम है। सीएम योगी ने इसे 'नए उत्तर प्रदेश' की विकास यात्रा को प्रकट करती उपलब्धि बताया है। उन्होंने लिखा कि इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव 2023 में उत्तर प्रदेश के लखनऊ, कानपुर, आगरा और वाराणसी जनपदों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया है। ये सभी पुरस्कार नागरिकों के जीवन को सरल व सुगम बनाने के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को प्रकट करते हैं। सीएम योगी ने पुरस्कृत जनपदों के निवासियों को बधाई देते हुए इस उपलब्धि की प्राप्ति में सहायक सभी जनों का अभिनंदन किया है।

### ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स में पहुंची 'अजय टू योगी आदित्यनाथ'

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित ग्राफिक नॉवेल 'अजय टू योगी आदित्यनाथ' अब ब्रिटिश संसद तक पहुंच गई है। योगी आदित्यनाथ की ऑटो बॉयोग्राफी 'द मॉन्क हू ट्रांसफॉर्म उत्तर प्रदेश' और चर्चित ग्राफिक नॉवेल 'अजय टू योगी आदित्यनाथ' के लेखक शांतनु गुप्ता ने इस बात की जानकारी दी है। ब्रिटिश संसद में ग्लोबल गांधी पुरस्कार 2023 प्राप्त करने पहुंचे शांतनु गुप्ता ने सीएम योगी के जीवन पर आधारित ग्राफिक नॉवेल को ब्रिटिश सांसद वीरेन्द्र शर्मा को उपहार में दी है।

# प्रदेश में नवम्बर माह में मंडल व राज्य स्तर पर लगेगा भव्य सिल्क एक्सपो

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● खादी वस्त्रों के प्रदर्शन के लिए होगा फैशन शो**

**योगी** सरकार हस्तशिल्पियों, कारीगरों को नवम्बर में फिर बड़ा बाजार उपलब्ध कराएगी। रेशम विभाग की तरफसे सिल्क एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। इसमें संयुक्त रूप से खादी, हथकरघा एवं एक जिला.एक उत्पाद प्रदर्शनी का भी आयोजन कराया जायेगा। राज्य व मंडल स्तर पर आयोजित होने वाली प्रदर्शनी की तिथि निर्धारित करते हुए आवश्यक तैयारी अभी से शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम तथा हथकरघा वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने इसे लेकर बुधवार को खादी भवन में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनपद एवं मण्डल स्तर पर होने वाली प्रदर्शनी का शुभारम्भ वहां के जनप्रतिनिधियों से कराया जाये। स्थानीय स्तर पर कारीगरों, हस्तशिल्पियों एवं बुनकरों को बड़ी संख्या में प्रदर्शनी में शामिल कराया जाये। इससे उन्हें एक स्थान पर बड़ा बाजार मिलेगा और उत्पादों की बिक्री बढ़ेगी। लखनऊ में आयोजित होने वाली प्रदर्शनीध्मेले में प्रत्येक जिले से कारीगरों एवं हस्तशिल्पियों के उत्पादों का प्रदर्शन सुनिश्चित कराया जाये। निफ्ट से प्रशिक्षित खादी के कामगारों द्वारा तैयार किये गये खादी वस्त्रों के प्रदर्शन हेतु सिल्क एक्स्पो में फैशन शो का भी आयोजन कराया जाये। इसमें ख्याति प्राप्त मॉडल एवं डिजाइनरों को भी आमंत्रित किया जाये। इसके अतिरिक्त हाथ कागज को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किये जायें।

# श्रीराम के वनागमन की सांध्य बेला पर अयोध्या में जलेंगे 24 लाख दीये

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

**दीपोत्सव 2023**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप दीपोत्सव पर 24 लाख दीप जलाकर अयोध्या के घाटों को जगमगाने की तैयारी की जा रही हैं। डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस बार के दीपोत्सव में विश्व कीर्तिमान स्थापित करने के लिए तैयारियों में तेजी से जुटा हुआ है। बुधवार को दोपहर में विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में जनपद के महाविद्यालय एवं इण्टर कालेज के प्राचार्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई।

कुलपति ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के मंशानुरूप 11 नवम्बर को होने वाले दीपोत्सव को भव्य बनाने के साथ विश्व कीर्तिमान स्थापित करना है जिसके लिए 24 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन महाविद्यालयों, इण्टर कालेजों एवं स्वयंसेवी सस्थाओं के स्वयंसेवकों की मदद से राम की पैड़ी सहित 47 घाटों पर 24 लाख से अधिक दीप जलाए जायेंगे। घाटों पर दीए प्रज्वलित के लिए 25 हजार स्वयंसेवक लगाये जायेंगे। कुलपति प्रो. गोयल ने महाविद्यालयों, इण्टर कालेज के प्राचार्यो को बताया कि पूरे जोश के साथ छठवीं बार गिनीज बुक आफ वर्ल्ड शब्द रिकार्ड में नाम दर्ज करेंगे। कुलपति ने बताया कि सभी 30 सितम्बर तक स्वयंसेवकों का नाम आनलाइन डेटा उपलब्ध कराना आवश्यक है। इसमें सभी के अनुशासन एवं पारदर्शिता के साथ सहयोग की अपेक्षा है। विश्वविद्यालय दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो संत शरण मिश्र ने बताया कि इस बार के दीपोत्सव में स्वयंसेवकों का आईडी कार्ड फुल प्रूफ होगा। प्राचार्य एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा आनलाइन सत्यापन के उपरांत ही आईडी कार्ड निर्गत किया जायेगा। नोडल अधिकारी ने बताया कि इस बार के दीपोत्सव में जनपद के 16 इण्टर कालेजों को शामिल किया गया है। दीपोत्सव के इनके शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया जायेगा।

### एसबीआई ने किया दान उत्सव का आयोजन



**लखनऊ।** भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मण्डल द्वारा बुधवार को दान उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य महाप्रबन्धक शरद स चांडक द्वारा दृष्टि सामाजिक संस्थान के विशेष बच्चों के दैनिक उपयोग की विभिन्न वस्तुएँ भेंट की। दृष्टि सामाजिक संस्थान के डायरेक्टर धीरेश बहादुर ने स्टेट बैंक का इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया एवं बैंक द्वारा शहर में किए जा रहे अन्य चैरिटी कार्यों का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी गण और दृष्टि सामाजिक संस्थान के सदस्य उपस्थित रहे।

# मस्टररोल के आधार पर होमगार्ड जवानों की शत प्रतिशत ड्यूटी लगायें

**● कार्य में लापरवाही बरतने वाले जिला कमाण्डेंटों को मंत्री ने लगाई फटकार**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कारागार** एवं होमगाड्र्स मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने आज होमगार्ड मुख्यालय के सभागार कक्ष में मण्डलीय एवं जिला कमाण्डेंट रैंक के अधिकारियों संग विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न मदों के भुगतान से संबंधित पेंडेंसी, ऑनलाइन मस्टररोल, आईजीआरएस संबंधी शिकायतें, कैशलेस कार्ड एवं विभागीय शासनादेशों के संबंध में वित्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लम्बित प्रकरणों को अपने स्तर से तत्काल समाधान करें। सभी मण्डलीय स्तर के अधिकारी अपने अधीनस्थ जिला कमाण्डेंटों के साथ महीने में एक बार अवश्य बैठक करें। बैठकों के माध्यम से समस्या की पहचान व निराकरण में आसानी होती है। इसी प्रकार जिला कमाण्डेंट भी अपने अधीनस्थों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुनें और उन समस्याओं का निराकरण करें।

मंत्री प्रजापति ने कहा कि भुगतान संबंधी किसी भी प्रकार की पेंडेंसी नहीं होनी चाहिए। यदि कोई भी पेंडेंसी शेष हो तो उसे यथाशीघ्र मुख्यालय भेजवाएं। उन्होंने कहा कि शतप्रतिशत ड्यूटी मस्टररोल पर ही लगनी चाहिए। किसी भी परिस्थिति में ड्यूटी ऑटोफॉरवर्ड न करें। उन्होंने इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले जिला कमाण्डेंटों को फटकार भी लगायी। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि हरहाल में 15 अक्टूबर तक अभियान के तहत कैशलेश कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। प्रजापति ने उपस्थित अधिकारियों से विभागीय शासनादेश के बारे में पूंछताछ की एवं उन्हें निर्देशित किया कि जो भी शासनादेश मुख्यालय से निर्गत हों उसे ध्यान से पढ़े। शासनादेश में दिए गए प्राविधानों के तहत ही पीड़ितों की समस्याओं का निराकरण करें। बहुत जरूरी प्रकरणों में ही पीड़ित को मुख्यालय भेंजेए जिससे कि किसी भी पीड़ित को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि होमगार्ड जवानों के बीच अच्छी वर्दी पहनने को लेकर स्पर्धा का आयोजन करने पर भी विचार करें और स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जवानों को पुरस्कृत भी किया जाए। इससे जवानों में अच्छी वर्दी पहनने की प्रतिस्पर्धा का जन्म होगा। बैठक के दौरान होमगार्ड जवानों की गम्भीर बीमारी से ग्रस्त होने की दशा में उनका बेहतर इलाज हो सके। इसके लिए बैंक के प्रतिनिधियों ने हेल्थ इन्श्योरेंस विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। बैंक प्रतिनिधियों के अनुसार 18 से 35 वर्ष आयु का कोई भी होमगार्ड जवान हेल्थ इन्श्योरेंस टॉपअप प्लान ले सकता है, जिसकी प्रीमियम दो हजार रुपये वार्षिक है। इसके अंतर्गत होमगार्ड जवान के साथ उसकी पत्नी एवं 21 वर्ष तक के आयु के दो बच्चों को 15 लाख रुपये तक का हेल्थ बीमा प्रदान किया जायेगा। इसमें दो लाख रुपये तक का खर्च होमगार्ड जवान को स्वयं वहन करना होगा।

# पर्यावरण को स्वच्छ रखने में जनसहयोग जरूरीः डॉ. अरुण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**पर्यावरण** एवं वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि वायु प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न हितधारकों विशेषकर पर्यावरण और स्वास्थ्य को मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने विभिन्न जीवनशैली प्रथाओं पर भी चर्चा की जो बदलाव लाने के लिए आवश्यक हैं। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि आज के परिवेश में स्वच्छ वातावरण जीवन का मूलमंत्र होना चाहिए।

उन्होंनें कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने में जनसहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि जलवायु ठीक होगी तो वातावरण शुद्ध होगा, तो शरीर भी स्वस्थ रहेगा। इस लिए मानव को स्वस्थ रहने के लिए वातावरण को स्वस्थ्य रखना होगा। वन मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वस्थ्य वातारण की दिशा में काफी तीव्र गति से कार्य कर रही है। प्रदूषण पर नियंत्रण के साथ ही प्रदेश सरकार ने बड़ी मात्रा में पौधरोपण किया व वृक्षों व वनों की रक्षा करने की दिशा में मजबूती से काम किया है। उन्होंने कहा जब वायु स्वच्छ होगी तो लोगों को बेहतर स्वास्थ्य मिलेगा। यह बात मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना आईआईए भवन में बुधवार को आयोजित वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों पर चर्चा के दौरान कही।

आईआईए भवन में आयोजित स्वच्छ हवा और जलवायु पर कार्यक्रम में मनोज सिंह मुख्य सचिव पर्यावरण एवं वन, कंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. सूर्यकांत, लंग केयर फाउंडेशन संरक्षक एवं यूपी के प्रभारी डॉ. एपी माहेश्वरी, डॉ. अरविंद कुमार, अजय कुमार शर्मा, सदस्य सचिव यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मौजूद थे। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और लंग केयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन में स्वास्थ्य, वायु प्रदूषण और पर्यावरण के लिए समाधान विषय पर एक संगोष्ठी का अयोजन किया गया। इस दौरान डॉक्टरों, पेशेवरों, उद्यमियों, नागरिक समाज के नेताओं, शिक्षाविदों और अन्य हितधारकों की भागीदारी रही। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों पर चर्चा करना और प्रभावी समाधान विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत नेटवर्किंग सत्र से हुई, उसके बाद एक परिचयात्मक सत्र हुआ, जिसके दौरान अजय कुमार शर्मा सदस्य सचिव यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के स्वागत भाषण के उपरांत मनोज सिंह मुख्य सचिव पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन उत्तर प्रदेश सरकार ने उद्घाटन भाषण दिया। लंग केयर फाउंडेशन और अन्य उच्च प्रतिष्ठित समूहों के विशेषज्ञों ने इस सेमिनार का नेतृत्व किया। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. सूर्यकांत ने यूपी में वायु प्रदूषण की स्वास्थ्य चुनौतियों पर व्याख्यान दिया।

# विधायक की पहल पर बच्चों के बीच वितरित किये गये निःशुल्क इको फ्रेंडली बैग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सरोजनीनगर** विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल पर क्षेत्र में स्थापित तारा शक्ति सिलाई केंद्रों द्वारा तैयार किये गये इको फ्रेंडली बैग का वितरण बुधवार को परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के बीच वितरित किया गया। डॉ. सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र में अभी तक 40 तारा शक्ति सिलाई सेंटरों की स्थापना की जा चुकी है जहां 600 से अधिक सिलाई मशीनें भी उपलब्ध कराई गईं हैं।

इन तारा शक्ति सिलाई केंद्रों में माताओं.बहनों द्वारा बनाए गए इको फ्रेंडली बैग स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के बीच विधायक द्वारा ही निरंतर और निःशुल्क वितरित किए जा रहे हैं। इस क्रम में आज बैग वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मुल्लाही खेड़ा, प्राथमिक विद्यालय चंद्रावल, प्राथमिक विद्यालय अहमदपुर कमालपुर व प्राथमिक विद्यालय बिजनौर में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को निःशुल्क कपड़े से बने बैग वितरित किए गए। बता दें कि अब तक 850 से अधिक कपड़े के बैग वितरित किए जा चुके हैं।

**बैग पाकर खिलखिला उठे बच्चेः** मातृत्व भाव, स्नेह व समर्पण से बने इन बैग के साथ बच्चों को जब कॉपी, पेंसिल एवं चॉकलेट भी मिली तो उनके चेहरों पर आई खुशी और मुस्कान देखने लायक थी। इस दौरान प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्परिणामों और पर्यावरण की सुरक्षा के बारे में भी बताया गया। इस अभिनव पहल के लिए सभी स्कूल के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और बच्चों ने डॉ राजेश्वर सिंह का आभार व्यक्त किया।

**स्कूलों में गुणवत्तापरक शिक्षा**

इसके साथ ही विधायक क्षेत्र के तीन स्कूलों को गोद लेकर उनका कायाकल्प करवा रहे हैं। विधायक द्वारा क्षेत्र के 55 स्कूलों में 5 विभिन्न प्रकार के झूले भी लगवाए गए हैं। बच्चों की गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए वो निरंतर प्रयासरत रहते हैं।

# भाजपा राज में अराजकता बढ़ती जा रही हैः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में अराजकता बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रतापगढ़ के समाजवादी पार्टी के नेता राजेश सिंह पर 21 सितम्बर की रात में जानलेवा हमले की घटना निंदनीय है। राजेश सिंह अपने भाई के साथ खाना खाने जा रहे थे तभी सुल्तानपुर निवासी संजीत सिंह, वीर प्रताप सिंह बंटी, रंजीत सिंह तथा 4 से 5 अज्ञात लोगों ने उन पर हमला कर दिया। इससे राजेश के सिर में गंभीर चोट आई है। पैर कई जगह टूट गया है। उन्होंने कहा कि हमले के शिकार राजेश सिंह के भाई दीप नारायण सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है लेकिन पुलिस ने इस मामले में जरूरी तेजी नहीं दिखाई है। पुलिस को त्वरित कार्रवाई करते हुए हमलावरों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

## सपा प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्य निवाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को ज्ञापन देकर समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत 17 अक्टूबर 2023 को प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची के साथ मतदाता सूची में जोड़े गए नाम, संशोधित किए गए नाम, काटे गए नामों की सूची समाजवादी पार्टी को उपलब्ध कराई जाए। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की ओर से मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि 30 नवम्बर 2023 तक मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। उसके बाद 05 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन को शुद्ध एवं दुरूस्त करना आवश्यक है, जिससे कि स्वतंत्रए निष्पक्ष एवं निर्भीक चुनाव सम्पन्न हो सके। पटेल ने कहा कि मैन्युअल रोल्स के नए नियम एवं संशोधन समाप्त किए जाए। नए नियम में मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद उसमें जोड़े, काटे, संशोधित नामों की सूची राजनीतिक दलों को न देने तथा प्रिंट नहीं कराने की व्यवस्था है। इससे लोकसभा निर्वाचन 2024 का चुनाव प्रभावित होगा। नरेश उत्तम पटेल प्रदेश अध्यक्ष का ज्ञापन मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सपा प्रतिनिधिमंडल में शामिल केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चंद्र तथा राधेश्याम सिंह ने सौंपा और तत्काल कार्यवाही की मांग की है।

**प्रदेश सचिव नामितः** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से बाबू सिंह आर्य निवासी साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद को समाजवादी पार्टी की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है। यह जानकारी सपा प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने दी।

## सपा प्रतिनिधिमण्डल 29 को देवरिया व 30 को जाएगा मथुरा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल 29 सितम्बर को देवरिया तथा 30 सितम्बर को मथुरा जाएगा। सपा प्रवक्ता ने बताया कि 29 सितम्बर को जनपद देवरिया जाने वाले प्रतिनिधिमण्डल में ब्रहमाशंकर त्रिपाठी पूर्व मंत्री, रमाशंकर विद्यार्थी राजभर पूर्व सांसद, कनकलता सिंह पूर्व सांसद, गजाला लारी पूर्व विधायक, अशोक कुशवाहा प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, मनीष सिंह प्रवक्ता समाजवादी पार्टी, व्यास यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, विवेक पटेल जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, मंजूर हसन जिला महासचिव समाजवादी पार्टी एवं फखरूद्दीन अली विधान सभा अध्यक्ष पथरदेवा शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमण्डल विधान सभा क्षेत्र पथरदेवा थाना रामपुर जनपद देवरिया में नीली बत्ती लगी सरकारी गाड़ी की टक्कर से एक व्यक्ति मामले की जांच करेगा। सपा प्रवक्ता ने बताया कि पथरदेवा थानान्तर्गत भीमपुर गौरा गॉव के दो लोग खेत में पानी चला कर रात में अपने घर वापस आ रहे थे जिनकी नीली बत्ती लगी सरकारी गाड़ी की टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गयी और एक व्यक्ति घायल है। पुलिस प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की गई तो उल्टे पुलिस ने गॉव के मौजूद लोगों, रिश्तेदारों एवं पारिवारिक साथियों के साथ मारपीट की तथा थाने ले गयी जिसकी सही जानकारी एवं जांच हेतु प्रतिनिधि मण्डल ग्राम भीमपुर गौरा जनपद देवरिया पहुंचेगा।

इसके अलावा 30 सितम्बर को जनपद मथुरा जाने वाले प्रतिनिधिमण्डल में कमाल अख्तर विधायक, ठा किशोर सिंह प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी, अनीस राजा प्रदेश अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, राम करन निर्मल प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी, ठा अजीत सिंह जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी मथुरा, ऋतु गोयल महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी मथुरा, रणवीर धनगर जिला महासचिव समाजवादी पार्टी मथुरा, तनवीर अहमद एडवोकेट पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी शामिल है।

## मेरिट के आधार पर वरीयता प्रणाली लागू

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फएवं हज मंत्री धर्मपाल ने बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फविभाग द्वारा संचालित राज्य छात्रवृत्ति योजनाओं में पारदर्शिता, प्रक्रियाओं का सरलीकरण एवं उच्च मेधा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रचलित नियमावलियों में यथा आवश्यक संशोधन किये गये हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में पूर्व दशम कक्षाओं में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति योजना की नियमावली वर्ष 2016 में प्रख्यापित की गयी थी, जिसमें दो बार संशोधन किया गया तथा दशमोत्तर कक्षाओं की योजना हेतु वर्ष 2012 में छात्रवृत्ति नियमावली प्रख्यापित की गयी थी, जिसमें छः बार संशोधन किया गया। इन संशोधनों को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप समावेशित करते हुए नवीन समेकित एवं संशोधित नियमावलियाँ विभाग द्वारा हाल ही में प्रख्यापित की गयी है। इनमें मेरिट बेस्ड वरीयता प्रणाली लागू की जा रही है, आधार प्रमाणीकरण एवं आधार बेस्ट पेमेण्ट सिस्टम/डीबीटी प्रणाली द्वारा भुगतान किये जाने की व्यवस्था की गई है।

## वृहद शिक्षा ऋण मेला में 5.5 करोड़ की मंजूरी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केनरा** बैंक क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ 1 ने बुधवार को खुदरा ऋण को बढ़ावा देने हेतु वृहद शिक्षा ऋण मेला में 5.5 करोड़ की मंजूरी प्रदान की। ऋण मेला अंचल कार्यालय लखनऊ में अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी लखनऊ के उप रजिस्ट्रार विवेकानंद सिन्हा ने मुख्य अतिथि के रुप में शिक्षा ऋण मेले में शिरकत की। शिक्षा ऋण मेला के अंतर्गत 72 मेधावी छात्र छात्राओं को कुल 5.5 करोड़ रूपए ऋण की मंजूरी प्रदान की। यह ऋण विद्या तुरंत योजना के तहत बिना संपारश्विक प्रतिभूति के प्रदान किए जाएंगे। आलोक कुमार अग्रवाल ने बताया कि केनरा बैंक में शिक्षा ऋण कम ब्याज दर पर और आसान प्रक्रिया के साथ उपलब्ध है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा सब्सिडी के लिए केनरा बैंक नोडल बैंक के रूप में नामित है और केनरा बैंक के द्वारा ही सदस्य बैंकों को सब्सिडी प्रेषित की जाती है। रिटेल एक्स्पो का सफलता पूर्वक संचालन लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ 1 के सहायक महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना के नेतृत्व मे आयोजित किया गया।

## खेलो इंडिया और मोटो जीपी भारत के बाद अब यूपी में नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का केंद्र बनता जा रहा है। खेलो इंडिया और मोटो जीपी भारत जैसी प्रतियोगताओं के आयोजन के बाद अब दूसरे नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन भी उत्तर प्रदेश में होने जा रहा है। नोएडा के इंडोर स्टेडियम में पांच से आठ अक्टूबर के बीच इस प्रतियोगिता का आयोजन होगा। योगी सरकार की खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की नीति का परिणाम है कि खेल प्रतियोगताओं का आयोजन करने वाली सरकारी और निजी क्षेत्र की संस्थाओं की पहली पसंद यूपी बन गया है। इस प्रतियोगिता में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एथलीट्स के साथ भारतीय सेना की टीम भी हिस्सा लेगी। चैंपियनशिप में महिला और पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों को मिलाकर कुल पांच हजार एथलीट्स हिस्सा लेंगे, जो आठ से पचास आयु वर्ग के होंगे। वहीं इस आयोजन में 7500 से ज्यादा आगंतुकों के आने की उम्मीद हैए जिसमें प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी भी शामिल हैं। इस बारे में नोएडा ताइक्वांडो एसोसिएशन की अध्यक्ष आयुषी केतकर ने कहा कि इस मेगा इवेंट का स्वरूप भारत में अब तक हुए किसी भी नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप से बड़ा होगा।

# यूपी को पर्यटन के क्षेत्र में ग्लोबल स्तर तक ले जाएंः जयवीर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विश्व** पर्यटन दिवस के अवसर बुधवार को पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह ने होटल एवं टूरिज्म व्यवसायियों को बधाई देते हुये अपील किया कि उत्तर प्रदेश में हुये बदलाव को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करते हुये पर्यटन को बढ़ावा देते हुये ब्रॉण्ड एम्बेसडर के रूप में कार्य करे। उन्होने ये भी कहा कि उत्तर प्रदेश की बेहतर कानून व्यवस्था एवं पर्यटन फ्रेण्डली बदलाव को ग्लोबल स्तर पर साझा करते हुये विदेश से यूपी की धरती पर आने वाले हर पर्यटक की पहली पसंद उत्तर प्रदेश बने, इसके लिये पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ सहयोग करे।

विश्व पर्यटन दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये पर्यटन मंत्री ने कहा कि करोना की त्रासदी के बाद उत्तर प्रदेश में पर्यटकों का आवागमन बहुत तेजी से बढ़ा है। वर्ष 2022 में लगभग 32 करोड़ घरेलू पर्यटक उत्तर प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर आये। जिसके फलस्वरूप उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में पहले स्थान में बना हुआ है। उन्होने कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश की ओर कोई पर्यटक रूख नहीं करना चाहता था। अब परिस्थितयां पूरी तरह बदल चुकी है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में बेहतर कानून व्यवस्था तथा उच्च स्तरीय अवस्थापना सुविधाओं से युक्त रेल, वायु, सड़क तथा जल परिवहन की सुविधा उपलब्ध है। वाराणसी तथा अयोध्या क्रूज का संचालन शुरू कराया गया है। इसी तर्ज पर नदी के किनारे बसे हुये बड़े शहरों के लिये भी क्रूज सेवा शुरू की जायेगी। पर्यटकों के लिये हेलीकाप्टर सेवा के अलावा हेलीपोर्ट भी तैयार किये जा रहे है। ऊँचे स्थानों के लिये रोप वे सेवा भी शुरू की गयी है। खण्डहर हो चुके राही गेस्ट हाउस को पीपीपी मॉडल पर 62 वर्ष की लीज पर देने की तैयारी की जा रही है। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था एवं अवस्थापना सुविधाओं में सुधार के चलते उत्तर प्रदेश की छवि पूरी तरह बदल चुकी है। यूपीजीआईएस 23 आयोजन के दौरान पूरी दुनिया भर से निवेशक उत्तर प्रदेश आये और लगभग 35 लाख करोड रूपये का निवेश आया। पर्यटन सेक्टर में भी बड़े पैमाने पर निवेशकों ने रूचि दिखायी है। उ

# टूरिज्म को बढ़ावा देने पर जोर

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**विश्व** पर्यटन दिवस के अवसर पर वाराणसी टूरिज्म गिल्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सर्व प्रथम होटल ताज से प्रात 7 बजे वॉक फॉर इंक्लूसिव टूरिज्म पर पद यात्रा निकाली गई जिसको हरी झंडी मंडलायुक्त वाराणसी मंडल कौशल राज शर्मा वाराणसी तथा विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार पाण्डेय दिखा कर आरंभ कराया जो होटल ताज गैंजेस से इंडिया बनारस होटल, कंटोमेंट भारत पर्यटन, होटल क्लार्क, होटल अमाया, रेडिसन होते हुए शास्त्री घाट वरुणापुल पर पहुच कर सम्पन हुई इस यात्रा में टूरिज्म से जुड़े छात्र ए छात्राओ, गाइड बंधु, ड्राइवर बंधुएहोटल के सदस्य ए टूर ऑपरेटरएनाविकए वाराणसी टूरिज्म गिल्ड के सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर श्री कौशल राज शर्मा जी ने संस्था द्वारा से पद यात्रा की हार्दिक प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यो से टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और भारत में आने वाले पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी और सभी देश वासियों को स्वक्षता के प्रति जागरूकता रखनी चाहिए। वाराणसी टूरिज्म गिल्ड के अध्यक्ष श्री संतोष सिंह और महासचिव अनिल त्रिपाठी ने कौशल राज शर्मा जो को स्मृति चिन्ह दे कर कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया। तथा कोषाध्यक्ष नौनिहाल सिंह और उपाध्यक्ष अवनीश कांत पाठक ने स्मृति चिन्ह दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश पर्यटन से उप निदेशक आर के रावत जी भारत पर्यटन वाराणसी से सह निदेशक अमित गुप्ता जी रोटरी काशी के प्रेसिडेंट माजिद खान जीए टूरिज्म वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल मेहता जी बीएचयू से डाण् प्रवीण राणा डा. अनिल सिंह वासंता कॉलेज से ज्योति प्रसन्ना जी डाण्संजीव जी और अन्य लोग थे। शास्त्री घाट पर पर्यटन उद्योग की उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए होटल से श्री केपी सिंह नाविक समाज से लक्षण मांझी जी गाइड से मदन विश्वकर्मा जी ड्राइवर समाज से मतीन को सम्मनित किया गया। इसी क्रम में सायं 5.30 बजे शास्त्री घाट वरुणा पूल पर दीपिका कल्चरल सोसाइटी और वाराणसी टूरिज्म गिल्ड के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम भव्य आरती का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि के रूप में श्री काशी विश्वनाथ न्यास के अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडेय जी रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह और संयुक्त सचिव सुधांशु सक्सेना जी ने पुष्प गुक्ष और अंगवस्त्राम दिया।

# काशी विश्वनाथ के दर्शन और प्रशिक्षण को किसानों का दल रवाना



**तिलोई, अमेठी।** प्राकृतिक खेती में नई तकनीक का किसान भाई प्रयोग करें और कम लागत में अच्छी पैदावार ली जा सके सके।साथ ही किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हो इस प्रशिक्षण के साथ किसानों को काशी की धार्मिक यात्रा भी कराई जा रही है। सिंहपुर के अहोरवा भवानी चौराहे से बुधवार को दो बसों से लगभग 112 किसानों को कृषि प्रशिक्षण और काशी भ्रमण के लिए रवाना किया गया।यात्रा को जिला महा मंत्री राकेश त्रिपाठी एवं पूर्व जिला महामंत्री धर्मेश मिश्र तथा मंडल अध्यक्ष अंब्रीश जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंडल महामंत्री राहुल पाठक ने बताया कि अमेठी सांसद और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रयास से काशी में किसानों को प्राकृतिक खेतीए पशुपालन, मत्स्य पालन के साथ ही खेती किसानी की नई.नई तकनीकी का प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा।साथ ही काशी में किसानों को गंगा स्नान के साथ ही भगवान काशी विश्वनाथ के दर्शन पूजन का कार्यक्रम है। काशी से प्रशिक्षित किसान नई तकनीकी से खेती करेंगे तो उनका अनुसरण अन्य किसान भी करेगे जिससे उनकी आय में भी बढ़ोत्तरी होगी। तेजनारायण मिश्र, बच्चूलाल यादव, बिपिन सिंह, जय करन त्रिवेदी, गयानाथ सिंह, सुनील पासी उपस्थित रहे।


# सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में एनटीपीसी ऊंचाहार ने फिर जीते राष्ट्रीय पुरस्कार



**रायबरेली।** कार्य.निष्पादन एवं विद्युत उत्पादन के अपने मूल उद्देश्यों के साथ.साथ जनसामान्य एवं अपने कर्मचारियों के कल्याण से सतत सरोकार रखना एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना की अब कार्य संस्कृति बन चुकी है। ये परियोजना देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान करने पर मिलने वाले राष्ट्रीय महत्व के पुरस्कारों को हासिल करने पर इतिहास दर इतिहास रचती जा रही है। देश की जानी.मानी संस्था पब्लिक रिलेशन काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) द्वारा लोक कल्याण से जुड़े दो पुरस्कारों को हासिल करने में ये परियोजना कामयाब रही है।

परियोजना के आसपास के क्षेत्र में सीएसआर नीति के तहत बच्चों की देखभाल एवं उनके स्वास्थ्य व पोषण की दिशा में लगातार कार्य करने के लिए इस परियोजना को पीआरसीआई द्वारा क्रिस्टल अवार्ड से नवाजा गया है। इसी प्रकार कॉर्पोरेट ब्रोशर के माध्यम से कंपनी की योजनाओं व कार्यक्रमों को लिपिबद्ध करके अपने कर्मचारियों में जागरूकता एवं उनके ज्ञानार्जन को बढ़ाने के एक विशेष लक्ष्य पर काम करने के लिए परियोजना को राष्ट्रीय महत्व का कांस्य पदक हासिल हुआ है। इन पुरस्कारों को पीआरसीआई संस्था द्वारा दिल्ली में आयोजित 17वें ग्लोबल कम्युनिकेशन कॉन्क्लेव के भव्य समारोह में एनटीपीसी ऊंचाहार की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा को प्रदान किया गया। निदेशक (मानव संसाधन) एनटीपीसी दिलीप कुमार पटेल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ऊंचाहार टीम से अपील की कि वे इसकी निरंतरता को बनाए रखने में सतत प्रयत्नशील रहें। ऊंचाहार परियोजना प्रमुख मंदीप सिंह छाबड़ा को महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. अनिल कुमार डैंग ने अपनी टीम के साथ अवार्ड हस्तांतरित किए तथा इनके बारे में विस्तार से जानकारी दी। परियोजना प्रमुख छाबड़ा के अलावा अन्य महाप्रबंधकए यूनियन एसोसिएशन सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने मानव संसाधन के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

# किसानों के प्रक्षेत्र का किया भ्रमण और लगाई चौपाल



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**बुधवार** को डॉ सुधाकर पांडे ने सेवापुरी विकासखंड के बीरमपुर महाराजपुर गहरपुर दौलतिया में धान मोटा अनाज सब्जी की प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों का भ्रमण किया एवम बीरामपुर में किसानों की चौपाल लगाई जिसमे पिंडरा विकासखंड एवम सेवापुरी विकासखंड के प्राकृतिक खेती कर रहे कृषक एवम महिला कृषकों से प्राकृतिक खेती पर विशेष चर्चा करते हुए कहा की प्राकृतिक खेती के उत्पादों का प्रमाणीकरण एवं संगठित बाजारीकरण अत्यंत आवश्यक है एवम इसके लिए उन्होंने किसानों को संगठित होकर खेती करने की अपील की चौपाल में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर एनके सिंह डॉक्टर मनीष पांडे सहायक विकास अधिकारी कृषि सेवापूरी कृष्णा सिंह संस्था मासूम फाउंडेशन से अर्पित सिंह कृषक बीरेंद्र सिंहए रामाश्रय सिंह एजयप्रकाश सिंह बाल्मिंट वर्मा एसुमन देवी एहरिशंकर सिंह पिंडरा एजगदीश सिंह एचिरौजी देवी एबृजेश आदि किसान उपस्थित रहे।

# घाटे में चल रहा संजय गांधी अस्पताल दे रहा कम पैसे में स्वास्थ्य सुविधाएं: अरविंद



**अमेठी।** संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निरस्त होने एवं सभी सेवाओं पर प्रतिबंध लगने के बाद संचालन ठप हो गया है। आलम यह है कि हम सभी करीब 500 से अधिक कर्मचारी बेरोजगार एवं भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। भाजपा सरकार और स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी जनता की समस्या सुलझाने के बजाय राजनीति करने में जुटी हैं। स्वास्थ्य सेवाओं पर राजनीति करने की वजह सुविधा और बढ़ाई जानी चाहिए ना की उसे बंद किया जाना चाहिए। आज सांसद और भाजपा की इशारे पर अस्पताल को बंद कर जनता एवं मरीज के साथ विश्वास घात किया गया है यह हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम लोगों का सत्याग्रह अनवरत जारी रहेगा।

राजनीतिक विद्वेष भावना के चलते 24 घंटे के भीतर ही संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निरस्त कर सभी सेवाओं पर प्रतिबंध लगा दिए गए। जिसके चलते अस्पताल में तैनात करीब 450 सौ कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं तो वहीं प्रतिदिन आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वही बाजार में सैकड़ो दुकानदारों की रोजी.रोटी पर भी संकट आ गया है। इसी को लेकर कर्मचारी संघ एवं अस्पताल का पूरा स्टाफ सत्याग्रह आंदोलन करने को बाध्य हुआ है। पीड़ित परिवार के साथ हम लोगों की पूरी संवेदना है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के इशारे पर ट्रस्ट की अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को बदनाम करने के लिए यह सब शासन व प्रशासन पर दबाव बना कर कराया गया है। मांगे पूरी होने तक हम लोगों का प्रदर्शन जारी रहेगा। अस्पताल के वरिष्ठ कर्मचारी अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि हमारी सांसद कह रही हैं कि गांधी परिवार अपना नुकसान देख रहा है। जबकि यह अस्पताल डेढ़ करोड़ प्रतिवर्ष के घाटे में रहकर भी लोगों को लखनऊ जैसी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। हम लोग यहां 35 वर्षों से कार्यरत हैं लाखों गंभीर से गंभीर मरीज यहां से ठीक होकर गए हैं। इस तरह का आरोप प्रत्यारोप रूप लगाने के बजाय क्षेत्र की जनता की समस्याओं और मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं संसद को उपलब्ध करानी चाहिए। संजय गांधी अस्पताल के ऑपरेशन मैनेजर मनो कर्णिका मिश्रा ने कहा कि शासन और प्रशासन की ओर से जल्दबाजी में की गई कार्रवाई न्यायोचित नहीं है।

## बजाज ऑटो ने लॉन्च किया पल्सर एन 150

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**बजाज** ऑटो ने भारत में ऑल न्यू पल्सर एन 150 का लॉन्च किया है। बजाज ऑटो के अध्यक्ष मोटर साइकिल, सारंग कनाडे ने बताया, बीस साल पहले, हमने पहली पल्सर 150 सीसी मोटरसाइकिल लॉन्च की थी, जिसने एंट्री.लेवल स्पोर्ट बाइकिंग सेगमेंटको हिलाकर रख दिया था और तब से यह भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली 150 सीसी मोटरसाइकिल रही है। एन 150 के साथ, पल्सर अपने सबसे बड़े और बोल्ड अवतार में सड़क पर राज कयह बाइक तीन आकर्षक रंगों, रेसिंग रेड, बोनी ब्लैक और मेटालिक पर्ल व्हाइट में उपलब्ध होगी। मूल्य 1,18,541 रुपये एक्स.शोरूम (उप्र) डिज़ाइन की भाषा डायनेमिकऔर एनर्जेटिक कैरेक्टर लाइन्स, संकुचित अनुपातऔर आधुनिक एयरो डायनामिजम का दावा करती है। मस्कुलर टैंक को चमकीले, शैलीषी वेस्ट सेक्शन से विरोधित किया जाता है जो एक आकर्षक प्रोफ़ाइल बनाता है।

## क्विक न्यूज

### बंधन रिटायरमेंट फंड के लॉन्च की घोषणा की

**वाराणसी।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन रिटायरमेंट फंड के लॉन्च की घोषणा कीए जिसका उद्देश्य निवेशकों को उनके सेवानिवृत्ति लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए इक्विटीए डेट और अन्य निवेश माध्यमों के मिक्स में निवेश करके लंबी अवधि में निवेश किए गए पैसे पर अच्छा खासा रिटर्न प्रदान करना है। फंड की प्रभावशाली एसेट आवंटन रणनीति निवेशकों को बाजार में गिरावट के दौरान संभावित गिरावट को कम करते हुए इक्विटी बाजार में तेजी से भाग लेने का अवसर प्रदान करती है। नया फंड ऑफर गुरुवारए 28 सितंबरए 2023 को निवेश के लिए खुलेगा और गुरुवारए 12 अक्टूबर, 2023 को बंद होगा। बंधन रिटायरमेंट फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ.साथ सीधे बंधन म्यूचुअलण्कॉम पर किया जा सकता है।

### इन्दिरा आईवीएफ द्वारा 32 साल बाद महिला को मिला संतान

**वाराणसी।** माहवारी बंद होने (रजोनिवृत्ति) के बाद एक 49 वर्षीय महिला नीता (बदला हुआ नाम) ने इंदिरा आईवीएफके सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश हॉस्पिटल में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) उपचार के माध्यम से गर्भधारण करके अपनी पहली संतान को जन्म दिया है। नीता की शादी को 32 साल हो गए थे और 41 साल की कम उम्र में मिनोपॉज हो गया था इस कारण प्राकृतिक गर्भधारण असंभव हो गया था। इन चुनौतियों के बावजूद माँ बनने की इच्छा मन में रखकर उसने शहर में स्थित इन्दिरा आईवीएफअस्पताल में एक्सपर्ट डॉण् सस्वि सिंह से सम्पर्क किया । नीता का मामला प्रायमरी नि:संतानता का है जिसमें महिला गार्भधारण करने में असमर्थ होती है। उसे मेलिटस डायबिटिजए हायपर टेन्षनए टीबी या किसी बड़ी सर्जरी की हिस्ट्री नहीं थी। हालाँकिए पूर्व में प्राकृतिक रूप से गर्भधारण करने में असमर्थ रही थी।

### गुणवत्ता, भरोसा और पहुँच की बुनियाद

**कानपुर।** मिनोशा इंडिया लिमिटेड ने अगली पीढ़ी के लेज़र प्रिंटर्स की एक असाधारण रेंज पेश की है। यह पेशकश ऑफिस प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी को नया रूप देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस महत्?वपूर्ण उत्पाद के दो विशिष्ट सेगमेंट हैं मोनो और कलर। प्रत्येक सेगमेंट को ऑफिस प्रिंटिंग का स्वरुप बदलनेए उत्पादकता बढ़ाने और असाधारण गुणवत्ता प्रदान करने के लिए बड़ी सावधानी से तैयार किया गया है। ये अभिनव प्रिंटर्स टेक्नोलॉजी में महत्वपूर्ण प्रगति के प्रतीक हैं। ये प्रिंटर्स उत्कृष्टता और उन्नति के जोश को प्रस्तुत करते हैं । मैनेजिंग डायरेक्टर अतुल ठक्कर ने कहा कि हमारी स्थायी विरासत गुणवत्ता, भरोसे और पहुँच की बुनियाद पर खड़ी है।

### राजस्व विभाग ने चिन्हित भूमि को जल निगम को किया सुपुर्द

**अमेठी।** सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना हर घर नलए हर घर जल पूरे जिले में बड़ी ही तेजी से कार्य हो रहा हैं। विकास खंड शाहगढ़ की ग्राम सभा किशुन दास पुर में भूमि चिन्हाकित न होने के कारण पानी की टंकी बनने में समस्या हो रही थी, उपजिलाधिकारी गौरीगंज अभिनव कन्नौजिया के आदेश पर तहसीलदार आशीष सिंह के निर्देशन में नायब तहसीलदार राज बहादुर वर्मा के नेतृत्व में राजस्व कर्मी व जल निगम के कर्मियों की संयुक्त टीम गठित हुई। जो ग्राम सभा में जाकर पानी की टंकी निर्माण हेतु जमीन गाटा संख्या 1045 रकबा 0ए0750 हेक्टेयर की पैमाईश कर चिन्हाकन कराया। और जल निगम जे ई सतीश यादव ने बताया कि विभाग को जमीन मिल चुकी हैं, इस पर बहुत ही जल्द टंकी बनाने का कार्य शुरू हो जायेगा। और ग्राम सभा के घरों तक पानी पहुंचने लगेगा। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक लालमणि पाण्डेयए जगदीश प्रसाद विश्वकर्माए राजस्व कर्मी अरुण तिवारीए राजकुमारए गौरव यादवए कुलदीप यादवए ग्राम प्रधान आदि सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**सोनभद्र।** आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज, रेणुकूट में बुधवार, को मिशन शक्ति के तहत सी.ओ., पिपरी आशीष मिश्रा और थाना प्रभारी, पिपरी राजेश कुमार सिंह ने छात्राओं को जागरूक किया। छात्राओं को संदेश दिया गया कि मुश्किल समय में फोन से 112 डायल करके आसानी से पुलिस से मदद माँगी जा सकती है। सी.ओ. पिपरी आशीष मिश्रा ने बताया कि अगर महिला से सम्बन्धित कोई भी शिकायत हो तो हेल्पलाइन नंबर-1090 पर तुरन्त फोन करना चाहिए। फोन करने पर आप तक तुरन्त सुरक्षा पहुँचेगी। इसके साथ ही एन्टी रोमियो स्क्वायड के बारे में भी छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ल ने पुलिस प्रशासन के इस अभियान की तारीफकरते हुए कहा कि आपात स्थिति में छात्राएं और महिलायें इन सेवाओं का लाभ उठा सकती हैं। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य सहित अन्य अध्यापक एवं अध्यापिकायें मौजूद रहीं।

## स्वच्छता और पौधरोपण से जीवन में आयेगी खुशहाली

**सकलडीहा/चन्दौली।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में बुधवार को स्वच्छता पखवाड़ा एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान इग्नू अध्ययन केंद्र 48047 के केन्द्र समन्वयक प्रोफेसर शमीम राईन और छात्रों ने स्वच्छता और पौधरोपण पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय में पौधरोपण किया। छात्रों से बढ़चढ़कर जागरूकता अभियान में भाग लेने का आवाहन किया। सकलडीहा पीजी कॉलेज इग्नू अध्ययन केंद्र 48047 के समन्वयक प्रोफेसर शमीम राईन के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में पधारोपण कर स्वच्छता पखवाड़ा का शुरूआत किया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडे द्वारा भी इस अवसर पर पौधा रोपण कार्यक्रम में बढ़.कर कर सहयोग एवं श्रमदान किया गया। प्राचार्य ने कहा कि जीवन की खुशहाली के लिये स्वच्छता के साथ पौध रोपण जरूरी है।

## बस्ती संपर्क अभियान का हुआ शुभारम्भ



**सोनभद्र।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा पूरे काशी क्षेत्र मे 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक बस्ती संपर्क अभियान चलाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष व सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि अनुसूचित मोर्चा द्वारा सेवा ही संकल्प के माध्यम से पूरे काशी क्षेत्र में बस्ती संपर्क अभियान चलाया जाएगा। बुधवार को जनपद सोनभद्र के गौरीशंकर मंडल के ग्राम पंचायत जैत में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बस्ती संपर्क अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ घर-घर जाकर किया गया। बस्ती संपर्क अभियान के तहत अनुसूचित बस्ती में समाज के बीच बस्ती संपर्क अभियान व संवाद कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जन-जन तक लोगों को जागरूक किया गया। सरकार आपके द्वार महा अभियान में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा संपर्क चलाकर लोगों से जुड़ने व लोगों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिस लेकर विशेष ध्यान देते हुए पदाधिकारी कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह पटेल अमन वर्मा दिनेश कुमार आलोक कुमार विनोद सोनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व एमएलसी का सत्याग्रह तीसरे दिन भी जारी, अन्य दलों ने किया समर्थन

**संवाददाता।** गौरीगंज, अमेठी

**अमेठी** बचाओ संघर्ष समिति की अगुवाई कर रहे कांग्रेस के पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह के नेतृत्व में आज सत्याग्रह के तीसरे दिन भी कांग्रेस के साथ सपा, बसपा, आम आदमी और किसान यूनियन ने अपना समर्थन जारी रखा। कांग्रेस नेता दीपक सिंह ने कहा कि विकास कि विनाशकारी सांसद से अब अमेठी की जनता ऊब चुकी है। इसलिए सांसद अमेठी के आम लोगों को पत्रकारों को स्थापित बड़े संस्थानों के साथ अब जीवन दयनीय अस्पताल को बन्द करा दिया। अमेठी ही नही बरन आसपास जिलों के आमजनमानस में बड़ा आक्रोश है।

सत्याग्रह में अमेठी सुल्तानपुर प्रतापगढ़ रायबरेली की जनता भी सत्याग्रह में शामिल होने को उत्साहित है। सत्याग्रह में रायबरेली कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी, शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो. इलियास, दर्जनों साथियों के साथ एवं सुल्तानपुर के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा भी अपने साथियो के साथ शामिल हुए अपने पदाधिकारियों के साथ आम आदमी पार्टी के शिव प्रसाद कश्यप, सपा प्रत्याशी मो. नईम स्थानीय कांग्रेस नेताओं में पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र मिश्र, धर्मेंद्र शुक्ला, कुलवंत, अनुराग सिंह, राम प्रसाद गुप्त, राम नरायण कन्नौजिया सहित सैकड़ो महिलाएं भी शामिल रही।



सत्याग्रह में उपस्थित लोग

# मीरजापुर के स्कूली बच्चों ने देखी पानी को पीने लायक बनाने की प्रक्रिया

- नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से आयोजित जल ज्ञान यात्रा में शामिल हुए स्कूली बच्चे
- वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचे, जल जांच प्रयोगशाला में पानी गुणवत्ता की जांच को नजदीक से देखा
- स्लोगन लिखी तख्तियां हाथों में पकड़े स्कूली बच्चों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण व संचयन का संदेश भी दिया
- जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से गांवों में आये बदलाव जानकर हुए खुश

**मीरजापुर।** अपनी प्राकृतिक सुंदरताए पर्यटन स्थलों और धार्मिक वातावरण से बरबस लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचने वाले मीरजापुर जिले में घर.घर तक पहुंच रहे स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था देख स्कूली बच्चे काफी खुश हुए। उन्होंने नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से जिले में स्थापित किये गये वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण किया और जल जांच प्रयोगशाला में पानी गुणवत्ता की जांच को भी पहली बार देखा। पानी को पीने लायक बनाने की प्रक्रिया उनके लिए एकदम नई थी। इसलिए उनके अन्दर एक.एक चीज जानने का उत्साह भी दिखाई दिया। उनको जल जीवन मिशन की ष्हर घर जलष् योजना से पहुंच रहे स्वच्छ पेयजल से गांव.गांव में आए बदलाव की भी जानकारी दी गई।

मीरजापुर जनपद में पहली बार नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ष्जल ज्ञान यात्राष् आयोजित की गई। जल ज्ञान यात्रा की शुरूआत तहसील कार्यालय के लालगंज से अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झण्डी दिखा कर किया। स्कूली बच्चों को सबसे पहले महादेव ग्राम समूह पेयजल योजना के वाटर ट्रीटमेंट प्लांटए नरयना कलां ले जाया गया जहां उन्होंने पीने के स्वच्छ पानी पहुंचाने की प्रक्रिया को समझा। इसके बाद स्कूली बच्चों को जल जांच प्रयोगशाला ले जाया गया। जहां पानी जांच के इंस्ट्रूमेंट्स के बारे में बच्चों ने स्कीम के प्रोजेक्ट मैनेजर से सवाल भी किये। प्रयोगशाला में पानी में कठोरता कैसे जांचते हैंए बैक्टीरिया का कैसे पता लगाते हैं आदि के बारे में भी उनको बताया गया। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बनाई गई जल जांच प्रयोगशाला में फील्ड टेस्ट किट से पानी श्रोतों की जांच दिखाई गई जिसे देख स्कूली बच्चे अचंभित रह गये। स्कूली बच्चों को पेयजल की आवश्यकताए महत्ताए उपलब्धता एवं गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी दी गई।

## भारत विरोधी नारे व झंडे के अपमान के विरोध में रोष

**रायबरेली।** कनाडा में कुछ लोगों द्वारा खालिस्तान की मांग करते हुए भारत विरोधी नारे व झंडे के अपमान के विरोध में रायबरेली के सिख समाज में बहुत रोष व्याप्त हुआ और इसके विरोध में कनाडा सरकार और खालिस्तान का प्रतीक पुतला बनाकर, खालसा चौक सुपर मार्केट के पास पुतला फूंका गया और नारेबाजी हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारत माता की जय एके लगाते हुए खालिस्तान मुर्दाबाद, कनाडा सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। सिख समाज ने एक स्वर से कहा हमारे देश का अपमान बर्दास्त से बाहर हैं और भारत सरकार से इसमें अविलंब कार्यवाही करने की मांग की, क्योंकि चंद आतंक फैलाने वाले लोग सिख वेश में होकर भारत व भारत के बाहर अन्य देशों मे सिखों को बदनाम कर रहे हैं।इसमें पंजाब सिंह मोंगा, बलजीत सिंह मोंगा, कमलजीत सिंह बग्गा, गुरजीत सिंह तनेजा, हरमंदर सिंह सलूजा, जसप्रीत सिंह गांधी, त्रिलोचन सिंह छाबड़ा, करनदीप सिंह मोंगा, हरभजन सिंह छाबड़ा, स्टोकी गांधी आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी नसीराबाद की स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल

**नसीराबाद, रायबरेली।** महिला एवं बाल स्वास्थ्य को लेकर भले ही सरकार तमाम योजनाऐं चला रही है।वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य और उनकी देखभाल को लेकर स्वास्थ्य विभाग कागजी घोड़े दौड़ा रहा है।लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद में महिला चिकित्सक की मनमानी कहीं न कहीं सरकार के निर्देश व स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों को कटघरे में खड़ा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है।महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण और सुरक्षित प्रसव के लिए एक महिला चिकित्सक की यहां तैनाती की गई है। महिला चिकित्सक का सीएचसी कभी 11बजे आती है। कभी कभी तो ऐसा होता है कि मरीज सी एच सी मे महिला चिकित्सक का इंतजार करते रह जाते है वह आती ही नहीं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज कुंवर मऊ में कक्षा11में पढ़ने वाली छात्रा कुण् लक्ष्मी को बेहोशी की हालत में लेकर जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो महिला चिकित्सक अंकिता आचार्या और अधीक्षक डॉ.संजय जायसवाल अनुपस्थिति रहे। अदूमऊ निवासी सुनीता की रिरीवरी हुई पर बच्चे की हालत ठीक नहीं थी। मजबूरी में उन्हें प्राइवेट चिकित्सक का सहारा लेना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में अनियमितत स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोलता दिखाई दे रहा है। सीएचसी नसीराबाद में महिला चिकित्सक देर से आने के कारण महिलाएं इलाज के लिए जिला मुख्यालय समेत अन्य प्राइवेट अस्पतालों के चक्कर लगाने को विवश है। जिसका खामियाजा महिला मरीजों को झेलना पड़ रहा है। लेवर रूम की सारी जिम्मेदारी सीएचसी में तैनात दाई और नर्स की रहती है। महिला चिकित्सक देर से आने के कारण महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण तक नही हो पा रहा है। महिलाओं की विभिन्न बीमारियों व इनके उपचार को लेकर सीएचसी नसीराबाद पूरी तरह से सुविधा विहीन हो चुका है। तो वही सी एच सी मे तैनात स्टाफनर्स द्वारा गर्भवती महिलाओं के परिजनों से अवैध वसूली का आरोप भी लगा है।

सीएचसी परिसर मे गंन्दगी का अंबार लगा है।आपातकालीन कक्ष के सामने लगा बिजली का स्विच बोर्ड खुला हैए जो आने वालों को मौत की दावत दे रहा है। डेगू एमलेरियाए टाइफाइड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है लेकिन सी एच सी के कर्मचारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे है। क्षेत्रीय लोगों ने कई बार मामले की शिकायत अधिकारियों से की है। अव्यवस्थाओं को लेकर किसान कल्याण ऐसोसिएशन ने सैकड़ों किसानो के साथ सीएचसी परिसर मे धरना प्रदर्शन भी किया था। पूर्व में निरीक्षण के लिए पहुंचे जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, सलोन विधायक अशोक कोरी से भी स्थानीय लोगों ने महिला चिकित्सक के देर से आने की शिकायत की थी। इसके बावजूद भी आज तक कोई कार्यवाही नही हुई है। न ही महिला चिकित्सक में कोई सुधार आया। इस बावत जब सीएमओ वीरेन्द्र सिंह से जानकारी करने पर कहा कि यह तो सीएचसी अधीक्षक ही जाने। सीएचसी अधीक्षक संजय कुमार जायसवाल ने इस बाबत बताया कि महिला चिकित्सक के विरुद्ध कई बार लिखा पढ़ी की किन्तु कोई कार्यवाही नहीं होती।

## भाजपा जिलाध्यक्ष का हुआ भब्य स्वागत

**मुग़लसराय/चन्दौली।** भाजपा मंडल पं दीनदयाल उपाध्याय नगर में नवमनोनित जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का परिचय जाना। जिलाध्यक्ष ने उपस्थित भाजपाजनो को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी बूथ का कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष या प्रदेश अध्यक्ष या राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है यह केवल भाजपा में ही संभव है।साथ ही साथ यह भी कहाँ कि मेरी दृष्टि में भाजपा का एक एक कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष हैए उन्होंने 2024 मे एक बार फिर से भाजपा सरकार बनाने के लिए कार्यकर्त्ताओ को पूरी ऊर्जा के साथ लग जाने को कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आलोक वरुण ने किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री कुंदन सिंह और भरत चौहान ने किया। इस अवसर पर काशीनाथ सिंह, अखिल पोद्दार, सुधीर घोष, सुनील श्रीवास्तव, सुषमा तिवारी, गीता रानी गुप्ता, ज्योति जायसवाल, समेत अन्य जन कि उपस्थिति रहे ।

# महिला क्रिकेट

## उल्लेखनीय उपलब्धि

**एशियाई खेलों** के फाइनल में महिला क्रिकेट टीम को स्वर्ण पदक मिलना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। भारत को महिला क्रिकेट टीम के कारण चीन के होंगझाऊ में चल रहे एशियाई खेलों में पहला स्वर्ण पदक मिला है। अटूट प्रतिबद्धता, अदम्य भावना तथा बेजोड़ कौशल का प्रदर्शन करते हुए महिला क्रिकेट अीम ने एशियाई खेलों के क्रिकेट फाइनल तें ऐतिहासिक विजय प्राप्त की है। देश ने बड़े गौरव के साथ देखा कि हमारी प्रतिभाशाली क्रिकेटरों ने अपने शानदार प्रदर्शन से खेलों के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। भारतीय महिलाओं की क्रिकेट टीम ने एशियाई खेल, 2023 में अपने 116 रन के जवाब में श्रीलंका की टीम को 19 रन से हरा कर सफलता पाई। इस मैच में ज्यादा स्कोर नहीं बना। एक कठिन पिच पर टाइटस साधु निश्चित रूप से स्टार की तरह उभरीं। उनकी बालिंग बहुत शानदार रही तथा उन्होंने 6 रन पर तीन विकेट ले लिए और इस प्रकार श्रीलंका को 20 ओवरों में केवल 97 रनों तक समेट दिया। बात केवल इतनी ही नहीं है। होंगझाऊ से भारत के लिए और अच्छी खबरें भी आईं। भारत की 10 मीटर एयर राइफल टीम ने विश्व रिकार्ड तोड़ कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रुद्रांश पाटिल व दिव्यांश सिंह पंवार के साथ स्वर्ण पदक में साझेदारी के बाद ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने व्यक्तिगत रूप से कांस्य पदक प्राप्त किया। भारत की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम को भी कांस्य पदक मिला। ये उपलब्धियां भारतीय टीम के लिए कोई सपना पूरा होने से कम नहीं हैं। लेकिन भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सबका दिल जीत लिया। दशकों से पुरुषों का क्रिकेट महिला क्रिकेट पर हावी रहा है और महिला खिलाड़ियों को अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में बहुत कम भत्ते और



वेतन मिलता है। लेकिन संभवत: जल्द ही यह स्थिति बदल जाएगी और स्पांसर्स इस ऐतिहासिक व जोरदार विजय के बाद उनके आयोजनों को स्पांसर करने के लिए लाइन लगा देंगे। एशियाई खेलों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विजय भारत में महिला क्रिकेट के मामले में मील का पत्थर है। इससे न केवल हमारे खिलाड़ियों की अदम्य खेल भावना प्रकट होती है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत का काम करती है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम का दर्जा लगातार ऊंचा होता जा रहा है और उसने देश में क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया है।

एशियाई खेलों के फाइनल में उनकी विजय उनके कठोर परिश्रम व प्रतिबद्धता की प्रतीक है। इन खिलाड़ियों ने अपना पूरा कौशल प्रयोग कर शानदार विजय प्राप्त की है। जोरदार बल्लेबाजी से लेकर असाधारण गेंदबाजी तक खेल के हर क्षेत्र में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन किया है। महिला क्रिकेट लीग के उभार, मीडिया में ज्यादा कवरेज तथा ढांचागत संरचनाओं पर ज्यादा निवेश, आदि सभी भारत में खेलों के उज्वल भविष्य का संकेत हैं। एशियाई खेलों के क्रिकेट फाइनल में भारतीय महिला टीम की विजय पूरे देश में उत्सव का विषय है। इन अविश्वसनीय खिलाड़िनों ने न केवल अपनी क्रिकेट शक्ति का प्रदर्शन किया है, बल्कि उन्होंने भारत में महिला क्रिकेट का भविष्य भी उज्ज्वल कर दिया है। इस ऐतिहासिक विजय का आनन्द मनाते समय यह याद रखना चाहिए कि यह केवल क्रिकेट के क्षेत्र में विजय नहीं, बल्कि 'नारी शक्ति' की विजय है। भारतीय टीम ने दिखा दिया है कि प्रतिभा तथा अडिग प्रतिबद्धता से क्या हासिल किया जा सकता है। उम्मीद है कि यह विजय भविष्य में खिलाड़ियों की और सफलताओं का प्रारम्भ होगी और इस प्रकार यह समय सचमुच खेलों का 'अमृत काल' सिद्ध होगा।

# सरल टैक्स व्यवस्था आवश्यक

**अनेक संशोधनों के कारण पुरानी व जटिल टैक्स व्यवस्था से न केवल करदाता भ्रमित होते हैं, बल्कि इसके कारण कर चोरी व भ्रष्टाचार भी फैलता है।**



**सुभाष चंद्र अग्रवाल**
(लेखिका, आरटीआई सलाहकार हैं)



भारत में 6 दशक पुराने आयकर कानून, 1961 में अनेक संशोधन किए गए हैं जिसके कारण एक जटिल टैक्स व्यवस्था हमारे सामने है। इसी प्रकार 1 जुलाई, 2017 से लागू वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी कानून के कारण नियमित रूप से कर ढांचा बदल रहा है। इस भ्रामक जीएसटी व्यवस्था तथा बहुत अधिक भ्रामक एवं जटिल प्रावधानों के कारण पूरी व्यवस्था बहुत जटिल हो गई है। निरर्थक एवं लगातार भ्रमित करने वाली छूटों के बजाय एक पूर्णत: नई कर व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। राजा चेल्लैया समिति ने उच्चतम कर को 30 प्रतिशत पर रखने का सुझाव दिया था जो दुनिया के अधिकांश देशों में लागू है। इसमें काले धन को सफेद धन में बदलने के प्रयास समाप्त करने के प्रावधान भी शामिल थे। लेकिन अनेक सेस व सरचार्जों के माध्यम से इस उच्चतम स्तर को धीरे-धीरे बढ़ाने के प्रयासों से प्राप्त हुए लाभ लगभग नष्ट हो रहे हैं। उच्चतम कर की दर 30 प्रतिशत बहाल की जानी चाहिए ताकि लोग खातों में अपनी पूरी आय दिखाना लाभदायक समझें। इसके साथ ही एक स्थाई स्वैच्छिक घोषणा योजना शुरू की जानी चाहिए ताकि टैक्स रिटर्नों में 30 प्रतिशत उच्चतम टैक्स को शामिल कर आय का स्रोत बताए बिना कोई आय दिखाने पर प्रतिबंध होना चाहिए। इससे खासकर संपत्ति समझौतों में नकदी हस्तांतरण से मुक्ति मिल सकती है। इसके साथ ही संपत्ति के पंजीकरण पर टैक्स घटा कर केवल तीन प्रतिशत किया जाना चाहिए। उच्चतम 30 प्रतिशत कर स्तर के अंतर्गत अपनी आय घोषित करने वाले लोगों के नाम वेबसाइट पर होने चाहिए ताकि अपने रुतबे की चिन्ता करने वाले लोग अपनी आय घोषित करने की दौड़ में शामिल हों।

मूलभूत कर रियायतों को पांच लाख रुपये तक सीमित किया जाना चाहिए जिसमें दान, राजनीतिक पार्टियों को चंदा तथा कृषि आय भी शामिल हो जिसका ज्यादातर दुरुपयोग होता है। एक आम किसान की आय साल में पांच लाख रुपये से अधिक नहीं होती है। इसमें वे सेलेब्रिटीज़ भी शामिल हैं जो अपनी अघोषित आय को कृषि आय बता देते हैं। कुछ लोग गांवों में जमीन इसी उद्देश्य से खरीदते हैं, जबकि उनसे कोई कृषि उत्पादन नहीं होता है।

आयकर के स्लैब 5-10 लाख व 10-15 लाख आय के लिए 10 व 20 प्रतिशत होने चाहिए, जबकि इससे अधिक आय पर 30 प्रतिशत टैक्स लगना चाहिए। एलके झा समिति ने कैलेंडर वर्ष को वित्त वर्ष बनाने की संस्तुति की थी। दुनिया के अधिकांश देशों की तरह इसका क्रियान्वयन होना चाहिए। इस प्रकार वर्तमान समय में वित्त वर्ष अप्रैल-मार्च की एक और ब्रिटिश विरासत समाप्त होगी। यह हास्यास्पद है कि टैक्स व कार्पोरेट आडिट में डिप्रीसियेशन की अलग-अलग दरें होती हैं। एक अकेले व एकीकृत टैक्स तथा कार्पोरेट आडिट की व्यवस्था होनी चाहिए। छोटे नकदी हस्तांतरणों पर ध्यान देने के बजाय 10,000 रुपये से ऊपर की सभी खरीद-बिक्री अनिवार्य रूप से बैंक लेनदेन के माध्यम से होनी चाहिए।

इसके लिए क्रेडिट कार्डों पर लगने वाले ट्राजैक्शन टैक्स को घटा कर केवल आधा प्रतिशत करते हुए जीएसटी को इसके दायरे से बाहर रखना चाहिए। क्रेडिट कार्डों से खरीद पर सभी प्रोत्साहनों को समाप्त कर केन्द्र सरकार को ट्रांजैक्शन टैक्स का वहन स्वयं करना चाहिए। वर्तमान समय में ट्रांजैक्शन टैक्स दो प्रतिशत होने के कारण व्यापारी इसे खासकर कम मुनाफे वाले मामलों में ग्राहकों से अलग से वसूल करते हैं। इस व्यवस्था से सरकार को उच्च कर राजस्व मिलेगा और वह आधा प्रतिशत ट्रांजैक्शन चार्ज का वहन कर सकेगी। आधा प्रतिशत ट्रांजैक्शन चार्ज होने के बावजूद क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंकों को ज्यादा कमाई होगी क्योंकि क्रेडिट कार्डों का प्रयोग कई गुना बढ़ जाएगा। नकदी का प्रयोग करने वाले प्रत्येक जीएसटी पंजीकृत व्यापारी के लिए दो प्रकार की क्रेडिट कार्ड मशीनें रखना जरूरी होना चाहिए ताकि स्वैपिंग मशीन खराब होने के बहाने नकदी लेनदेन से बचा जा सके। क्रेडिट-डेबिट कार्ड से भुगतान लेने से इनकार करने वालों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

विनिर्माण में जीएसटी व्यवस्था में इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट व्यवस्था करापवंचन की भ्रष्ट व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है जहां सामान्य ग्राहकों द्वारा छोड़ी गई जीएसटी-इन्वायसें व्यापारियों को बेच दी जाती हैं जो विनिर्माताओं या उत्पादकों को गलत इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट दावों के लिए प्रेरित करते हैं। इससे जहां व्यापारी बची जीएसटी-इन्वायसों को नकद देकर खरीदते हैं, वहीं वास्तविक ग्राहक भी व्यवस्था में ज्यादा नकदी लाते हैं। इसी कारण नोटबंदी का मुख्य उद्देश्य विफल हुआ है। उम्मीद थी कि इससे नकदी में कमी आएगी, पर वास्तव में यह बढ़ गई है। विनिर्माताओं-उत्पादकों के इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट के दावों पर एक वार्षिक फारेंसिक आडिट अनिवार्य किया जाना चाहिए क्योंकि इन क्षेत्रों में इन्पुट टैक्स क्रेडिट बहुत है। एक अध्ययन किया जाना चाहिए कि यदि बहुत अधिक 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब समाप्त किया जाए तो विनिर्माण-उत्पादक क्षेत्रों से भी इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट समाप्त कर इसे केवल व्यापार योग्य वस्तुओं तक सीमित किया जाना चाहिए। लेकिन इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट व्यवस्था में यह सुधार व्यावहारिक रूप से तभी संभव होगा जब जीएसटी कर ढांचे में व्यापक सुधार किया जा। शुरुआत में सभी वर्तमान जीएसटी दरों को समाप्त कर केवल 6, 12 व 30 प्रतिशत के स्लैब रखे जा सकते हैं।

धीरे-धीरे 6 और 12 प्रतिशत के स्लैब समाप्त कर केवल 10 प्रतिशत का नया ढांचा लागू किया जा सकता है। शून्य प्रतिशत जीएसटी केवल बिना ब्रांड वाले कच्चे माल तक सीमित होनी चाहिए जिसे बिना परिष्करण के प्रयोग करना संभव न हो। इसमें कृषि उत्पाद, मछली, मांस, सूती धागा, आदि शामिल हो सकते हैं। दीर्घकालीन प्रयोग वाली सभी चीजों, जैसे कार, एयरकंडीशनर, टीवी सेट, रेफ्रीजरेटर, आदि पर 30 प्रतिशत जीएसटी लगना चाहिए, जबकि उनके पुर्जों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगना चाहिए। वर्तमन समय में कन्फेक्शनर्स द्वारा बेची जाने वाली सभी चीजों, जैसे मिठाइयों, बिस्कुटों व नैपकिन, आदि पर अलग-अलग जीएसटी लगता है, जबकि डायबिटीज़ का कारण बनने वाली लक्ज़री मिठाइयों पर केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है।

सोने के जेवरों जैसे उत्पादों पर इन्वायस दो हिस्सों में बनाए जा सकते हैं जिनमें एक धातु तथा दूसरा बनवाई का होना चाहिए। इसमें 12 प्रतिशत केवल बनवाई पर लगना चाहिए। बहुत-शानदार चीजों पर अतिरिक्त जीएसटी 60 प्रतिशत के दायरे में रखा जा सकता है। पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाने से सभी राज्यों में पेट्रोल व डीजल की कीमतें समान हो जाएंगी। 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब समाप्त करने की भरपाई 3 व 5 प्रतिशत के जीएसटी स्लैबों को एक 6 प्रतिशत जीएसटी स्लैब में शामिल करने से हो जाएगी। इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट-आईटीसी व्यवस्था गैर-व्यापारिक वस्तुओं व सेवाओं पर लागू नहीं होनी चाहिए। इसमें गैर-वाणिज्यिक प्रयोग वाली कारें शामिल हैं। 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब समाप्त होने तथा सेवा क्षेत्र पर केवल 12 प्रतिशत जीएसटी लगने के कारण 10 लाख या उससे अधिक आमदनी वाले लोगों को जीएसटी व्यवस्था में शामिल किया जा सकता है। वकीलों को जीएसटी व्यवस्था से बाहर रखना अनुचित है। जीएसटी के लिए स्रोत पर कर काटने की व्यवस्था व्यवहार में प्रयोग नहीं होती है, इसलिए इसे समाप्त कर देना चाहिए। सभी सरकारी भुगतानों को जीएसटी से बाहर रखना चाहिए। इससे सरकारी खातों में सरकार की एक जेब से टैक्स दूसरी जेब में रखने की अनावश्यक व्यवस्था समाप्त होगी। स्पीडपोस्ट जैसी महत्वपूर्ण डाक सेवाओं पर टैक्स लगाना तथा दूसरों को इससे बाहर रखने का कोई औचित्य नहीं है। इन्लैंड व विदेशी पोस्टल दरों में सुधार होना चाहिए। वर्तमान समय में 200 ग्राम की वस्तु को स्पीड पोस्ट से भेजने पर 30 रुपये, जबकि सामान्य पोस्ट से भेजने पर 50 रुपये लगते हैं। इसी प्रकार विदेश भेजे जानी वाली डाक की दरें 20 ग्राम के आधार पर तय होनी चाहिए फिर चाहे इसे सी-सरफेस मेल से भेजा जाए या एयरमेल पोस्ट से।

# विश्वविद्यालयों में चिकित्सा सुविधाएं आवश्यक



**शिवानी शर्मा**



**निमरत कौर**

यह वास्तव में एक गंभीर चिंता का विषय है कि विभिन्न राज्यों के छात्रों को विश्वविद्यालय में चिकित्सा उपचार सुविधाओं तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उचित स्वास्थ्य सेवाओं की कमी उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे विभिन्न बीमारियाँ हो सकती हैं। छात्रों को अक्सर निजी अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है, जो हर किसी के लिए वहनीय नहीं हो सकता है। इसके अतिरिक्त, भाषा की बाधा समस्या को और बढ़ा देती है, क्योंकि ज्ञान की कमी के कारण छात्रों का फायदा उठाया जा सकता है। इन चुनौतियों के मद्देनजर, विश्वविद्यालय को परिसर के भीतर ही पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं के प्रावधान को प्राथमिकता देनी चाहिए। साइट पर चिकित्सा सेवाएं स्थापित करने से, छात्रों को स्वास्थ्य देखभाल तक आसान पहुंच प्राप्त होगी, जिससे उनके समग्र कल्याण को बढ़ावा मिलेगा। विश्वविद्यालय परिसर के भीतर स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं होने से न केवल छात्रों के शारीरिक स्वास्थ्य को लाभ होगा, बल्कि उनके मानसिक शांति और शैक्षणिक प्रदर्शन में भी योगदान मिलेगा।

इसके अलावा, इस मुद्दे को संबोधित करके, विश्वविद्यालय छात्रों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है और एक समावेशी और सहायक वातावरण बनाता है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि छात्रों की स्वास्थ्य संबंधी ज़रूरतें पूरी हों, जिससे वे परिसर के बाहर चिकित्सा देखभाल लेने के अतिरिक्त बोझ के बिना अपनी पढ़ाई और व्यक्तिगत विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

विश्वविद्यालय के भीतर उचित चिकित्सा सुविधाओं में निवेश करने से, छात्रों को स्वास्थ्य देखभाल तक सुविधाजनक और किफायती पहुंच प्राप्त होगी। यह कदम छात्र आबादी की विविध आवश्यकताओं को स्वीकार करता है और उनकी भलाई के मूल्य पर जोर देता है। यह एक महत्वपूर्ण पहल है जो एक स्वस्थ, संपन्न



विश्वविद्यालय समुदाय को बढ़ावा देती है। विश्वविद्यालय परिसरों में छात्रों को अक्सर स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक अहम मुद्दा परिसर में चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच है। यह कोई रहस्य नहीं है कि विश्वविद्यालय परिसर विशाल और हलचल भरे हो सकते हैं, जिससे छात्रों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच आवश्यक हो जाती है। छात्रों के सामने एक आम चुनौती सुविधाजनक स्वास्थ्य देखभाल विकल्पों की कमी है। कई परिसरों में सीमित चिकित्सा सुविधाएं हैं, या वे छात्र आवासों या शैक्षणिक भवनों से बहुत दूर स्थित हो सकते हैं। इससे कठिनाइयाँ पैदा हो सकती हैं, विशेष रूप से आपात स्थिति में या जब छात्रों को बीमारी या चोटों के लिए तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त, विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता चिंता का विषय हो सकती है। विश्वविद्यालय के छात्र अद्वितीय स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं के साथ विविध पृष्ठभूमि से आते हैं। इन विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परिसरों को कई प्रकार की चिकित्सा सेवाओं की पेशकश करने की आवश्यकता है, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य सहायता, प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी स्थितियों के लिए विशेष देखभाल शामिल है। विचार करने योग्य एक अन्य पहलू स्वास्थ्य देखभाल की लागत है। विश्वविद्यालय के छात्रों को अक्सर वित्तीय तनाव का सामना करना पड़ता है, और चिकित्सा खर्चों का बोझ उनकी चुनौतियों को और बढ़ा सकता है। सुलभ चिकित्सा सुविधाओं को कम लागत वाले परामर्श, दवा और परीक्षण जैसे किफायती या रियायती स्वास्थ्य देखभाल विकल्प प्रदान करके इसे ध्यान में रखना चाहिए।

स्वास्थ्य देखभाल अंतर को पाटने के लिए विश्वविद्यालय सक्रिय कदम उठा सकते हैं। वे छात्रों के व्यस्त कार्यक्रम को समायोजित करने के लिए विस्तारित संचालन घंटों के साथ परिसर में चिकित्सा क्लीनिक या स्वास्थ्य केंद्र स्थापित कर सकते हैं। इसके अलावा, स्थानीय अस्पतालों या स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ साझेदारी विशेष सेवाएं या तत्काल देखभाल सुविधाएं प्रदान करके पहुंच बढ़ा सकती है।

छात्रों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय परिसरों में सुलभ चिकित्सा सुविधाओं को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। चुनौतियों का समाधान करके और व्यापक, किफायती और सुविधाजनक रूप से स्थित स्वास्थ्य सेवाओं की पेशकश करके, विश्वविद्यालय छात्रों को अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने और अकादमिक रूप से आगे बढ़ने में सहायता कर सकते हैं।

निष्कर्षत:, विभिन्न राज्यों के छात्रों की स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए विश्वविद्यालय परिसर के भीतर चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान एक तत्काल आवश्यकता है। यह कदम न केवल उनकी शारीरिक भलाई को बढ़ाएगा बल्कि विश्वविद्यालय में उनके समय के दौरान उनकी समग्र सफलता और खुशी में भी योगदान देगा। आइए हम एक स्वस्थ और अधिक समावेशी शैक्षणिक वातावरण के लिए प्रयास करें जहां छात्रों के स्वास्थ्य पर वह ध्यान दिया जाए जिसका वह उचित हकदार है।

## आप की बात

### भारत की सफलता

**वर्ष 2023** भारत के लिए हर दृष्टि से सफल और ऐतिहासिक वर्ष रहा है। भारत ने अब तक चीन के हांगझू में आयोजित एशियाई खेलों में 11 पदक जीते हैं- दो स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य। इसी तरह सफल जी20 शिखर सम्मेलन, एशिया कप पुरुष व महिला आदि इन उपलब्धियों में शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट टीम लगातार मैच जीत रही है और अब उसने 5 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को बुरी तरह हराकर श्रृंखला भी जीत ली है। यह इसके बावजूद हुआ कि प्रमुख खिलाड़ी रोहित शर्मा, विराट कोहली, बुमराह और सिराज आराम कर रहे हैं। इससे भारतीय खिलाड़ियों में साहस बढ़ेगा, आत्मविश्वास बना रहेगा और यह उन्हें आगामी आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए तैयारी और उत्साह से भर देगा। उम्मीद है कि यह 2011 की जबरदस्त जीत का एहसास दिलाएगा और राष्ट्र को राहत की सभी सुखद अनुभूतियों का एहसास होगा। भारत में खेलों का विश्वस्तरीय ढांचा तैयार हो रहा है जिससे सुदूर ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्रों के नौजवानों व नवयुवतियों को भी खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। खेलों में अधिकाधिक लोगों के भाग लेने से सामाजिक एकजुटता, भाईचारा व मेल-मिलाप की भावना भी मजबूत होगी।

- **मोहम्मद तौकीर,** पश्चिमी चंपारण

### बदलती दुनिया

**दुनिया** तेजी से बदल रही है। पुराने मित्र और खेमे अब पहचान नहीं रह गए हैं। व्यापारिक जरुरत एवं आर्थिक संबंध एक दूसरे को करीब लाते हैं या दूर ले जा रहे हैं। वयस्क लोगों के लिए यह कल्पना करना भी असंभव था, लेकिन आज इसराइल के पर्यटन मंत्री संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में भाग लेने के पहले सऊदी अरब का दौरा कर रहे हैं। इससे पहले रियाद के राजकुमार मोहम्मद बिन सलमान ने कहा था कि इज़राइल के साथ चल रही बातचीत का अर्थ सामान्य संबंधों की संभावना का निकट आना है। अन्य इस्लामिक देश, जैसे बांग्लादेश, सूडान, ब्रूनेई, सोमालिया, मोरक्को, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात भी इज़राइल के साथ अपने संबंधों को स्थिर करने के लिए काम कर रहे हैं । सवाल है कि ऐसे में अब फिलिस्तीनियों का क्या भविष्य रह जायेगा? इसराइल के साथ नफरत और दूरी वाले पिछले 7 दशकों के संबंध से फिलिस्तीनियों को कुछ हासिल नहीं हुआ। फिलिस्तीन समस्या दुनिया की शायद सबसे पुरानी ऐसी समस्या है जिसका समाधान आज तक नहीं हुआ है। सवाल यह भी है कि भावी दुनिया में दबंग देशों द्वारा उत्पीड़ित जनता व छोटे देशों का क्या हाल होगा?

-**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### उत्तर प्रदेश की प्रगति

**उत्तर प्रदेश** की प्रगति उल्लेखनीय है। एक बीमारू राज्य की श्रेणी से उठकर निवेशकों की पसंद वाला राज्य बनना निसंदेह एक सुखद समाचार है। फिल्म जगत की बड़ी-बड़ी हस्तियां हों या बैंकों के चेयरमैन या मुकेश अम्बानी जैसे बड़े उद्योगपति, सभी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मुलाकात करके प्रदेश में हो रहे विकास को सराहा है और वहां निवेश की बात की है। इसके पीछे दो सबसे प्रमुख कारण हैं, सर्वप्रथम सुधरी हुई कानून एवं व्यवस्था और सड़कों व एक्सप्रेसवे का बढ़ता हुआ जाल। इससे अब राज्य के एक शहर से दूसरे शहर में जाना बेहद आसान हो गया है। श्रमिक वैसे भी उत्तर प्रदेश में सस्ते ही मिलते थे जिन्हे अब अपना प्रदेश छोड़कर दूसरे प्रदेश जाने की जरूरत नहीं है। ऐसे परिदृश्य में यह निवेशकों, राज्य और यहाँ के लोगों सभी के लिए अच्छी खबर है। विकास, रोजगार और प्रगति सब एक दुसरे से जुड़े हुए हैं। प्रदेश की प्रगति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की क्षमता, लगन व दृढ़ता तथा केन्द्र सरकार के संपूर्ण सहयोग का प्रमुख स्थान है। उम्मीद करनी चाहिए कि भविष्य में भी यही स्थिति बनी रहेगी।

-**बाल गोविंद,** नोएडा

### विपक्ष में दरारें

**हरियाणा** के कैथल में चौधरी देवीलाल के जन्म दिवस समारोह पर विपक्षी दलों के जमावड़े के बावजूद इंडिया गठबंधन में स्पष्ट दरारें और अविश्वास भी दिखाई दिया जिसका असर हरियाणा में गठबंधन पर पड़ेगा। विपक्षी एकता के सूत्रधार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं पहुंचे, आम आदमी पार्टी का कोई नेता मौजूद नहीं था और कांग्रेस ने इस ऐतिहासिक रैली का बाय काट किया है। हरियाणा में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। हरियाणा में यदि इंडिया गठबंधन कामयाब नहीं होता है तो चार कोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। यह एक ऐतिहासिक रैली थी जिसमें भीड़ की कोई कमी नहीं थी। लेकिन इंडिया गठबंधन के अनेक नेताओं की अनुपस्थिति खटकने वाली है। आने वाले दिनों में स्पष्ट हो जाएगा कि कांग्रेस व आम आदमी पार्टी का अभय चौटाला की पार्टी इनेलो से गठबंधन होगा या नहीं। विपक्ष व खासकर इंडिया में दरार का लाभ निश्चित रूप से भाजपा को होगा। इससे मनोहरलाल खट्टर को मुख्यमंत्री का एक और कार्यकाल मिल सकता है।

- **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# निवेश मित्र पोर्टल पर आवेदन पत्रों का समय से करें निस्तारणः डीएम

## ● प्रभारी जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित

## प्रभारी जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने के दिये निर्देश

**प्रयागराज।** प्रभारी जिलाधिकारी एवम सीडीओ गौरव कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी सीडीओ गौरव कुमार ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही साथ उन्होंने हिदायत दी है कि उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित विभाग के अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग विद्युत विभाग क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एक जनपद एक उत्पाद मार्जिन मनी योजना प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के अन्तर्गत प्राप्त इंवेस्ट इंटेंट तथा निवेश मित्र पोर्टल से सम्बंधित विषयों की बिंदुवार समीक्षा की। बैठक में युनाइटेड मेडीसिटी हॉस्पिटल रावतपुर झलवा प्रयागराज को बिजली की सप्लाई निरंतर करने के विषय के सम्बंध में प्रभारी जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को प्रकरण के तकनीकी बिंदुओं का अध्ययन करते हुए


बैठक करते प्रभारी जिलाधिकारी गौरव कुमार।

प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने एवं अद्यतन रोस्टर व्यवस्था के अनुसार विद्युत की सप्लाई करने के लिए निर्देशित किया है।

उन्होंने कहा कि रोस्टर के अनुसार जितनी विद्युत सप्लाई है उतनी अवश्य दी जाये। यदि रोस्टर के अतिरिक्त किसी अन्य कारण से विद्युत आपूर्ति में कटौती की गयी है तो कारण का उल्लेख करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के लिए कहा है। प्रभारी जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद मार्जिन मनी योजना के तहत बैंको में लम्बित आवेदन पत्रों को समय से निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए प्रभारी जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से निस्तारित करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि यदि कोई प्रकरण आता है तो विभागीय अधिकारी शिकायतकर्ता से आपसी बातचीत कर अगली बैठक से पूर्व उक्त प्रकरण को अवश्य निस्तारित करा लें। बैठक में उपायुक्त उद्योग के द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि प्रकरणों से सम्बंधित विभागीय अधिकारी उद्यमियों से सम्पर्क कर उनकी समस्या के निदान हेतु विभागीय प्रक्रिया से अवगत कराते हुए उनकी समस्या का समाधान करायें। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग शरद टण्डन नटवर लाल भारतीय समेत तमाम उद्यमी उपस्थित रहे।

# झोपड़ पट्टी में रहने वालों को सरकार शीघ्र देगी मुफ्त फ्लैट

## ● प्रयागराज समेत नगर निगम वाले शहरों में फ्लैट बनाने के लिए जमीन तलाश रहे अधिकारी

**प्रयागराज।** झोपड़ पट्टी में रहने वाले परिवारों को अब फ्लैट में रहने का सपना शीघ्र साकार होने वाला है। सरकार अब मलिन बस्तियों में झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों के लिए उसी मलिन बस्ती में फ्लैट बनाने की तैयारी में जोर शोर से लगी है। खास बात यह है कि इसके बदले सरकार उनसे कोई रुपये नहीं लेगी बल्कि इससे मलिन बस्ती में रहने वालों की हालत में सुधार होगा। डूडा की परियोजना निदेशक वर्तिका सिंह ने बताया कि इस योजना का लाभ पहले चरण में पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के नगर निगम वाले शहरों में


परियोजना निदेशक वर्तिका सिंह।

मिलेगी। इसकी जिम्मेदारी नगर निगम और डूडा को दी गई है। विभाग की ओर से फ्लैट बनाने के लिए जमीन की तलाश शहरी क्षेत्र में व्यापक स्तर पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि फ्लैट उसी जमीन पर बनाया जाएगा जो सरकार के अधीन होगी और वहां पहले से ही लोग झोपड़ी में रह रहे हैं। डूडा की परियोजना निदेशक वर्तिका सिंह ने बताया कि मलिन बस्तियों को चिह्नित करने के लिए हमारी टीमें लगी हैं। दरअसल सरकार फ्लैट बनाने का यह कार्य प्राइवेट एजेंसियों के जरिए कराएगी। फ्लैट बनाने के बाद पहले उन लोगों को उसमें शिफ्ट किया जाएगा जो उस मलिन बस्ती की झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं। इसके बाद एजेंसी उसे बाहरी लोगों को निर्धारित कीमत पर बेचेगी। उन्होंने बताया कि सरकार कार्य कराने वाली एजेंसी को जमीन मुफ्त में देगी। जिसके बदले एजेंसी वहां पर बिल्डिंग बनाकर झोपड़ी में रहने वालों को फ्री में फ्लैट देगी और बाहरी लोगों से रुपये लेकर उसे बेचेगी। डूडा की परियोजना निदेशक वर्तिका सिंह ने बताया कि जितने दिन तक भवन निर्माण होगा उतने दिन उस मलिन बस्ती के लोगों को कहीं और रहना होगा और उसका किराया सरकार देगी।

# भ्रष्टाचार के आरोपी इंजीनियर पावर ग्रिड के भाई की जमानत अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कथित रियल स्टेट व्यवसायी आजाद सिंह को जमानत पर रिहा करने से इंकार कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने जमानत अर्जी खारिज करते हुए दिया है। याची पावर ग्रिड कारपोरेशन सहारनपुर के सीनियर चीफ इंजीनियर संजय कुमार का भाई हैं।जिसने रूड़की सहारनपुर विद्युत लाइन निर्माण में किसानों को पेड़ की अधिक संख्या दिखाकर भारी मुआवजा तय कर अपने भाई और पत्नी तथा रिश्तेदारों के खाते में लाखों रुपए जमा करा लिया। मुख्य आरोपी सीनियर चीफ इंजीनियर संजय कुमार की जमानत अर्जी पहले ही खारिज हो चुकी की है। अब किसानों से लाखों रूपए अपने व फर्म के बैंक खाते में जमा कराने वाले भाई आजाद सिंह को भी जमानत देने से इंकार कर दिया है। जांच सीबीआई द्वारा की गई। सीबीआई के वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश और संजय यादव का कहना था कि याची के खाते में धनराशि जमा की गई है। जबकि याची का कहना था कि वह रियल इस्टेट का व्यवसायी है। इसलिए किसानों ने उसके खाते में पैसे जमा किए।उसे सीनियर चीफ इंजीनियर का भाई होने के नाते फंसाया गया है। पावर ग्रिड आफ इंडिया लिमिटेड के चीफ बिजिलेंस अधिकारी ने प्रारंभिक जांच कर शिकायत भेजी। जिस पर सीबीआई थाना गाजियाबाद में 18 मार्च 18 को एफआईआर दर्ज कराई गई। 2014 2016 ट्रांसमिशन लाइन निर्माण के समय किसानों को पेड़ व फसल नुकसान का मुआवजा दिया गया। फर्जी पेड़ दिखाकर 9238670 लाख का अतिरिक्त मुआवजा स्वीकृत किया गया और चीप इंजीनियर ने अपने भाई पत्नी और रिश्तेदारों के खाते में किसानों से 5565000 रूपये वापस जमा करा लिए। सरकारी खजाने को लाखों का नुकसान पहुंचाया। कोर्ट ने कहा आर्थिक अपराध को सुप्रीम कोर्ट ने भी गंभीर अपराध माना है और सख्त रुख अपनाने को कहा है। याची पर आरोप गंभीर है।

# सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता का आयोजन

**अयोध्या।** सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता सोहावल प्राथमिक विद्यालय साल्हेपुर निमैचा में आयोजित हुई। आयोजित 6 प्रतियोगिता में क्षेत्र के विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। पेटिंग प्रतियोगिता में अंकिता प्रथम गौरी यादव ने द्वितीय तथा दीपिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में सूर्याशं श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान, यश भारती ने द्वितीय तथा समर प्रताप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में रूचि यादव ने प्रथम रिंकी निषाद ने द्वितीय तथा प्रिया रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ में विजय ने प्रथम, सुमित ने द्वितीय तथा निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बाल संसद गठन में कम्पोजिट विद्यालय करेरू प्रथम तथा पू.मा.वि. अरकुना द्वितीय , सांस्कृतिक कार्यक्रम में कम्पोजिट विद्यालय अरथर प्रथम प्रा.वि. पूरे रामदीन द्वितीय तथा प्रा.वि. साल्हेपुर निमैचा तीसरे स्थान पर रहा।

इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता प्रतिभावान छात्र-छात्रओं की प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता से निरंतर और बेहतर करने का भाव मन में जाग्रत होता है। जिससे बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इस दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित संचालन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



### सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता संचालन समिति की बैठक

मिल्कीपुर सांसद सास्कृतिक मेधा प्रतियोगिता संचालन समिति की बैठक के कम्पोजिट विद्यालय किनौली में अयोजित हुई। जिसमें संचालन समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया। सांसद लल्लू सिंह ने बैठक में प्रतियोगिता को लेकर सभी की जिम्मेदारियां तय की गई। सदस्यों को जिम्मेदारियों की निर्वाहन के लिए सांसद ने निर्देशित किया।

# डिजिटलीकरण की ओर बढ़ रहा यूपीएसआरटीसी

**प्रयागराज।** दुनिया के प्रमुख ऑनलाइन बस टिकट प्लेटफॉर्म रैडबस ने रैडबस प्लेटफॉर्म्स ऐप और वेबसाईट पर ऑनलाइन टिकट बुकिंग उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के साथ साझेदारी की घोषणा की है। अब यूपीएसआरटीसी के यात्री यूपी के अंदर और यूपी से अन्य राज्यों जैसे राजस्थान दिल्ली उत्तराखण्ड एवं बिहार के लिए चौबीसों घण्टे सुविधाजनक एवं भरोसेमंद टिकट बुकिंग के विकल्प पा सकेंगे। मनोज अग्रवाल चीफबिजनेस ऑफिसर रैडबस ने कहा यूपीएसआरटीसी के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है जो हमारे प्लेटफ़ॉर्म में सबसे बड़े आरटीसी में से एक है। यूपीएसआरटीसी के पास देश का सबसे बड़ा बस फ्लीट है और यह न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि पड़ोसी राज्यों के लोगों को भी किफ़ायती परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराता है। हम डिजिटल टिकट सेवाओं के ज़रिए लाखों बस यात्रियों को सुविधाएं प्रदान करते हैं।

## क्विक न्यूज

### जिलाधिकारी, एसपी व जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार बहराइच का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी कृतिका शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जिला कारागार बहराइच का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होने जेल में बन्द कैदियों को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली तथा जेल में बंद बंदियों से मिलकर उनका कुशलक्षेम भी जाना। उन्होने जेल अधीक्षक को सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं को समय से बन्दियों को मुहैया कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने रसोई घर, स्टोर खाद्यान, महिला बैरक, पुरुष बैरक, किशोर बैरकए पाक पाठशाला व अस्पताल का निरीक्षण कर जायजा लिया। बंदियों से उनकी समस्याएं भी सुनी तथा उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित भी किया। डीएम ने महिला बैरक में पहुंचकर उन्हें जेल प्रशासन द्वारा मुहैया करायी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली तथा महिला कैदियों के स्वास्थ्य एवं उनके नवजात शिशुओं/बच्चों की उचित देखभाल तथा सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया।

### केन्द्रीय दुर्गापूजा व रामलीला समन्वय समिति की बैठक

**अयोध्या।** विगत 19 सितंबर से नगर में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कल 28 सितंबर को शाम 5 बजे शोभायात्रा के रूप में जमुनिया बाग से चलकर चौक घंटाघरए पॉपुलर गलीए रिकाबगंज चौराहा के रास्ते नियावां से मुड़कर थाना कैंट के रास्ते होते हुए विसर्जन हेतु गुप्तार घाट जाएगी। पूजा समितियां शाम 4 बजे से जमुनिया बाग में लाइन से एकत्र होने लगेंगी। विसर्जन की पूर्व संध्या पर केंद्रीय समिति के पदाधिकारी का एक प्रतिनिधि मंडल प्रमुख संरक्षक विजय कुमार गुप्ता के साथ नगर में भ्रमण के लिए निकला तथा गणेश पूजा समितियां को विसर्जन के संबंध में प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों से अवगत कराया। केंद्रीय समिति के रामलीला प्रभारी प्रेमनाथ राय तथा सहसंयोजक गगन जायसवाल ने बताया इस बार बारावफात के जुलूस के वजह से प्रशासन द्वारा सायंकाल 5 बजे विसर्जन शोभायात्रा निकालने की अनुमति दी गई है, इस जानकारी से सभी पूजा समितियां को अवगत कराया जा रहा है।

### पांच गौ तस्कर गिरफ्तार

**किछौछा अंबेडकरनगर।** अपराध व अपराधियों के विरुध्द प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष चेंकिग अभियान के दौरान मंगलवार रात्रि 12 बजे मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि बीबीपुर प्राथमिक विद्यालय के आगे नहर के पास दो तीन व्यक्ति करीब 5 गौवंशी पशुओं को लेकर उसे काटने के लिए गोलपुर की तरफलेकर जा रहे है। इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा बीबीपुर नहर के पास पहुँच कर संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया। जिस पर गौ तस्कर भागने का प्रयास करने लगे । पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी की गयी तो गौ तस्करों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर करने लगे। पुलिस टीम द्वारा जबावी फायर किये जाने पर जनपद के टॉप टेन अपराधियों की सूची में नामित पशु तस्कर माफिया 32 वर्षीय वलीउल्लाह उर्फ अजमेरी पुत्र कलामतुल्लाह निवासी निषाद नगर किछौछा थाना बसखारी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया हैं । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा 315 बोरए एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस मुठभेड व गिरफ्तारी तथा बरामदगी के सम्बन्ध में मुअसं. 302/2023 धारा 307 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम अभियुक्त वलीउल्लाह उर्फ अजमेरी पुत्र कलामतुल्लाह निषाद नगर किछौछा थाना बसखारी व 02 अज्ञात अभियुक्तगण के विरुद्ध पंजीकृत किया गया । मुठभेड़ में थाने का एक सिपाही भी घायल हुआ है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा गंभीर

**अंबेडकर नगर।** आगामी लोकसभा चुनाव को गम्भीरता से लेते हुए भाजपा गंभीरता से लग गई है। भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को वोटर चेतना महाअभियान के अंतर्गत प्रत्येक मण्डल में अभियान के लिए संयोजक नियुक्त कर नए मतदाता बनने के लिए प्रेरित करने और उनके मतदाता फार्म भरवाने का कार्य सौंपा है। जिसके अन्तर्गत संयोजक गण अपने संबंधित मण्डल में लग कर गम्भीरता से कार्य सम्पादित कर रहे हैं। वोटर चेतना महाअभियान के जिला संयोजक विमलेंद्र प्रताप सिंह ने अभियान के संबंध में कहा कि भाजपा की सोच है कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी युवा मतदाता बनें और किन्हीं कारणों से मतदाता नहीं बन सके ऐसे अन्य लोग भी मतदाता बने इसकी चिंता भाजपा कार्यकर्ता विशेष रूप से कर रहे हैं। भाजपा चाहती है कि मतदाता बनने योग्य कोई भी अभियान में छूट नहीं जाए। प्रत्येक मतदाता को अपना जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर प्राप्त हो।

# दो छात्रों का राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल टीम में चयन

**अम्बेडकरनगर।** जिले के अग्रणी संस्थान तक्षशिला एकेडमी के दो छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल टीम में हुआ है। एक छात्र अंशराज सिंह जो कक्षा 8 में पढ़ाई कर रहा है उसका चयन दिल्ली सब जूनियर नेशनल फुटबॉल टीम के लिए हुआ है। यह 24 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आंध्र प्रदेश में खेलेगा। यह छात्र शहजादपुर का निवासी है और इनके पिता की शहजादपुर में ही एक छोटी सी दुकान है जबकि दूसरा छात्र अंकुर राजभर सिजौली लारपुर का निवासी है इसका भी चयन दिल्ली सब जूनियर फुटबाल टीम में नेशनल खेलने के लिए हुआ है जो 22 सितंबर से 8 अक्टूबर तक जबलपुर मध्य प्रदेश में खेलेगा। ये दोनों छात्र गरीब परिवारों से संबंध रखते हैं। इन छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताएं एवं फुटबॉल का प्रशिक्षण सांसद रितेश पांडेय जी के मार्गदर्शन में पिछले 8 सालों से नि:शुल्क चल रहा है। बचपन से ही इन छात्रों की प्रतिभा को ध्यान में रखते हुए फुटबॉल कोच जितेंद्र कुमार एवं मुकेश सिंह ने इन छात्रों को प्रशिक्षित कर रहे हैं।

# श्रीराम लला के साथ अयोध्या में बन रहा है मां सीता का मंदिर

**अयोध्या।** अयोध्या धाम में भगवान श्री राम लला के भव्य मंदिर के साथ जानकी घाट मोहल्ले में स्थित श्री सीता निवास मंदिर में श्री सीता निवास सेवा ट्रस्ट के द्वारा भव्य नव्य और दिव्या श्री सीता जी के मंदिर का निर्माण चल रहा है जिसका 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है और बुधवार को वैदिक आचार्य के पूजन और वस्त्र दान के साथ हेड ट्रस्टी उदय प्रकाश सिंह के संरक्षण में द्वितीय चरण का कार्य हुआ प्रारंभए जिसमें माता के गर्भगृहए मंडप और परिक्रमा का कार्य होगा। श्री राम मंदिर के साथ दिसंबर तक भव्य श्री सीता मंदिर का भी कार्य पूरा हो जाएगा।

ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत अवनीश दास महाराज ने बताया कि अयोध्या में प्रभु श्री राम लला का मंदिर बन रहा था हमारे और सभी ट्रस्टी गणों के मन में विचार आया की मां सीता का भी भव्य मंदिर बनना चाहिए और और इसी के साथ 2 जुलाई को हेड ट्रस्टी उदय प्रकाश सिंह और उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर श्याम सिंह के उपस्थिति में भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ हुआ और सितंबर में प्रथम चरण का कार्य पूरा हुआ और इसी के साथ द्वितीय चरण का कार्य हुआ प्रारंभ।

उदय प्रकाश सिंह ने बताया कि यह चरण के कार्य प्रारंभ के पहले वैदिक ब्राह्मण का पूजन किया गया उनको वस्त्र दान कर भोजन कराया गया और कार्य प्रारंभ हुआ उन्होंने बताया कि सीता माता के मंदिर के साथ 14 नान एसी और 4 एसी कमरों का निर्माण हो रहा है जो पूर्ण रूप से यात्रियों के लिए निशुल्क रहेगा। उन्होंने बताया कि मंदिर में वर्तमान समय में विद्यार्थियों की सेवा गौ सेवा अनवरत संचालित हो रही है और मंदिर निर्माण के साथ सेवाओं का भी विस्तार होगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारी में कोषाध्यक्ष राकेश सिंह पालीवाल उपाध्यक्ष मुरलीधर पांडे सचिव अनिरुद्ध पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# प्लास्टिक प्रदूषण रोकने को करायें प्रचार-प्रसारः डीएम

## ● डीएम ने की जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति की बैठक

**गोंडा।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में हुयी। बैठक के दौरान डीएम ने जिला गंगा समिति व जिला पर्यावरण समिति से जुडे विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं की गहनता से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने विभागों को निर्देश दिए कि जिन विभागों के वृक्षारोपण के जियोटैगिंग का कार्य अभी अधूरा है, वह इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराकर वन विभाग को अवगत करायें। कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना आज के समय में सबसे जरूरी है। पेड़ रहेंगे तभी यह धरती सुरक्षित रहेगी। अत: अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएं। डीएम ने बैठक के दौरान कहा कि सूखे व गीले कूड़े को अलग-अलग स्टोर किया जाये व


कलेक्ट्रेट में बैठक करतीं डीएम नेहा शर्मा।

डोर टू डोर कूडे को एकत्रित किया जाये। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों के निर्देश दिये कि नदियों में गिरने वाले कूड़े पर रोक लगाई जाए। अभियान चलाकर प्लास्टिक प्रदूषण के रोकथाम के संबंध में प्रचार प्रसार कराया जाए। शहरी क्षेत्र में प्रदूषित नालों के प्रदूषण की रोकथाम हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिया कि अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट का निस्तारण पूरी सावधानी पूर्वक कराया जाए। सभी अस्पतालों को निर्देशित किया जाए कि वह मेडिकल वेस्ट के निस्तारण में लापरवाही ना बरतें उसका पूरी सावधानी से निस्तारण कराएं। बैठक में सिंगल यूज प्लास्टिक की समीक्षा के दौरान नगरपालिका परिषद गोण्डा को फटकार लगाते हुए प्रदूषण नियंत्रण विभाग अयोध्या को निर्देश दिये हैं कि सिंगल यूज प्लास्टिक के कार्य को समय से न करने पर नगर पालिका गोण्डा को तत्काल नोटिस जारी कर कार्यवाही की जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, डीडी एजी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, बीएसए, पंचायत विभाग, नगर पालिका गोण्डा, प्रदूषण नियंत्रण विभाग अयोध्या, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, खनन निरीक्षक, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यटन दिवस पर विधायक ने हरी झण्डी दिखाकर टीम को किया रवाना

## ● युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों एवं छात्राओं का दल भ्रमण पर गये

**संतकबीरनगर।** विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी ने 'विश्व पर्यटन दिवस' के अवसर पर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद संतकबीरनगर द्वारा जनपद में गठित राजकीय इण्टर कालेजों में 'युवा पर्यटन क्लब' के सदस्यों एवं छात्राओं को ईको टूरिज्म गंतव्य बखिरा झील पर शैक्षिक भ्रमण हेतु वाहन को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। सांसद प्रतिनिधि आनन्द त्रिपाठी एवं अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश उपस्थित रहे। आने वाले भविष्य में ये सभी छात्र पर्यटन क्षेत्र के उत्थान व विकास में भागीदार होंगे। ये अपने संपर्क में आने वाले अन्य छात्रों को भी पर्यटन के विषय में जागरूक करने में सहायक होंगे। जनपद में पर्यटन की सम्भावनाओं से परिपूर्ण अनेक स्थल


हरी झण्डी दिखाते विधायक मेंहदावल।

है। बखिरा झील की विशाल जलराशि ईको टूरिज्म की सम्भावनाओं से परिपूर्ण एक महत्वपूर्ण गन्तव्य है, जहॉ शीत ऋतु में प्रवासी पक्षियों की अनेक प्रजातिया आती है, जिन्हे देखना मन को रोमांचित करता है। भ्रमण कार्यक्रम में राजकीय कन्या इण्टर कालेज खलीलाबाद एवं राजकीय आश्रम पद्धति बालिका इं0 कालेज चकदही के कक्षा 6 से 12 तक की कुल 40 छात्राओं एवं प्रति विद्यालय दो नोडल शिक्षको का चयन किया गया है। भ्रमण हेतु युवा पर्यटक क्लब की बस को विधायक मेंहदावल द्वारा फ्लैग आफ करके बखिरा झील हेतु रवाना किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। युवा पर्यटन क्लब की छात्राओं ने बखिरा झील की सैर की, वन विभाग के अधिकारियों द्वारा इन छात्राओं को बखिरा के वन्यजीव एवं जल जीवों के विषय में जानकारी दी गई।

# भूमाफिया ने कूटरचित कर कराया फर्जी बैनामा

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** रजिस्ट्री बैनामे में भूमाफिया द्वारा फर्जी गवाही व कूटरचित हस्ताक्षर कराने के मामले में कोतवाली टाण्डा पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। मामला मोहल्ला मुबारकपुर का है। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक कमलेश यादव को सौंपी गई है। वादी मुकदमा मोहम्मद अज्वर पुत्र मो0 हलीम निवासी मोहल्ला मुबारकपुर अन्सारगंज ने बताया कि विपक्षी वीरेंद्र पुत्र लालजी प्रसाद निवासी ग्राम मुबारकपुर रसूलपुर ने अपनी भूमिधरी बताकर गाटा संख्या 140 का बैनामा उम्मे ऐमन पत्नी अनवर मोहल्ला सीटकहॉं टाण्डा को बीते वर्ष 18 दिसम्बर 17 को किया था। जिसका रिकार्ड रजिस्ट्री कार्यालय के अभिलेखों में मौजूद है। जिसमे वादी को अफवाहन पता चला कि उक्त कथित बैनामे में वादी को बतौर गवाह दर्शया गया है। जबकि वादी को कोई जानकारी नही है न ही उसने कोई गवाही की है। उक्त बैनामे में वादी का कूटरचित हस्ताक्षर व आई डी एवं फोटो का दुरुपयोग किया गया है।

उक्त बैनामे में विक्रेता वीरेंद्र पुत्र लालजी व दूसरे गवाह अबोध कुमार उर्फ मनोज दुबे पुत्र राम शब्द दुबे निवासी मोहल्ला मुबारकपुर जो प्रार्थी के पड़ोस के है उन्हें भली भांति जानता पहचानता हूं जबकि क्रेता उम्मे ऐमन को नही जानता हूँ। वादी का आरोप है कि विक्रेता व अबोध उर्फमनोज दूबे ने दुरभिसन्धि करके फर्जी हस्ताक्षर व फोटो आई डी का दुरुपयोग करने से काफी व्यथित है पुलिस ने मामले में तीनों लोगों के विरुद्ध धारा 467, 468 आई पी सी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। लेकिन भूमाफिया बेधड़क कोतवाली में खुलेआम घूम रहे हैं। इस संबंध में टाण्डा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है विवेचना उपनिरीक्षक द्वारा की जा रही है आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# डीएम ने तालाब के सौन्दर्यीकरण कार्य का लिया जायजा

**श्रावस्ती।** मंगलवार को सायंकाल जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने नगर पालिका भिनगा कार्यालय के निकट बने सर्वामाई धाम मन्दिर के पास तालाब पर नगरीय तालाब झील संरक्षण परियोजना के अन्तर्गत कराये जा रहे सौन्दर्यीकरण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान तालाब से स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत जलकुम्भी निकालने का कार्य चल रहा था। कार्य की शिथिल गति पाये जाने पर उन्होने अधिशासी अधिकारी को मजदूरों सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाकर तालाब से जलकुम्भी हटाकर स्वच्छ बनाने का निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि तालाब पर इण्टरलॉकिंग एवं सीढ़ी निर्माण का कार्य पूरा हो गया है अन्य अवशेष कार्यो में और तेजी लाकर तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य कराकर संरक्षित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि तालाब के पास सर्वामाई धाम मंदिर पूज्यनीय स्थल है इसलिए यहां पर दर्शन करने श्रृद्धालुगण भी आते रहते हैए इस



तालाब के सौन्दर्यीकरण होने पर निश्चित ही यहां पर आने वाले श्रृद्धालुओं को भी लाभ मिलेगा और यहां का वातावरण भी और मनोरम हो जायेगा।

जिलाधिकारी ने मुख्य मार्ग से मंदिर तक आने वाले मार्ग की साफसफाई की व्यवस्था हेतु अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया है व तालाब के सौन्दर्यीकरण में भी अवशेष कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने यह भी कहा कि जो भी धनराशि तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए प्राप्त हुई है उसे पूरे पारदर्शिता के साथ सौन्दर्यीकरण कार्य में व्यय किया जाए और व्यय धनराशि एवं कार्य के प्रगति की रिपोर्ट भी कार्य पूरा होने तक निरन्तर प्रेषित किया जाए। इस अवसर पर अवर अभियंता नीरज मंदिर के महन्थ मौजूद रहे।

### फूलबेहड में बीबीबीपी योजना पर हुई अभिमुखीकरण कार्यशाला

# महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा कानून की जानकारी पर जोर



**लखीमपुर खीरी।** बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अभिमुखीकरण कार्यक्रम में महिलापरक कानूनों की जानकारी देने के साथ महिला शिक्षा और सुरक्षा पर विशेष फोकस रहा। बुधवार को ब्लॉक फूलबेहड़ सभागार में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंहए डीपीओ संजय कुमार निगमए जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह ने कहा कि देश की लगभग आधी आबादी महिलाओं के सशक्तीकरण और सुरक्षा को लेकर सरकार द्वारा बड़े कदम उठाये जा रहे हैं। सरकार ने महिलाओं और बालिकाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजना संचालित की हैए जिनका उन्हें भरपूर लाभ मिल रहा है। डीपीओ संजय निगम ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल महिलाओं को पढ़ाना ही नहीं बल्कि लिंगानुपात को समान करना है। यह तभी हो सकता है जब मानसिक परिवर्तन के साथ.साथ सामाजिक सहभागिता का सहयोग उपलब्ध हो। महिला सशक्तिकरण एवं समाज मे व्यापक बदलाव हेतु हमें शुरूआत स्वयं से करनी होगी और अपने आस.पास की बालिकाओं एवं महिलाओं हेतु एक नजीर पेश करनी होगीए जिससे वे अपने क्षेत्र एवं समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने सके।

डीपीओ ;आईसीडीएसद्ध भारत प्रसाद ने महिलापरक योजनाओं का न केवल एक.एक कर जिक्र किया बल्कि उनसे जुड़कर महिलाएं.बालिकाएं कैसे अपने जीवन को संवार सकती इसकी जानकारी दी। महिला कल्याण अधिकारी आर्य मित्रा बिस्टए जिला समन्वयक निक्की गुप्ताए केंद्र प्रशासिका वन स्टाफ सेंटर रश्मि चतुर्वेदी ने मिलकर समाज में विद्यमान घरेलू हिंसा को समाप्त करने तथा महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने सीएम कन्या सुमंगला योजनाए सीएम बाल सेवा योजनाए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओए निराश्रित महिला पेंशनए पीएम केयर्स योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की पात्रताए शर्तें एवं मिलने वाले लाभ की जानकारी दी। कार्यक्रम को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शकुंतला उपाध्यायए सीडीपीओ पूजा त्रिपाठीए काउंसलर कयूम जरवानीए संरक्षण अधिकारी अनुज चतुर्वेदीए गंगासागर यादवए खंड कार्यक्रम प्रबंधक ;स्वास्थ्यद्ध विकास श्रीवास्तवए लीगल एंड डिफेंस काउंसलिंग विधिक सेवा प्राधिकरण सौरभ त्रिपाठीए निजम प्रज्ञात शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीए कर्मचारियों ने महिलापरक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिलाएंए स्वयं सहायता समूह की दीदीए आशाए आंगनवाड़ी एवं बालिकाएं मौजूद रही।

# युवा पर्यटन क्लब के छात्रों के दल को विधायक ने दिखाई हरी झंडी

### स्टूडेंट्स ने किया वन चेतना केंद्र का किया दीदार, छोटी काशी गोला में आराधना धार्मिक और ईको टूरिज्म से परिपूर्ण पर्यटन स्थल का किया भ्रमण

**लखीमपुर खीरी।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में युवा पर्यटन क्लब की बस को बुधवार प्रात: ९०३० बजे कलेक्ट्रेट परिसर से विधायकए सदर योगेश वर्मा ने फ्लैग आफ करके शिवमंदिर गोला गोकर्णनाथ ;छोटी काशीद्ध एवं पं० दीनदयाल उपाध्याय वन चेतना केन्द्र हेतु रवाना किया। उक्त फ्लैग आफके समय जिला विद्यालय निरीक्षक उपस्थित रहे।

विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि जनपद में पर्यटन की सम्भावनाओं से परिपूर्ण अनेक स्थल है। शिवमंदिर गोला गोकर्णनाथ ;छोटी काशीद्ध एवं पं0 दीनदयाल उपाध्याय वन चेतना केन्द्र धार्मिक एवं ईको टूरिज्म की सम्भावनाओं से परिपूर्ण जनपद के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है। डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उक्त भ्रमण कार्यक्रम में राजकीय कन्या इण्टर कालेज एवं राजकीय इण्टर कालेजए लखीमपुर खीरी के कक्षा 7 से 12 तक के कुल 50 छात्र छात्राओं एवं प्रति विद्यालय दो नोडल शिक्षको एवं दो सहायकों का चयन किया गया है।

पर्यटन सूचना अधिकारी की अगुवाई में जनपद में राजकीय कालेजों में गठित युवा पर्यटन क्लब के सदस्योंध् युवा पर्यटन क्लब के छात्र.छात्राओं ने धार्मिक एवं ईको पर्यटन स्थल शिवमंदिर गोला गोकर्णनाथ ;छोटी काशीद्ध एवं पं0 दीनदयाल उपाध्याय वन चेतना केन्द्र पर शैक्षिक भ्रमण किया। शिवमंदिर गोला गोकर्णनाथ ;छोटी काशीद्ध एवं पं० दीनदयाल उपाध्याय वन चेतना केन्द्र की सैर की वन विभाग के अधिकारियों ने वनों के महत्व एवं इससे संबंधित पर्यटन पर जानकारी प्रदान की।

पर्यटन सूचना अधिकारी सुचित्त चौधरी ने बताया कि युवा पर्यटन क्लब की स्थापना का उद्देश्य भारतीय पर्यटन के प्रति युवा प्रतिनिधियों का विकास करना हैए जिनके द्वारा विचारए शब्द और कार्य के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगाए जो सतत विकास के अनुरूप हो। पर्यटन क्लब देश में जिम्मेदार और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है क्योकि इसका उद्देश्य कल के नागरिको को बुनियादी स्तर पर शिक्षित करना है। पर्यटन क्लब देश में जिम्मेदार और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है क्योकि इसका उद्देश्य कल के नागरिको को बुनियादी स्तर पर शिक्षित करना है। पर्यटन आर्थिकए सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों से संबंधित विषयों की समझ विकसित करने में मदद करता हैए जो इसके नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है। आने वाले भविष्य में ये सभी छात्र पर्यटन क्षेत्र के उत्थान व विकास में भागीदार होंगे। ये अपने संपर्क में आने वाले अन्य छात्रों एवं व्यक्तियों को भी पर्यटन के विषय में जागरूक करने में सहायक होगे।

# भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा क्षेत्रीय बैठक का भव्य आयोजन



**बरेली।** भारतीय जनता पार्टी सिविल लाइंस बरेली कार्यालय पर क्षेत्रीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें की विभिन्न जिलों से आगरा,बदायूं, आवंला अलीगढ़, पीलीभीत, शाहजहांपुर से आई हुई बहनों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर वरिष्ठ पदाधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। बैठक का शुभारंभ ब्रज क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह शाक्य व महिला क्षेत्रीय अध्यक्ष रश्मि रावल , प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ निवेदिता श्रीवास्तव, महानगर नगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ,कोषाध्यक्ष रंजना सोलंकी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बहन मधुलिका राघव , महामंत्री चंद चंद्रेश गुप्ता , बहन दुर्गेश नंदिनी , महानगर अध्यक्ष नीलम जेठा , महामंत्री मंगलेश सक्सेना ने दीप प्रचलन कर शुभारंभ किया।बैठक में अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह शाक्य ने सभी जिलों की बहनों से परिचय कर सभी के पद की जानकारी ली व संगठन में कैसे काम किया जाता है इस विषय पर चर्चा की और माननीय मोदी जी द्वारा बहनों को 33 परसेंट आरक्षण दिए जाने पर शुभकामनाएं दी। सभी बहनों को दिलासा भी दी कि आप ही लोगों में से बहुत सी बहनें राजनीतिक क्षेत्र में बहुत कुछ अच्छा करने वाले हैं इसलिए आप लोग कर्म करते रहिए फल की इच्छा मत करिए फल देने का कार्य पार्टी करेगी। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष रश्मि रावल ने आगामी चुनावों में कार्य कैसे करना है व आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया की कब कौन से कार्यक्रम हम लोगों को करने हैं। मोदी जी द्वारा जितनी भी योजनाएं चल रही हैं उन सब से लाभान्वित लोगों से मिलने के लिए और सेल्फियां लेने के लिए व जनता को जागरूक करें का संदेश दिया। महानगर अध्यक्षा नीलम जेठा ने सभी का स्वागत मोमेंटो, शाल व फूलों का गुलदस्ता देकर किया । कार्यक्रम का कुशल संचालन क्षेत्रीय महामंत्री चंद्रेश गुप्ता ने किया। महानगर बरेली से शहर प्रभारी प्रतिभा जौहरी, मंत्री ममता जौहरी,नंदा अ अग्रवाल मीडिया प्रभारी अंजू उपाध्याय, रश्मि प्रधान जय श्रीवास्तव सीमा अरोड़ा कमल गुप्ता सभी बहनों की पूर्ण सहभागिता रही सभी ने अपनी जिम्मेदारियां को बहुत अच्छे से निर्वहन कर बैठक को सुंदर रूप दिया।महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलम जेठा द्वारा सभी बहनों को सुंदर सुंदर स्मृति चिन्ह भेंट किये गयें। महिला मोर्चा द्वारा भव्य क्षेत्रीय कार्य समिति बैठक का समापन किया गया।

## यूजर फ्रेंडली वातावरण पर जोर

लखनऊ। इनड्राइव किराए को लेकर यात्रियों और ड्राईवर को आपस में नेगोशिएट करने की अनुमति देकर राइड शेयरिंग इंडस्ट्री को प्रभावित कर रहा है। दिल्ली एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नईए चंडीगढ़, पुणे, अहमदाबाद, सूरत, लखनऊ, लुधियाना, जयपुर और भोपाल में उपलब्ध इनड्राइव ग्राहकों को अपनी सवारी का दाम तय करने की स्वतंत्रता दे रहा है। बाजार में मौजूदा कमियों को दूर करने के लिए उचित समाधान बनकर इनड्राइव अन्याय को चुनौती दे रहा है और यह इसकी ग्लोबल एक्सपांशन स्ट्रेटेजी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। साउथ एशिया इनड्राइव की पीआर मैनेजर पवित नंदा आनंद ने कहा श्हमारा ध्यान सभी प्रतिभागियों के लिए एक सुरक्षित और यूज़र फ्रेंडली वातावरण बनाने पर है। हमारे लिए सुरक्षा सर्वोपरि हैए और हम अपने प्लेटफ़ॉर्म पर सुविधाजनक यात्राओं के दौरान सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से फीडबैक लेते रहते हैं। सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिएए हम सेफ्टी पैक्ट लेकर आए हैं जिसमें उपयोगकर्ताओं को समर्पित सर्विसेसए टिप्स और ड्राइवरों और यात्रियों के लिए एक आचार संहिता शामिल है।

# श्री बांके बिहारी मंदिर से श्री भारत माता मंदिर तक निकाली प्रभात फेरी



**बरेली।** परम पूज्य संत श्री सुधांशु जी महाराज के सानिध्य में विराट दिव्य सनातन सत्संग का आयोजन 5 से 8 अक्टूबर श्री त्रिवटी नाथ मंदिर में हो रहा है। जिसमें प्रतिदिन दो सत्र में प्रातः तथा सायं प्रवचन होंगे ।दिव्य सत्संग से पूर्व प्रभात फेरियों की श्रृंखला में मंगलवार 26 सितंबर को प्रभात फेरी श्री बांके बिहारी मंदिर से प्रारंभ हुई जो विभिन्न मार्गो से होती हुई श्री भारत माता मंदिर पर संपन्न हुई । प्रभात फेरी का सतीश कातिब , अभय भटनागर दीपा त्रिपाठी गीता जोशी रोहित अग्रवाल नमो नारायण अग्रवाल केसर स्वीट्स वंदना अग्रवाल सुनील अग्रवाल, गुलशन आनंद, रेखा मेहरा, सुमन सक्सेना, सुधा अग्रवाल, आदि के द्वारा पुष्प वर्षा व जलपान से स्वागत किया गया। प्रभात फेरी में श्रद्धालु श्री महाराज जी के कीर्तन तथा उद्घोष के साथ बड़े उत्साह से चलते रहे ।प्रभात फेरी में प्रधान देवेंद्र खंडेलवाल, महामंत्री पवन अरोड़ा ,कथा संयोजक संजय गर्ग, कथा संयोजक संदीप मेहरा, सुनील अग्रवाल ,वंदना अग्रवाल ,सुदर्शन बिष्ट ,रमाशंकर पचौरी, राजेश कटिया, रेनू सूरी, गीतेश गुप्ता आदि ने सफल संचालन में पूर्ण सहयोग दिया ।

# अधीक्षण अभियंता से मिला विद्युत मजदूर का प्रतिनिधिमंडल, अधिकारियों ने मान ली मांगें

गाजीपुर। विद्युत मजदूर पंचायत गाजीपुर की अधीक्षण अभियंता से विभिन्न कर्मचारी समस्याओं को लेकर द्विपक्षीय वार्ता हुई संपन्न गाजीपुर। विद्युत मजदूर पंचायत के पूर्वांचल अध्यक्ष एवं प्रदेश अतिरिक्त प्रांतीय महामंत्री निर्भय नारायण सिंह के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल गाजीपुर में पांचों अधिशाषी अभियंता सहित बिलिंग एजेंसी स्टर्लिंग के जोनल हेड अखिलेश कुशवाहा वा संविदा कर्मियों के एजेंसी भारत इंटर प्राइजेज से विजय यादव के साथ विद्युत कर्मियों की तमाम समस्याओं को लेकर वार्ता हुई जिसमें निम्न बिंदुओं पर सहमति बनी। वही वार्ता संपन्न के बाद कर्मचारी नेता निर्भय सिंह ने बताया कि उपकेंद्रों के अनुरक्षण एवं परिचालन में लगे संविदा कर्मियों को माह जुलाई 2023 का वेतन दो दिन के अंदरए अगस्त माह का वेतन अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में तथा सितंबर का वेतन उसके बाद दशहरा से पूर्व निर्गत कर दिया जाएगा। मीटर रीडिंग का कार्य कर रहे मीटर रीडरों का वेतन 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2023 के बीच में दो माह का भुगतान किया जाएगा। मीटर रीडरों के इपीएफएवं ईएसआईसी की राशि 15 से 20 अक्टूबर 2023 के बीच में जून 2022 तक का इपीएफए 15 नवंबर 2023 तक दिसंबर 2022 तक का इपीएफएवं इस साल के अंत तक संपूर्ण इपीएफ की राशि सभी मीटर रीडरों के खाते में चली जाएगी। सभी संविदा कर्मियों एवं मीटर रीडरो को जॉइनिंग लेटर एवं ईएसआईसी हेल्थ कार्ड 15 दिन के अंदर वितरित कर दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष अरविंद कुशवाहा ने बताया कि सभी संविदा कर्मियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने पर भी सहमति बनी।

# एक अक्टूबर से शुरू होगी धान खरीद

लखीमपुर खीरी। जिले में एक अक्टूबर से धान खरीद शुरू होगी। खरीफविपणन वर्ष 2023.24 में जनपद में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत धान खरीद वर्ष 2023.24 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के तहत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिले में स्थित सभी 169 धान क्रय केन्द्रों पर नियमित रूप से किसानों द्वारा धान के विक्रय की प्रक्रिया को सुगमए पारदर्शी रूप से सम्पादित करने के लिए प्रत्येक धान क्रय केन्द्र पर कनिष्ठध्वरिष्ठ नोडल अधिकारियों ड्यूटी लगायी है। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम अपने.अपने क्षेत्र के अन्तर्गत स्थिति धान क्रय प्रक्रिया के प्रभारी रहेंगे तथा नियमितए सघन अनुश्रवण करेंगे। प्रत्येक केन्द्र पर तहसील के लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी लगाते हुए शासन की मंशा के अनुरूप धान क्रय के लक्ष्य को सुगमतापूर्वक सम्पन्न कराने में सहयोग करेंगे। पर्यवेक्षणीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण नियमित रूप से पूरे क्रय सत्र में ;01 अक्टूबरए 2023 से 31 जनवरीए 2024 तकद्ध क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे। शासनादेश व निर्धारित मानकों के अनुरूप किसानों से निर्वाध रूप से धान क्रय कराया जाना सुनिश्चित कराते हुए कृषकों की धान विक्रय की समस्याओं के समाधान कराना सुनिश्चित करेंगे तथा निरीक्षण के कोई प्रतिकूल तथ्य ध् विशिष्ठ सुझाव से उन्हें एवं एडीएम व डिप्टी आरएमओ को त्वरित रूप से अवगत करायेंगे। धान क्रय केन्द्रों की क्रियाशीलता, व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित वरिष्ठ पर्यवेक्षणीय अधिकारी 29 सितंबर को धान एवं मक्का क्रय केन्द्रों का सघन निरीक्षण कर 30 सितम्बर को अपरान्ह 1 बजे तक निरीक्षण आख्याध्ओके रिपोर्ट प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।

## पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की

शाहजहांपुर। प्लाट खरीदने गयी एक महिला से रेप करने का मामला सामने आया है। जिसके बाद महिला ने आरोपी सभासद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया है। लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के 16 दिन बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नही की है।अब इस मामले में समझौते का दबाब बनाया जा रहा है। आपराधिक किस्म के लोग पीड़िता के घर जाकर उसको धमका रहे हैं। पीड़िता शाहजहांपुर एसपी से लेकर बरेली रेंज के आईजी तक अपनी फरियाद लेकर गिड़गिड़ा चुकी हैं लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी अब भी नही हो सकी। दरअसल शाहजहांपुर की कोतवाली तिलहर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 11 सितंबर को वह ग्रीन पार्क कालोनी में एक प्लाट खरीदने गयी थी। यह प्लाट अखलाक उर्फगुड्डू का था। इस प्लाट को खरीदने के संबंध में महिला की कई बार फोन पर आरोपी से बात भी हुई थी। 11 सितंबर को आरोपी ने प्लाट के पड़ोस बने गैराज में महिला को बुलाया और उसके साथ रेप किया।पुलिस ने इस मामले में धारा 376ए 323 के तहत मुकदमा भी दर्ज कर लिया।

# मेडिकल कॉलेज में मनाया गया नेशनल फार्मेको विजिलेंस सप्ताह



**शाहजहांपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयए के प्रधानाचार्य के संरक्षण में एडीआर मॉनिटरिंग सेंटरए फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा नेशनल फार्मेकोविजिलेंस सप्ताह का समापन समारोह एवं नेशनल मेडिकल कमीशन का स्थापना दिवस एआयोजित किया गया। इस मौके पर फार्माकोलॉजी विभाग ने एक संगोष्ठी का आयोजन किया । जिसमें मुख्य अतिथि व विशिष्ठ वक्ता के रूप में किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के फार्माकोलॉजी एवं थेरापुटिक्स विभाग के प्रोफेसर डॉ राकेश कुमार दीक्षित ने प्रतिभाग किया। डॉ दीक्षित ने ष्फार्माकोविजिलेंस अवेयरनेस अमोंगस्ट एवरीवन टू यूज मेडिकेशन सेफ्लीष् टॉपिक पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ राकेश कुमार दीक्षितए प्रधानाचार्य डॉ राजेश कुमारए चिकित्सा अधीक्षक डॉ महेंद्र पालए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ नई पाल सिंहए आचार्य एवं विभागाध्यक्ष फार्माकोलॉजी विभाग व कॉर्डिनेटर एडीआर मॉनिटरिंग सेंटर डॉ विशाल प्रकाश गिरि द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। संस्थान प्रमुख द्वारा मुख्य अतिथि को गुलदस्ताए शॉलए सेपलिंग व बुद्ध प्रतिमा भेंट कर सम्मानित करते हुए स्वागत किया गया। डॉ दीक्षित ने कहा आज के समाज में हर व्यक्ति को दवाओं के सही उपयोग के बारे में और उसके दुष्प्रभावों के विषय में जागरुक होना चाहिए। सही और सुरक्षित दवाओं से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। उन्होने कहा जब जनता का होगा सूचना में सहयोगए तब दवाओं का होगा सुरक्षित उपयोग। उन्होंने जनता को जागरूक करने के लिए फैमिली अडॉप्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर रहे एमबीबीएस के छात्रों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा फार्मेकोविजिलेंस सप्ताह में संचालित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे कि पोस्टर प्रेजेंटेशनए सेमिनार प्रस्तुतिए रंगोली निर्माणए निबंध लेखन और जागरूकता अभियान के तहत कम्यूनिटी सेंटर्सए स्कूल्सए चिकित्सालय में नुक्कड नाटक के माध्यम से मरीजों व उनके तीमारदारों में जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एमबीबीएस 2021 बैच के छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत छात्र छात्राओं में निशांतए विषेशए गुरलीनए सुप्रियाए अंकिताए रेहानए स्नेहाए पवनए आमिरए स्वालेहा इत्यादि प्रमुख रहे। साथ ही इस वर्ष के मुख्य आकर्षण पीवीपीआई सेल्फी स्टैंड के लिए साक्षी और अनंत को भी पुरस्कार दिया गया।प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा दवाएं जीवन रक्षक का कार्य करती हैं। बिना चिकित्सकीय परामर्श के इसका सेवन लाभ की जगह नुकसान पहुंचा सकता है। दवाओं के सेवन के दौरान उत्पन्न दुष्प्रभाव के समय अपने चिकित्सक से संपर्क कर सूचित अवश्य करें। साथ ही उन्होंने संगोष्ठी के उत्कृष्ट आयोजन के लिए विभागाध्यक्षए फार्माकोलॉजी विभाग को बधाई दी ।कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर व संस्थान की प्रखर वक्ता 'डॉ पूजा त्रिपाठी पाण्डे' ने किया एवं समन्वयक असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सुमित कुमार सक्सेना रहे।

## डीएम ने दिए निर्देश एक हफ्ते में जारी हो आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र नहीं तो नपेंगे लेखपाल

लखीमपुर खीरी। बुधवार सुबह डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में एडीएम संजय सिंह सहित सभी एसडीएम के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर पर विस्तृत बैठक कीए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम ने क्रमश पराली प्रबन्धनए आयए जातिए निवासए हैसियत प्रमाण पत्रए खतौनी की नकल निर्गत करने राजस्व न्यायालय संबंधी कार्यों एवं पत्रावलियों की समीक्षाए गोवंश संरक्षणए गौशालाओं का प्रबन्धनए धान खरीद की तैयारीए आईजीआरएसए जनसुनवाईए विशेषकर अभिलेखागार ;अग्निशमन यंत्रों की क्रियाशीलताएडस्ट क्लीनर्स की उपलब्धताद्धए शासन की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित आवेदनों का समयान्तर्गत सत्यापन कार्यए कानून एवं व्यवस्था सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर पर गहन समीक्षा की।डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों के लंबित वादों का कराए त्वरित निस्तारणए एसडीएम स्वयं करें रिव्यू आयए जातिए निवास व हैसियत प्रमाण पत्र एवं खतौनी नकल उक्त सभी परिपत्र तय समय सीमा के अंदर ही निर्गत किए जाए।

# नयी शिक्षा नीति से भारत पुनः बन सकता है विश्व गुरुः मनोज सिन्हा



**गाजीपुर।** जनपद के स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में कालेज एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषदए नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में बदलते सामाजिक परिवेश के बीच कृषक समाजए स्वामी सहजानंद के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित द्वि.दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शामिल हुए। इसके बयपुर देवकली स्थित उत्थान फाउंडेशन पहुचे और वहां आयोजित कार्यक्रम में शरीक हुए। इस दौरान प्रो शोभनाथ यादवए प्रवीण सिंहए दयाशंकर पांडेयएमनोज सिंहए अखिलेश सिंहएअच्छेलाल गुप्ताए संकठा प्रसाद मिश्रएजिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्माए कार्तिक गुप्ताए मन्नू राजभरएअभिमन्यु सिंहए धर्मेन्द्र शर्माए चंद्रभान राजभरएविनोद गुप्ताए मनीष वर्माएअरूण सिंहए संतोष चौहानएअजीत सिंहएराधा विनोद तिवारीए नितीश दूबे आदि मौजूद रहे।वही दूसरे कार्यक्रम उत्थान फाउंडेशन ट्रस्टए में पं दीनदयाल उपाध्याय जी जयंती के अवसर पर आयोजित ष्एकात्म मानववाद से विकसित भारत की ओरष् विषयक गोष्ठी को मुख्य अतिथिए मुख्य वक्ता जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मा मनोज सिन्हा ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर उत्थान फाउंडेशन ट्रस्ट छात्रावास के 20 छात्रों को उत्कृष्ट प्रतिभा प्रदर्शन हेतु मा मनोज सिन्हा के कर कमलों से ;अंग वस्त्रद्धशाल से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोज सिन्हा ने कहा कि संकल्प से शक्ति प्राप्त होती है जो समाज के लिए सामर्थ्य पैदा करती है। उन्होंने कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों से समाज के बहुत से जंजीरों को तोडा गया लेकिन समाज की चेतना में आज भी बहुत सी जंजीर पड़ी है।

### जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक

# दो खुदागंज व चार आशाएं बंडा ब्लाक में चिन्हित

**शाहजहांपुर ।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार शाहजहांपुर में आहूत की गई द्य जिलाधिकारी ने कवच पोर्टल पर सैम बच्चों की फीडिंग की समीक्षा करते हुए परियोजना खुटारए सिधौली को एएनएम प्रभारीध् चिकित्सा प्रभारी से समन्वय बनाते हुए फीडिंग दवाई व फ़ॉलोअप सत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गएद्य आंगनवाड़ी कायाकल्प अभियान के अंतर्गत प्रति विकासखंड एक.एक आंगनबाड़ी केंद्र को लर्निंग लैब के रूप में चिन्हित किया गया जिसमें से 7 परियोजनाओं में कार्य प्रारंभ हो चुका है द्य लर्निंग लैब के अंतर्गत चिन्हित केंद्रों के वर्तमान तथा कार्य पूर्ण के बाद के फोटोग्राफ सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए द्यबाल पिटारा ऐप पर बच्चों की फीडिंग में जनपद में 8 आंगनबाड़ी केंद्र अवशेष हैं दो दिवस में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए द्य पोषण ट्रैकर एप पर फीडिंग की समीक्षा के उपरांत परियोजना में वजन

## जल्द ही सेवा होगी समाप्तः डीएम

ध्लंबाई की फीडिंग जनपद में सबसे कम होने के कारण रोष व्यक्त किया गया द्य जिलाधिकारी महोदय द्वारा फीडिंग में रुचि नहीं लेने वालीए आंगनबाड़ी केंद्र से अनुपस्थित रहने वाली कार्यकर्ताओं की सेवा समाप्ति हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए द्य आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के संबंध में पीडब्ल्यूडी की प्रगति शून्य पाए जाने पर जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी को विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गएद्य आंगनबाड़ी केंद्रों में वद्द्युा विद्युतीकरण की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता श्री रंजीत कुमार को एक सप्ताह में कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए द्य जिलाधिकारी द्वारा समस्त सीडीपीओ व मुख्य सेविकाओं को गर्भवती महिलाओं व बच्चों को बीमारी ना होए इस हेतु स्वास्थ्य विभाग से समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए।

**सफाई मित्रों के सुरक्षा शिविर का आयोजन किया :** नगर निगम कार्यालय के सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन गांधी भवन सभागार में किया गया। शिविर में सफाई मित्रों को सरकार की ओर से जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए स्वास्थ्य विभागए डूडाए बैंकए गैस एजेंसीए विद्युत विभाग आदि को आमंत्रित किया गया । शिविर में सफाई कर्मचारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ए प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजनाए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनाए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनाए मिशन इंद्रधनुषए दीनदयाल अंत्योदय योजनाए पीएम सुरक्षा बीमा योजनाए पीएम जन धन योजनाए पीएम स्वनिधि योजनाएअटल पेंशन योजना तथा सैनिटेशन लोन आदि का लाभ दिया गया।

# इज्जतनगर मंडल रेलवे मना रहा है भव्य स्वच्छता पखवाड़ा



बरेली- संपूर्ण भारतीय रेल पर मनाये जा रहे ''स्वच्छता पखवाड़ा'' के अन्तर्गत पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल पर 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2023 तक ''स्वच्छता पखवाड़ा'' मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में ई.एन.एच.एम. विभाग के तत्वावधान में आज ''स्वच्छ जल दिवस'' की थीम के अन्तर्गत रामनगर, काशीपुर, काठगोदाम, हल्द्वानी, लालकुआं, रुद्रपुर सिटी, टनकपुर, पीलीभीत, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बदायूं, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा छावनी, फर्रुखाबाद एवं कन्नौज आदि सभी रेलवे स्टेशनों के साथ-साथ रेलवे कालोनियों, कार्यालयों, स्वास्थ्य इकाईयों, प्रशिक्षण केन्द्रों, स्कूलों, रनिंग रुम्स, लाबियों में जलापूर्ति के निमित्त उपलब्ध पानी की टंकियों की साफसफाई के साथ-साथ जनमानस को ''जल बचाओ, जीवन बचाओं और पृथ्वी बचाओ'' जैसे स्लोगनों द्वारा जागरूक किया गया। साथ ही कुछ रेलवे स्टेशनों पर पानी का नमूना लेकर उसमें क्लोरीन की मात्रा नाप कर जल की शुद्धता की जाँच की गई और स्टालों पर मौजूद पैक्ड खाद्य पदार्थों, पानी बोतलों एवं स्टेशन परिसर के नल से पानी का नमूना संकलित कर लैब को जाँच के लिए भेजा गया।''स्वच्छ जल अभियान'' के अन्तर्गत रेलवे स्टेशनों, रेलवे कालोनियों, स्वास्थ्य इकाईयों, प्रशिक्षण केन्द्रों एवं कार्यालयों में स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए लीक हो रहे पाईपों की मरम्मत, फिल्टर संयंत्र सहित सभी पानी उपचार संयंत्रों का निरीक्षण किया गया, जहाँ कहीं भी टूटे आईटम मिले तो उन्हें बदला गया।

# संजना सिंह को सम्मानित करेंगी राष्ट्रपति



**बरेली ।** जन आदर्श कॉलोनी निवासी संजना सिंह का चयन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पूरे देश के 40 लाख से अधिक स्वयंसेवकों में 30 उत्कृष्ठ स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के सर्वोच्च पुरस्कार के लिए किया गया हैं। संजना का चयन उनके द्वारा सामाजिक एवं युवा गतिविधियों में उत्कृष्ठ योगदान स्वयंसेवक श्रेणी वर्ष 2021-22 के लिए किया गया है।उत्तर प्रदेश से 2 स्वयंसेवकों का चयन इस वर्ष पुरस्कार के लिए किया गया हैं। संजना सिंह वर्तमान में बरेली कॉलेज बरेली की एमए की छात्रा रही हैं और वर्ष 2019 से लगातार एनएसएस की गतिविधियों में अग्रणी रही हैं। संजना ने पर्यावरण,स्वच्छता,जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार,सड़क सुरक्षा ,साइबर क्राइम,महिलाओं को मासिक धर्म संबंधित जागरूकता कार्यक्रम एवं सेनेटरी पैड आदि का वितरण में अपना उत्कृष्ट कार्य किया है। इसके साथ ही कोरोना के समय में रंगोली एवं दीवार लेखन,नुक्कड़ नाटक ,खाद्य सामग्री वितरण, मास्क वितरित कर आदि माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम कर लोगों को सुरक्षित रखने के उपायों के लिए जानकारी प्रदान की । संजना ने बताया कि उनके मां पूनम और पिता स्वतंत्र सिंह के संस्कारों की वजह से ही आज वह समाज के लिए कार्य कर पा रही हैं। उनके पिता अग्निशमन सेवा में कार्यरत हैं और अपनी सेवा में अदम्य साहस और वीरता के लिए वह भी इसी वर्ष राष्ट्रपति द्वारा अग्निशमन सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका हैं।

# आरेडिका में मनाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा



रायबरेली।आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में रेलवे बोर्ड के निर्देशन में 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक श्स्वच्छता पखवाड़ा.का आयोजन किया जा रहा है। जिसके के अन्तर्गत सिविल विभाग द्वारा आवासीय परिसरए कॉम्पलेक्सए केन्द्रीय विद्यालयए मिनी एडमिनए सभी वर्कशॉपों में दिन.प्रतिदिन की योजना के अनुसार स्वच्छता अभियान कार्यक्रम श्रमदान के द्वारा चलाए जा रहे हैं। दिनांक.27ण्09ण्2023 को कार्मिक विभाग द्वारा साफसफाई और जन जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा . 2023 के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1 अक्टूबर के दिन सभी देशवासियों से स्वच्छता के लिए 1 घण्टे श्रमदान करने की अपील की है। जिससे हम अपने आस.पास के वातावरण को साफसुथरा और सुन्दर बना सकें। महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशान को अधिक प्रभावी बनाने के लिए फैक्ट्री परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान को गति प्रदान की जा रही है।

# लकड़ी चोर गिरोह आया पुलिस की गिरफ्त में, पांच को किया गिरफ्तार

● काटने वाली मशीन समेत लकड़ियां बरामद



**संवाददाता।** कुठौंद, जालौन

**पुलिस** अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी जालौन रविंद्र गौतम मार्गदर्शन में सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम जुर्म, चेकिग संदिग्ध व्यक्ति, अपराधियों की चेकिंग दौरान एक बड़ी सफलता हाथ लगी। काफी दिनों से सक्रिय शीशम की लकड़ी चोर गिरोह पांच जंगल से लकड़ी काटने वालों को जमलापुर नदी किनारे जंगल से शीशम, नीम, लभेड़ा पेड़ों को काटते लकड़ी चोर गिरोह के पांच सदस्यों को धर दबोचा।

गौरतलब हो कि लंबे समय से सिरसा कलार थाना क्षेत्र जंगल से चोरी छिपे कुछ लकड़ी चोर हरे पेड़ों की कटान कर उसकी बिकी करने में संलिप्त थे। इस बाद वन रेंजर टीम जालौन ने सिरसा कलार थाना पुलिस साथ जंगल से लकड़ी काटने वाले पांच लकड़ी चोरों को पकड़ने में सफ्लता पायी जिसमें विवेक कुमार पुत्र जितेंद्र, राजू पुत्र रामरतन निवासी ग्राम नलपुरा थाना कुठौंद, राममोहन पुत्र गेंदालाल निवासी ग्राम पिपरी अटगईया, आनंद पुत्र गणेश निवासी ग्राम अटरा कला थाना चुखी, बृजबिहारी पुत्र देवीदयाल निवासी ग्राम मदारीपुर थाना कुठौंद को सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील की सतर्कता चलते पकड़े गए। पुलिस ने जंगल से काटे गये 20 शीशम बोटा व नीम बोटा, लभेड़ा बोटा तथा एक लकड़ी काटने वाली मशीन व तीन आदत कुल्हाड़ी भी बरामद की।

पकड़े गये लकड़ी चोरों विरुद्ध सिरसा कलार थाना में मुकदमा अपराध संख्या 204/2023 धारा 4/10 वन संरक्षण अधिनियम 1976 तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# गरीबों लिए वरदान है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाः डीएम



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तहत आवेदन आमंत्रित करने बाबत जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 2023-24 को 898 लक्ष्य सापेक्ष क्रमशः विकास खंडवार व नगर निकाय पर दिये गये हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने उन्हें बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग गरीब लोगों की पुत्री की शादी को सामूहिक विवाह को योजना चलाई जा रही है। डीएम ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि सचिवों-प्रधानों को अधिक से अधिक फार्म देकर आवेदन करायें। उन्होंने कहा कि फार्म आवेदन में खासतौर पर सतर्कता बरतें, लापरवाही न हो। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि मुहूर्त देखकर सामूहिक विवाह रखा जाए। जितने आवेदन आते हैं, उन्हें इसी वर्ष सम्पन्न करायें। जिला समाज कल्याण अधिकारी व खंड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि तालमेल से सामूहिक विवाह संपन्न करायें।

# पीएम मोदी ने बढ़ाया दलितों का सम्मानः पटेल



**संवाददाता।** चित्रकूट

● दलित बस्तियों में झाडू लगा भाजपाईयों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**सेवा** पखवाड़ा के तहत बुद्धवार को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओ, जनप्रतिनिधियों ने दलित बस्ती मे जाकर घर-घर सम्पर्क कर केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इसके साथ ही झाड लगा कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

बुद्धवार को मुख्यालय के सटी नई बस्ती, चितरा, लोधौरा बरेठी, अतरौली, खटवारा आदि दलित बस्तियों में भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, बांदा-चित्रकूट सांसद आर के पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव , चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट कार्पेटिव बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति प्रताप सिंह, तीरथ तिवारी आदि की उपस्थिति में घर-घर सम्पर्क कर भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई गई।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने दलित बस्तियों में घर-घर सम्पर्क व स्वच्छता अभियान के दौरान कहा कि स्वच्छता से बीमारियां दूर होती है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता अभियान चलाकर और स्वयं हाथो मे झाडू उठाकर देश ही नही दुनिया के लोगो को स्वच्छता अभियान से जोडने का काम किया है। आगे जिलाध्यक्ष ने कहा की पंक्ति मे बैठे व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा मे लाना भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य रहा है। वही काम प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी कर रहे है।

सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा की प्रधानमंत्री जी ने द्वारा सफाईकर्मियों के पैर धुलकर उनका मान बढ़ाने का काम किया।

वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही मात्र एक ऐसा दल है जहां न तो जातिवाद है न परिवारवाद यहां सभी जाति वर्ग के लोगो का बराबर सम्मान है। इसके अलावा पार्टी द्वारा सरकारो व संगठन में उचित सम्मान देने का काम करती है।

# रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विवि में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**चित्रकूट।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट में कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय की मांग पर विश्वविद्यालय परिसर, में वातावरणीय मौसम, बरसात से होने वाले बीमारियों से बचाव के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी चित्रकूट डॉ भूपेश दिवेदी द्वारा विवि परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

बुद्धवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी चित्रकूट डॉभूपेश द्विवेदी के निर्देश पर जगदगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय में पुनर्वास विकास केन्द्र के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर प्रातः 10 बजे से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर की चिकित्सकीय जांच टीम द्वारा किया गया। जिसमें डा0 गौरव, श्रीराम अग्रवाल, वैभव गोयल, सूरज के द्वारा लगभग 150 छात्र-छात्राएं का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया। इस शिविर में अधिक संख्या में छात्रों को टायफायड, मलेरिया से ग्रसित पाए गए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर ही दूसरी टीम द्वारा दिब्यांग राज्य विश्वविद्यालय परिसर में मच्छरों से बचाव के लिए प्रसाशनिक भवन, केंद्रीय पुस्तकालय, कैंटीन, शैक्षणिक भवन, कुलपति आवास, शिक्षक कर्मचारी आवास, सहित बालक ,बालिका छात्रावास में छिड़काव किया गया।

# एसडीएम ने मिट्टी का अवैध खनन करते ट्रैक्टर सहित जेसीबी पकड़ी



**जालौन,** उरई। नगर में बेरोकटोक हो रही अवैध खनन की सूचना पर एसडीएम व कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। एसडीएम ने अवैध खनन में लिप्त एक ट्रैक्टर समेत एक जेसीबी मशीन लगा ट्रैक्टर पकड़कर कोतवाली में खड़ा कराया।

नगर में प्रतापुरा रोड पर काफी दिनों से अवैध मिट्टी का खनन जारी है। वहां आसपास खेतों से इतना मिट्टी खनन किया गया है खेतों तालाब नजर आने लगे हैं। कई बार अधिकारियों से इस बाबत शिकायत की गई है। उक्त शिकायतों का संज्ञान लेकर एसडीएम सुरेश कुमार ने कोतवाली पुलिस के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई कर प्रतापपुरा रोड के पास से मिट्टी खनन में लिप्ट एक जेसीबी लगा ट्रैक्टर व एक मिट्टी से लदा ट्रैक्टर पकड़ लिया। दोनों ट्रैक्टरों को पकड़कर कोतवाली में खड़ा कराया गया। इस संदर्भ में एसडीएम सुरेश कुमार ने बताया कि अवैध रूप से हो रहे मिट्टी के खनन की सूचना पर एक मिट्टी लदे ट्रैक्टर व एक मशीन लगे ट्रैक्टर को पकड़ा गया है।

# प्रख्यात गीतकार डॉ कुमार विश्वास को राजेश्वरानंद सम्मान से किया गया विभूषित

● राजेश्वर धाम पचोखरा में आयोजित हुआ अलंकरण समारोह एवं कवि सम्मेलनं



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**देश** और दुनिया भर में अपने सुमधुर गीतों और भगवान श्री राम के जीवन वृतांत पर अपने नए ढंग से अपने-अपने राम कथा के लिए जन-जन के हृदय में जगह बनाने वाले डॉ. कुमार विश्वास ने बीती शाम ग्राम पचोखरा में राजेश रामायणी उर्फ राजेश्वरानंद महाराज की तपोभूमि और कर्मभूमि राजेश्वर धाम में पहुंच कर जहां एक और गुरु भक्ति का परिचय दिया तो वहीं अपनी काव्य मय श्री राम चरित्र के संदर्भ में व्याख्या कर लोगों को भाव विभोर कर दिया। इसके पश्चात देर रात तक कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार पंडित यज्ञ दत्त त्रिपाठी ने वह संचालन देश के जानेमाने हास्य कवि दिनेश बाबरा मुंबई ने किया।

सात दिवसीय आयोजन के क्रम में बीती शाम डॉ. कुमार विश्वास को समिति द्वारा स्वामी राजेश्वरानंद रामायणी अलंकरण सम्मान से अलंकृत किया गया। इस मौके पर डॉ. कुमार विश्वास ने कहा कि गुरुजी की कर्मभूमि में आने के बाद उन्हें जो अनुभव हासिल हुए हैं वह बिल्कुल विलक्षण हैं। गुरुजी राजेश रामायणी की महिमा का असर है कि आज देश और विदेश की विख्यात हस्तियां यहां आने के लिए बेताब हैं। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि आने वाले समय में अनेकों लोग यहां आकर इस राजेश्वर धाम को देश और विदेश के नक्शे पर पहुंचा देंगे। तत्पश्चात आयोजित कवि सम्मेलन में देश के विख्यात हास्य कवि दिनेश बाबरा मुंबई, हास्य कवि अखिलेश दुबे प्रयागराज, गीतकार बरसैयां और गीतकार वैभव जी ने देर रात तक उपस्थित श्रोताओं को एक से बढ़कर एक रचनाएं सुनाईं।

## क्विक न्यूज

### आधा किलो गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**मौदहा, हमीरपुर।** अपराध एवं अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कस्बे के छिमौली तिराहा में एक युवक को आधा किलो से अधिक गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मौदहा निवासी रफीक पुत्र समशुद्दीन 550 ग्राम गांजा लेकर कही जा रहा था तभी पुलिस ने तलाशी के दौरान गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया है।

### उच्च मूल्य वाली फसलें ही बढ़ा सकती हैं किसानों की आय

लखनऊ। केआरबीएल लिमिटेड का इंडिया गेट बासमती चावलए दुनिया का नंबर 1 बासमती चावल ब्रांड ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के तत्वावधान में ईट राइट इंडिया पहल के साथ मिलकर आज शहर में राष्ट्रव्यापी श्बासमती राइस नो कॉम्प्रमाइज जनहित शिक्षा और जागरूकता पहल के लखनऊ चरण को होस्ट किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा, उच्च मूल्य वाली फसलें ही एकमात्र स्रोत हैं जो किसानों की आय बढ़ा सकती हैं। यदि उच्च मूल्य वाला चावल या बासमती किस्म उगाया जाए तो इससे किसानों की आय में वृद्धि हो सकती है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि 1 अगस्त 2023 को नियम लागू होने के बावजूद इंडिया गेट बासमती राइस ने स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देने, संतुलित पोषण को प्रोत्साहित करने और बासमती चावल के लिए पहचान मानकों पर हाल ही में जारी एफएसएसएआई नियमों के बारे में व्यापक जागरूकता बढ़ाते हुए उपभोक्ताओं के बीच खाद्य सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने में इस पहल के माध्यम से अग्रणी भूमिका निभाई है।

### संदिग्ध अवस्था में किशोर ने लगाई फांसी

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के बलवंतपुर गांव निवासी कैलाश प्रसाद का 17 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार निषाद घर से किसी काम से निकला था। काफी समय बीतने के बाद भी जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसकी खोज में निकले खोजते हुए जब गांव के बाहर पहुंचे तो देखा संदिग्ध अवस्था में महुए के पेड़ पर फांसी के फंदे से उसका शव लटका हुआ है। फांसी लगाने की जानकारी परिजनों को हुई तो मृतक के घर मे कोहराम मच गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई।

# 24 घंटे के भीतर पोक्सो व दुष्कर्म मामले में रूरा पुलिस ने किया आरोप पत्र दाखिल

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**अपराध** नियंत्रण की दिशा में जनपद कानपुर देहात की रूरा थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे के नेतृत्व में पुलिस ने दुष्कर्म व पास्कों के ममाले में 24 घण्टे के भीतर आरोप पत्र प्रेषित किया है।

एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम एवं खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद की रूरा थाना पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे के नेतृत्व में 26 सितम्बर को दर्ज हुये दुराचार व पास्को एक्ट महिला सम्बन्धित मामले के मुकदमें में आरोपी की गिरफ्तारी के सम्पूर्ण कार्यवाही करते हुये 24 घण्टे के भीतर आरोप पत्र प्रेषित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अपने एक महीने के सॅक्षिप्त कार्यकाल में थानाध्यक्ष कपिल दुबे हत्या जैसे संगीन मामले के आरोपी को 72 घण्टे के भीतर गिरफ्तार करने सहित महिला व अन्य संगीन मामलों के खुलासों का कारनामा कर चुके है। रूरा थाना प्रभारी द्वारा मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना में त्वरित कार्यवाही करते हुये दिन रात एक कर आरोपी की गिरफ्तारी करने के बाद 24 घण्टे के भीतर चार्जशीट प्रेषित कर अराजकतत्वों व समाज विरोधी तत्वों को सख्त सॅदेश देने में भी सफल रहे है। इससे पहले का कीर्तिमान 48 घण्टे में चार्जशीट दाखिल करने का था।

### अंडरपास से दोपहिया वाहनों का आवागमन प्रारम्भ



**रूरा, कानपुर देहात।** गन्दे नाले में तब्दील हो चुके पुराने अंडरपास के दोबारा चालू होने पर स्थानीय तथा क्षेत्रीय लोगों ने बुधवार को जमकर अपने वाहनों के सहारे सैर कर खुशी व्यक्त की। नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी गुप्ता के नेतृत्व में नगर पॅचायत कर्मियों ने अण्डरपास के निर्माण के दौरान पेयजल आपूर्ति के पाइप लाइन व एचटी लाइन की शिफ्टिंग के लिये बीते दस दिनों से दिन रात एक कर काम किया गया। चैयरमैन स्वयॅ अंडरपास के निर्माण के दौरान घण्टों के हिसाब से प्रचण्ड गर्मी के बीच मौके पर उपस्थित रहे तथा निर्माण कार्य की बारीकियों को समझाते हुये गुणवत्तापूर्ण तरीके से काम करवाया। अंडरपास के नीचे से गुजरी पाइप लाइन के लीकेज का युद्धस्तर पर ठीक करने के बाद वुधवार को सारे दिन स्थानीय लोग दोपहिया वाहनों के माध्यम से अंडरपास के नीचे से गुजरते रहे।

### बेटा न होने पर पत्नी को पीटकर घर से निकाला

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के जमरावां गांव के रहने वाले उपेंद्र मिश्रा ने अपनी बेटी रेनू मिश्रा की शादी 11 मई 2017 को सदर कोतवाली के गढ़ीवा निवासी सुनील तिवारी के साथ हिन्दू रीति रिवाज से की थी। उसकी कोख से दो लड़की पैदा हुई। एक 4 वर्ष और दूसरी 2 साल की हो चुकी है। उसका पति सुनील बहुआ ब्लॉक के सुजानपुर प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात है। आरोप है कि शादी के बाद से पति, ससुर रामप्रताप, सास कांती देवी, जेठ आनंद तिवारी, जेठानी रोमी तिवारी अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये की मांग कर रहे। मांग पूरी न होने पर ससुरालीजन उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। पति महिला और अपने दोनों बेटियों को लेकर किराए के मकान में रहने लगा। 16 सितंबर की शाम पति ने महिला के साथ मारपीट करते हुए बेटा न होने का ताना देकर बेटियों के साथ घर से धक्का मार कर निकाल दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# एसपी ने की पीस कमेटी की बैठक

**खागा,** फतेहपुर। कोतवाली परिसर में बारावफात व नवरात्रि के त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। व्यापार मंडल जिलाअध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला ने खागा नगरीय क्षेत्र से संबंधित समस्याओं के बारे में बताया। यादव महासभा के जिलाअध्यक्ष चौधरी राजेश यादव ने भी नौबस्ता बाईपास चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की बात कही। इसी प्रकार बुदवन प्रधान ने भी सीसीटीवी कैमरे लगवाने की बात कही और खागा नगर की जनता ने एक-एक करके अपनी समस्याओं के बारे में पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिन बिंदुओं पर चर्चा की गई है उस जगह पर प्रयास कर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे और कहा की माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा अच्छे संस्कार दें जिससे कि अच्छे संस्कार के माध्यम से आने वाले समय में अपराध को रोका जा सकता है। पुलिस क्षेत्र अधिकारी प्रगति यादव ने कहा कि जनता के सहयोग से पुलिस हमेशा हर कार्य पर सफ्ल रहती है, और कहा कि किसी को किसी प्रकार की कोई समस्या होती है या कोई ऐसी जानकारी मिलती है तो तत्काल मुझे सूचना करें जिससे मौके पर पहुंच कर उसका निस्तारण किया जा सके।

### गाइड करने के लिए तैयार

लखनऊ। नायका भारतीय सौंदर्य परिदृश्य को पूरा करने वाले लक्जरी ब्रांडों की एक अद्वितीय श्रृंखला की पेशकश करके देश भर के सौंदर्य प्रेमियों के लिए नई परिभाषा देना जारी रखता है। विलासितापूर्ण सौंदर्य की बढ़ती मांग को पहचानते हुए उत्पाद, नायका का पोर्टफोलियो दुनिया के सबसे बेहतरीन उत्पादों का एक क्यूरेटेड चयन एक साथ लाता है। प्रसिद्ध ब्रांड पंथ क्लासिक्स से लेकर आणविक तक सभी के लिए कुछ न कुछ है। इसमें सौंदर्य प्रसाधन, सेलेब फेवराइटस, वायरल हिट और यहां तक कि लग्जरी आयुर्वेद भी शामिल है। त्योहारों का मौसम करीब आने के साथ नायका आपकी ब्यूट जर्नी में आपका गाइड करने के लिए तैयार है।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने जन चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**हमीरपुर।** भाजपा का जन सम्पर्क अभियान के तहत कल कुरारा नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती आशा रानी कबीर ने कुरारा ब्लाक के दलित बस्ती चकोठी व जखेला गांव में चौपाल लगाकर लोगों की जनसमस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने सचिवों,बैंक प्रबंधकों की मनमानी, विद्युत समस्याओं का रोना रोया। चेयरमैन ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को सीधे शासन को अवगत कराया जायेगा।

जानकारी के मुताबिक भाजपा के जन संपर्क अभियान में ग्रामीणों की समस्याएं खुलकर सामने आ रही है,भाजपा के इस अभियान में जखेला व चकोठी गांव के ग्रामीणों ने आशारानी कबीर को बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत ग्राम प्रधान व सचिव पात्रों को आवास नही देते है वे अपनी इच्छानुसार चयन करते है कोई मानक नही तय किया गया है जिससे दलित वस्ती के लोग बेहद दुखी है। इसी प्रकार गांव वालों का कहना है कि वैंक प्रबंधक ऋण देना तो दूर उन्हे खाता खुलवाने व धन राशि जमा करने व निकासी करने में बेहद समस्या का सामना करना पड़ता है गरीबों की कोई सुनने वाला नही है। चेयरमैन आशारानी कबीर ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वह हर हाल में उनकी समस्याओं का निदान करेंगी।

# हिन्दुओं के घरों पर बारावफात के हरे झंडे लगाने के विरोध पर उपद्रव

**भाषा। बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के विशेश्वरगंज थाने के गंगवल बाजार में बारावफात के उपलक्ष्य में कथित तौर पर हिन्दुओं के घरों एवं मंदिर पर हरे झंडे लगाने को लेकर दो समुदायों के बीच हुए विवाद हो गया, जिसके बाद पुलिस ने दो दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार देर रात की है। बृहस्पतिवार को बारावफात का त्यौहार है और ग्रामीणों का आरोप है कि त्यौहार के दृष्टिगत अल्पसंख्यक समुदाय के युवकों ने गांव में हरे रंग के झंडे लगाए। आरोप में कहा गया है कि इनमें से कुछ हिन्दू घरों और एक मंदिर पर पर झंडे लगाए गए और लोगों ने जब विरोध किया तो दूसरे समुदाय के युवकों ने इकट्ठा होकर उपद्रव करना शुरू कर दिया। इसमें कहा गया है कि उपद्रवियों ने गुड्डू जायसवाल नामक व्यक्ति के घर पर पथराव किया और विरोध करने वालों के साथ मारपीट एवं अभद्रता की। ग्रामीणों के अनुसार अनुराग जायसवाल नामक व्यक्ति पथराव से घायल हुआ है। इस संबंध में थाना विशेश्वरगंज के उप निरीक्षक विकास वर्मा ने बुधवार को बताया,"आगामी बारावफात त्यौहार के लिए 18 से 35 वर्ष उम्र के कुछ युवक बाजार में झंडे लगा रहे थे। उन्होंने बताया, ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं कि झंडा मंदिर पर लगाया गया, जबकि मैं स्वयं घटनास्थल पर पहुंचा तो देखा कि उक्त झंडा सार्वजनिक खंभे पर लगा था। दूसरा झंडा एक गुप्ता जी के मकान पर उनकी सहमति से लगा था जिसे विवाद होने पर हटा लिया गया"। उप निरीक्षक ने बताया कि गंगवल बाजार निवासी गुड्डू जायसवाल की तहरीर पर 14 नामजद एवं 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ विशेश्वरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर बड़कऊ और शाहरुख नाम के दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

### मोमबत्ती और टार्च के सहारे चल रहा स्वास्थ्य केंद्र

असोथर, फतेहपुर। जिले के असोथर में एक ऐसा अस्पताल है जंहा मोमबत्ती और टार्च के सहारे डिलीवरी कराई जा रही है। बिजली ना होने की वजह से गर्भवती महिला और नवजात शिशुओं को अंधेरे में ही रहना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असोथर मोमबत्ती और टॉर्च के सहारे चल रहा है। डिलीवरी भी अंधेरे में ही कराई जा रही है। बिजली ना होने से मरीज और तीमारदार गर्मी से जूझ रहे हैं। 33 हजार लाइन खराब होने की वजह से यह अस्पताल अंधेरे में ही चलता है। अस्पताल में लगा जनरेटर है शोपीस। मुख्यालय से करीब पच्चीस-तीस किलोमीटर दूरी पर स्थित है असोथर पीएचसी, जहां 33 हजार लाइन की वजह से बिजली आपूर्ति 14 घंटे से बाधित है। बिजली न होने की वजह से स्टाफ नर्स को मोमबत्ती,मोबाइल फोन के टॉर्च के सहारे काम करना पड़ रहा है।

# डीएम ने की जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**जल** जीवन मिशन के तहत जनपद में हो रहे कार्यो के अद्यतन प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी आलोक सिंह के अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं से द्वारा किये जा रहे कार्यो एवं पूर्ण किये गये कार्यो की समीक्षा कर विस्तृत दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा मानक व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये, जिन कार्यदायी संस्थाओं की कार्यप्रगति धीमी है वे दो शिफ्टों में कार्य कराकर नियत समय में परियोजना को पूरी करें। उन्होंने जिन गांवों में पाइप से पानी पहुंचाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, उन गांवों में समिति के द्वारा सत्यापन कराया जाये। उन्होंने कहा कि जब तक गांव समिति द्वारा किये गये कार्य में प्रगति पर संतुष्टि नहीं व्यक्त की जाती तब तक कार्यदायी संस्था को प्रमाण पत्र जारी न किया जाये। उन्होंने कहा कार्यदायी संस्थाओं को समयसीमा के अन्दर कार्य पूरा करना होगा, अन्यथा की स्थिति की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को यह भी निर्देश दिये कि अगली बैठक में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जो कार्य पूर्ण कर लिये गये है, या जो कार्य पूर्ण होने की स्थिति में है उसे पीपीटी में अलग से दर्शाया जाये।

उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को पाइप लाइन डालने के उपरान्त रोड रिस्टोरेशन के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रोड रिस्टोरेशन में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर वित्तीय भुगतान रोका जा सकता है। अन्त में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को कार्य प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अगली बैठक तक जिन कार्यदायी संस्थाओं की कार्य प्रगति संतोषजनक नहीं पायीं जाती है, उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम मुकेश सिंह, समस्त कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# कुल की फातेहा के साथ हुआ हजरत मुख्तार निजामी के उर्स का समापन



**मौदहा**, हमीरपुर। प्रसिद्ध सूफी संत हजरत मुख्तार निजामी का चार दिवसीय सालाना मुबारक बुधवार को कुल की फातेहा के साथ समाप्त हो गया। वहीं देर रात आल इंडिया नातियां मुशायरे का आयोजन किया गया। कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हजरत मुख्तार अहमद निजामी बाबा का चार दिवसीय सालाना उर्स मुबारक बुधवार को कुल की फातहा व कव्वालियों के साथ समाप्त हो गया। कुल की फातहा के बाद शानदार कव्वालियों का आयोजन किया गया जिसके बाद लंगर खिलाया गया। इसी क्रम में उर्स का शांति पूर्वक समापन हो गया। वहीं ईद मिलाद-उन-नबी के मौके पर आस्ताने में शानदार नातियां मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें देश के मशहूर शायरों ने अपने-अपने कलाम पेश किए। इस दौरान सज्जादानशीन जनाब गफ्फार अहमद निजामी व हाजी इफ्तेखार अहमद निजामी उपस्थित रहे।

# गलवान झड़प के बाद भारत-चीन संबंध सामान्य नहीं: जयशंकर

भाषा। न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने यहां कहा कि 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद से भारत और चीन के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं और संभवत: ए मसला अपेक्षा से ज्यादा लंबा खिंच सकता है।



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जोर देते हुए कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपने सैनिकों को इकट्ठा करने के लिए चीन द्वारा दिया गया कोई भी स्पष्टीकरण वास्तव में तर्कसंगत नहीं है। भारत लगातार कह रहा है कि पूर्वी लद्दाख से लगती सीमा पर हालात सामान्य नहीं है एवं एलएसी पर शांति एवं सौहार्द दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के लिए अहम है।

विदेश संबंध परिषद में भारत-चीन संबंधों के बारे में एक सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर दुनिया के दो सबसे बड़े देशों के बीच इस हद तक तनाव है, तो इसका असर हर किसी पर पड़ेगा। 2009 से 2013 तक चीन में भारत के राजदूत रहे जयशंकर ने कहा, आपको पता है, चीन के साथ रिश्ते की खासियत ए है कि वे आपको कभी नहीं बताते कि वे ऐसा क्यों करते हैं। इसलिए आप अक्सर इसका पता लगाने की कोशिश करते रहते हैं और हमेशा कुछ अस्पष्टता रहती है। जयशंकर ने कहा कि चीनी पक्ष ने अलग-अलग समय पर अलग-अलग स्पष्टीकरण दिए लेकिन उनमें से कोई भी वास्तव में मान्य नहीं है। भारत और चीन के सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख के कुछ स्थानों पर गत तीन साल से गतिरोध बना हुआ है जबकि कई दौर की राजनयिक और सैन्य स्तर की वार्ता के बाद कई स्थानों से सैनिक पीछे हटे हैं।

विदेश मंत्री ने कहा, ऐसे देश के साथ सामान्य होने की कोशिश करना बहुत कठिन है जिसने समझौते तोड़े हैं। इसलिए अगर आप पिछले तीन वर्षों को देखें, तो यह सामान्य स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा, संपर्क बाधित हो गए हैं, यात्राएं नहीं हो रही हैं। हमारे बीच निश्चित रूप से उच्च स्तर का सैन्य तनाव है। इससे भारत में चीन के प्रति धारणा पर भी असर पड़ा है।

जयशंकर ने कहा कि 1962 के युद्ध के कारण 1960 और 70 के दशक में धारणा सकारात्मक नहीं रही लेकिन जब हमने इसे पीछे छोड़ना शुरू कर दिया था तब यह हुआ।

जयशंकर ने कहा, इसलिए मुझे लगता है कि वहां एक तात्कालिक मुद्दा है और प्रतीत होता है कि ए मसला अपेक्षा से ज्यादा लंबा खिंच सकता है।

विदेश मंत्री ने दिल्ली और बीजिंग के बीच संबंधों पर एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को रेखांकित किया और कहा कि यह कभी आसान नहीं रहा। उन्होंने कहा, 1962 में युद्ध हुआ था। उसके बाद सैन्य घटनाएं हुईं। लेकिन 1975 के बाद सीमा पर कभी भी लड़ाई में कोई हताहत नहीं हुआ था, 1975 आखिरी बार था। उन्होंने कहा कि 1988 में भारत ने संबंधों को अधिक सामान्य किया जब तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी चीन गए। जयशंकर ने बताया कि 1993 और 1996 में भारत ने सीमा पर स्थिरता के लिए चीन के साथ दो समझौते किए, जो विवादित हैं। उन्होंने कहा, उन मुद्दों पर बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि इस बात पर सहमति बनी कि न तो भारत और न ही चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सेना एकत्र करेगा और अगर कोई भी पक्ष एक निश्चित संख्या से अधिक सैनिक लाता है, तो वह दूसरे पक्ष को सूचित करेगा। मंत्री ने कहा, तो जिस तरह से इसे प्रस्तुत किया गया था, यह बिल्कुल स्पष्ट था। जयशंकर ने कहा कि उसके बाद कई समझौते हुए और यह एक बहुत अनोखी स्थिति थी जिसमें सीमा क्षेत्रों में दोनों तरफ के सैनिक अपने निर्धारित सैन्य अड्डों से बाहर निकलते, अपनी गश्त करते और अपने ठिकानों पर लौट आते थे।

उन्होंने कहा, अगर उनके बीच कहीं टकराव हुआ, तो उनके आचरण के बारे में बहुत स्पष्ट नियम थे और आग्नेयास्त्रों का उपयोग निषिद्ध था। तो 2020 तक वास्तव में ऐसा ही था।

2020 में जब भारत अपने सख्त कोविड-19 लॉकडाउन के दौर से गुजर रहा था तब हमने देखा कि बहुत बड़ी संख्या में चीनी सैनिक वास्तविक नियंत्रण रेखा की ओर बढ़ रहे थे। उन्होंने कहा, इन सबके बीच हमें वहां अपनी उपस्थिति बढ़ानी थी और जवाबी तैनाती करनी थी, जो हमने की और फिर हमारे सामने एक ऐसी स्थिति थी जहां हम स्वाभाविक रूप से चिंतित थे क्योंकि (दोनों देशों के) सैनिक अब बहुत करीब आ गए थे। हमने चीनियों को आगाह किया कि ऐसी स्थिति समस्याएं पैदा कर सकती है और फिर जून 2020 के मध्य में ऐसा ही हुआ। उन्होंने कहा, फिर झड़प हुई और हमारे 20 सैनिक मारे गए। उन्होंने (चीन ने) दावा किया कि उनके चार सैनिक मारे गए। फिर से एक बार उस बारे में हम कभी नहीं जान पाएंगे।

## भारत और रूस के बीच रिश्ते बहुत ज्यादा स्थिर

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और रूस के संबंध बहुत, बहुत ज्यादा स्थिर बने हुए हैं और संबंध ऐसे ही बने रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए हम काफी सावधानी बरतते हैं। विदेशी संबंधों से जुड़ी एक परिषद में बातचीत के दौरान जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि फरवरी 2022 में यूक्रेन में युद्ध के कारण रूस के यूरोप तथा पश्चिमी देशों के साथ संबंधों पर इतना गंभीर असर पड़ा है कि वह अब वास्तव में एशिया तथा दुनिया के अन्य हिस्सों की ओर हाथ बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, भारत-रूस के रिश्ते वास्वत में बहुत ज्यादा स्थिर हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रिश्ते सोवियत काल और सोवियत के बाद के काल से बने हुए हैं।

जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र को संबोधित करने के बाद कहा, मुझे लगता है कि दोनों देशों में यह समझ है कि एशियाई महाद्वीप की बड़ी शक्तियों के रूप में साथ आने के लिए हमारे पास एक तरह का संरचनात्मक आधार है। इसलिए यह सुनिश्चित करने के लिए हम काफी सावधानी बरतते हैं कि रिश्ते बने रहे। विदेश मंत्री ने कहा कि रूस ने ऐतिहासिक रूप से अपने आप को यूरोपीय शक्ति के रूप में देखा है, भले ही वह यूरोप और एशिया दोनों में फैला हुआ है। उन्होंने यूक्रेन पर हमला करने के लिए रूस पर अमेरिकी की अगुवाई में प्रतिबंधों के संदर्भ में कहा, साल 2022 के बाद से यूरोप और पश्चिमी देशों के साथ रूस के संबंधों पर इतना गंभीर असर पड़ा है कि वह अब वास्तव में एशिया तथा दुनिया के अन्य हिस्सों की ओर रुख कर रहा है लेकिन मुख्य रूप से एशिया की ओर क्योंकि वहां काफी आर्थिक गतिविधि है और वह एशियाई शक्ति भी है, भले ही उसने खुद को मुख्य रूप से उस रूप में हमेशा नहीं देखा है।

## भारत और अमेरिका को मिलकर काम करने की बहुत सख्त जरूरत

**न्यूयॉर्क।** विदेशमंत्री एस.जयशंकर ने यहां कहा कि भारत और अमेरिका को मिलकर काम करने की बहुत सख्त जरूरत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह अमेरिका के हित में है कि उसके साझेदार ऐसे हों जो उसकी बेहतरी के बारे में सोचते हो एवं बोलता हों। जयशंकर ने यह टिप्पणी न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र को संबोंधित करने के बाद मंगलवार को विदेश संबंध परिषद से बातचीत के दौरान एक सवाल पर की। विदेशमंत्री बुधवार को वाशिंगटन जाएंगे और अमेरिकी वार्ताकारों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। उनका कार्यक्रम अपने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने के साथ-साथ अमेरिकी प्रशासन, अमेरिकी कारोबारियों और थिंक टैंक से चर्चा करने का भी है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आज, भारत-अमेरिका संबंधों को प्रौद्योगिकी पर बहुत दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करना होगा। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि, कई मायनों में, दुनिया में शक्ति का संतुलन हमेशा प्रौद्योगिकी के संतुलन पर कार्य करता है, जिसकी जरूरत आज और भी अधिक तीव्र है। हमारे रोजर्मा के जीवन पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव बहुत व्यापक है। उन्होंने कहा कि जब हम दुनिया को देखते हैं और आकलन करते हैं कि कौन प्रौद्योगिकी में साझेदार हो सकता है, तो हम यह देखते हैं कि कौन हमारे लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। जयशंकर ने कहा कि इस संबंध में भारत और अमेरिका एक दूसरे के लिए महत्वपूर्ण हैं। जयशंकर ने कहा कि जब कई क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने और उसे वैश्विक स्तर पर ले जाने की बात आती है तो भारत अमेरिका का बहुत ही अहम साझेदार है।

# उत्तरी इराक में विवाह भवन में आग लगने से 100 से अधिक लोगों की मौत, 150 घायल

**मोसुल (इराक)।** उत्तरी इराक में ईसाई विवाह समारोह के दौरान की गई आतिशबाजी के कारण मेहमानों से खचाखच भरे भवन में भीषण आग लग गई, जिसमें कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई और 150 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि घटना इराक के निनवे प्रांत के हमदानिया इलाके की है। यह प्रांत उत्तरी शहर मोसुल के ठीक बाहरी क्षेत्र में बसा एक ईसाई बहुल इलाका है, जो कि देश की राजधानी बगदाद से 335 किलोमीटर दूर उत्तर पश्चिम में है।



आग लगने के कारण पर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन एक टेलीविजन समाचार चैनल पर प्रसारित हो रहे एक फुटेज में समारोह स्थल पर आतिशबाजी की आवाजें सुनाई दे रही हैं और एक झूमर में आग लगती दिख रही है। फुटेज में घटना के बाद बिखरा मलबा, टेलीविजन के कैमरे और घटना के बाद वहां से गुजर रहे लोगों के मोबाइल फोन की रोशनी दिखाई दे रही है। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। घायलों के लिए और ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था की जा रही है। आग की चपेट में आने वालों में कुछ बच्चे भी शामिल हैं। स्थानीय समाचार चैनल के अन्य फुटेज में दिखाया गया कि मंगलवार की रात जब आग लगी तो डांस फ्लोर पर मौजूद दूल्हा-दुल्हन स्तब्ध रह गए। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है कि वे दोनों हताहत हुए लोगों में शामिल हैं या नहीं। एक घायल महिला ने समाचार चैनल को अस्पताल में बताया, वहां डांस के लिए जाने वाले थे और ऐसी चीज जलाई गई जिससे वहां आग लग गई। एक अन्य घायल व्यक्ति ने बताया कि आग तब लगी जब जोड़े डांस के लिए तैयार हो रहे थे। उन्होंने कहा, उन्होंने आतिशबाजी की और वह छत तक पहुंची तथा आग लग गई। कुछ ही सेकंड में आग पूरे भवन में फैल गई। निनवे प्रांत के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मरने वालों की संख्या 114 हो गई है। हालांकि, संघीय अधिकारियों ने मृतकों की संख्या (100) में कोई बदलाव नहीं किया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता सैफ अल-बद्र ने इससे पहले इराक की सरकारी समाचार एजेंसी के हवाले से घायलों की संख्या 150 बताई थी। अल-बद्र ने कहा, इस दुखद घटना के पीड़ित लोगों को राहत प्रदान करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। प्रांत के एक स्वास्थ्य अधिकारी अहमद डुबरदानी ने समाचार चैनल को बताया कि घायलों में कई की हालत गंभीर है। डुबरदानी ने कहा, इनमें से ज्यादातर लोग बुरी तरह जल गए हैं और कुछ 50 से 60 फीसदी तक जल चुके हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से ऑनलाइन जारी किए गए बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। निनवे के प्रांतीय गर्वनर नजीम अल-जुबौरी ने बताया कि कई घायलों को क्षेत्रीय अस्पतालों में रेफर किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि हताहतों का यह अंतिम आंकड़ा नहीं है और मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। हमदानिया इराक के निनवे मैदान क्षेत्र पर बसा है और इस पर केंद्र सरकार का नियंत्रण है। हालांकि, इराक की अर्धस्वायत्त कुर्द क्षेत्रीय सरकार इस पर अपना दावा करती है। कुर्द क्षेत्र के प्रधानमंत्री मसरूर बरजानी ने अस्पतालों को हताहत हुए लोगों की मदद करने का आदेश दिया है। विवाद समारोह में मौजूद रहे पादरी फादर रूडी सफर खौरी ने कहा कि अभी यह स्पष्ट यह नहीं है कि आग के लिए कौन दोषी है।

उन्होंने कहा हो सकता है कि आयोजकों की किसी भूल से आग लगी हो या इसकी वजह कोई तकनीकी खामी हो। यह स्पष्ट नहीं है कि आग के लिए किसे दोषी ठहराया जाए। लेकिन जो हुआ, वह भयावह है। इराकी समाचार एजेंसी के हवाले से नागरिक सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि विवाह समारोह स्थल के बाहरी हिस्से की सजावट में अत्यधिक ज्वलनशील सामग्री का इस्तेमाल हुआ था, जो देश में गैरकानूनी है। नागरिक सुरक्षा अधिकारी ने कहा, अत्यधिक ज्वलनशील सामग्री के इस्तेमाल और कम लागत वाली निर्माण सामग्री के उपयोग के कारण आग लगी जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। भवन का कुछ हिस्सा आग लगने से ढह गया।

# ट्रंप ने रियल एस्टेट कारोबार खड़ा करते समय बरसों बरस धोखाधड़ी की : न्यायाधीश

एपी। न्यूयॉर्क

**पूर्व** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ एक न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा कि ट्रंप ने रियल एस्टेट कारोबार खड़ा करते समय बरसों बरस धोखाधड़ी की जबकि इसी कारोबार ने उन्हें प्रसिद्धि दिलाई और व्हाइट हाउस तक पहुंचाया।

न्यूयॉर्क अटॉर्नी जनरल लेटीशिया जेम्स द्वारा दायर किए गए एक मुकदमे में मंगलवार को सुनवाई करते हुए न्यायाधीश आर्थर एंगोरोन ने ट्रंप के खिलाफ अपनी व्यवस्था में यह कहा।

उनके अनुसार, पाया गया है कि पूर्व राष्ट्रपति और उनकी कंपनी ने अपनी संपत्तियों का अत्यधिक मूल्यांकन करके तथा सौदे करने और ऋण हासिल करने में कागजी कार्वाई में अपनी कुल आय को बढ़ा-चढ़ाकर दिखा कर बैंकों, बीमाकर्ताओं और अन्य लोगों के साथ धोखाधड़ी की।

एंगोरोन ने आदेश में कहा कि सजा के तौर पर ट्रंप के कुछ कारोबारी लाइसेंस रद्द कर दिए जाएं। उन्होंने कहा कि वह ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के कामकाज की निगरानी जारी रखेंगे। इस फैसले के बाद ट्रंप के लिए न्यूयॉर्क में व्यवसाय करने में मुश्किल होगी। ट्रंप के वकील क्रिस्टोफर किसे ने इस फैसले को घोर अन्याय करार दिया और कहा कि वह इस फैसले के खिलाफ अपील दायर करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप लंबे समय से कहते आ रहे है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है।

उनके बेटे एरिक ने कहा एंगोरोन का फैसला मेरे पिता के कारोबार को खत्म करने और उन्हें न्यूयॉर्क से बाहर निकालने का एक प्रयास है। ट्रंप ऑर्गेनाइज़ेशन के कार्यकारी अधिकारी और मुकदमे के प्रतिवादी एरिक ट्रम्प ने कहा, आज, मैंने न्यूयॉर्क की कानून व्यवस्था पर से भरोसा खो दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैंने पहले कभी किसी न्यायाधीश द्वारा एक व्यक्ति के प्रति इतनी नफरत नहीं देखी।

## हिंदुओं के संवैधानिक अधिकार के उल्लंघन के आरोप में कैलिफोर्निया विभाग के खिलाफ मुकदमा दायर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक हिंदू संगठन ने कैलिफोर्निया नागरिक अधिकार विभाग (सीआरडी) के खिलाफ मुकदमा दायर किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि विभाग ने राज्य में रहने वाले हिंदुओं के कई संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया है।

हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) और अन्य द्वारा दायर संशोधित शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विभाग ने यह गलत कहा है कि जाति व्यवस्था और जाति-आधारित भेदभाव हिंदू उपदेशों और प्रथाओं का अभिन्न अंग हैं और ऐसा करके विभाग ने कैलिफोर्निया में हिंदुओं के अधिकारों का उल्लंघन किया है। इस मुकदमे में एचएएफ के साथ वादी के रूप में कैलिफोर्निया स्थित एचएएफ टीम के कई सदस्य और अंतरधार्मिक नेता दिलीप अमीन भी शामिल हैं।

मीडिया को जारी एक बयान के अनुसार, हिंदू धर्म और भारतीयों के बारे में सीआरडी के असंवैधानिक और गलत बयानों से सीधे नुकसान का दावा करने वाले तीन अन्य वादी (सभी भारतीय मूल के हिंदू) भी मुकदमे में शामिल हैं।



माउई में अधिकारियों ने घर के मालिकों को एस्बेस्टस, सीसा और जंगल की आग के अन्य जहरीले अवशेषों से बचाने के लिए अपनी संपत्तियों का दौरा करते समय गैर-लाभकारी समूहों द्वारा प्रदान किए गए सुरक्षात्मक गियर पहनने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित किया।



माउंटेन व्यू, कैलिफ़ोर्निया में एक कार्यक्रम के लिए मोफ़ेट फ़ेडरल फ़ील्ड में पहुंचने पर राष्ट्रपति जो बाइडेन का सड़क पर समर्थकों ने स्वागत किया।

# पाकिस्तान की राजनीति में सेना का प्रभाव कायम रहेगा: काकड़

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार-उल-हक काकड़ ने देश में सेना की अपरिहार्य भूमिका को रेखांकित करते हुए स्वीकार किया कि जब तक नागरिक संस्थाएं मजबूत नहीं हो जातीं तब तक सेना राजनीति में अपनी पकड़ बनाए रखेगी।



पाकिस्तान के 75 वर्षों के इतिहास में आधे से अधिक समय तक देश पर शासन करने वाली सेना सुरक्षा और विदेश नीति के मामले में प्रभावशाली रही है। काकड़ ने मंगलवार को तुर्किए के समाचार चैनल टीआरटी वर्ल्ड को दिए साक्षात्कार में राजनीति में पाकिस्तानी सेना की भूमिका के बारे में बात की। जब साक्षात्कारकर्ता ने पूछा कि क्या पाकिस्तान की राजनीति में निकट भविष्य में सेना का प्रभाव बना रहेगा तो उन्होंने कहा, व्यावहारिक, यथार्थवादी और ईमानदारी से कहूं तो...हां। काकड़ से पूछा गया कि अधिकांश पाकिस्तानी मानते हैं कि नेताओं और सेना के बीच गठजोड़ है तो क्या ऐसे में पाकिस्तान में लोकतंत्र कायम रह सकता है?

इस पर उन्होंने कहा, जहां तक नेताओं-सेना के संबंध और इसके असंतुलन का सवाल है, तो मैं व्यक्तिगत रूप से इसे एक शुद्ध सरकारी ढांचे के रूप में देखता हूं। पाकिस्तानी नेताओं ने अपने विशिष्ट हितों के लिए सेना के साथ गठबंधन कर रखा है। उन्होंने कहा, जब वे सत्ता से बाहर हो जाते हैं, तो वे आलोचना करने लगते हैं और शासन के मामले में अपनी विफलताओं से ध्यान हटाकर उस विफलता के लिए सिविल और सैन्य संबंधों पर सवाल उठाने लगते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक नागरिक संस्थाएं मजबूत नहीं हो जातीं, तब तक सेना राजनीति में अपनी पकड़ बनाए रखेगी।

# ईरान ने इमेजिंग सैटेलाइट को सफलतापूर्वक पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने का दावा किया

एपी। तेहरान

**ईरान** ने बुधवार को दावा किया कि उसने एक इमेजिंग सैटेलाइट को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित कर दिया है। इस कदम से पश्चिम देशों के साथ तनाव और बढ़ने की आशंका है, जिन्हें आशंका है कि ईरान इन उपग्रहों का इस्तेमाल परमाणु हथियार विकसित करने में कर सकता है। सरकारी समाचार एजेंसी इरना की खबर के अनुसार, ईरान के संचार मंत्री इसा जारेपुर ने कहा कि नूर-3 उपग्रह को पृथ्वी की सतह के ऊपर 450 किलोमीटर पर कक्षा में स्थापित किया गया है। इस प्रक्षेपण या उपग्रह को कक्षा में स्थापित किए जाने के बारे में पश्चिमी देशों के अधिकारियों ने तत्काल कोई पुष्टि नहीं की है। ईरान हाल के वर्षों में कई असफल प्रक्षेपण कर चुका है।

यह स्पष्ट नहीं है कि प्रक्षेपण कब किया गया। अमेरिकी सेना ने टिप्पणी के अनुरोध पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। जारेपुर ने कहा कि ईरान के अर्द्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड की अंतरिक्ष शाखा ने पूर्व में भी सफलतापूर्वक उपग्रह प्रक्षेपित किए हैं और उसने हाल में कई प्रक्षेपण किए। अधिकारियों ने प्रक्षेपण की तत्काल कोई तस्वीर जारी नहीं की है।

ईरान के नियमित सशस्त्र बलों के समानांतर रिवोल्यूशनरी गार्ड अपना खुद का अंतरिक्ष कार्यक्रम और सैन्य बुनियादी ढांचा संचालित करता है और यह सिर्फ सुप्रीम नेता अयातुल्ला अली खामेनी के प्रति जवाबदेह है। इसने अप्रैल 2020 में अपना पहला उपग्रह प्रक्षेपित किया था। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि ईरान का उपग्रह प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का उल्लंघन है और उसने ईरान से परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता रखने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों से संबंधित गतिविधियों से बचने को कहा है। ईरान ने हमेशा परमाणु हथियारों की बात से इनकार किया है और वह कहता रहा है कि उसका अंतरिक्ष कार्यक्रम उसकी परमाणु गतिविधियों की तरह पूरी तरह से असैन्य उद्देश्यों के लिए है।

## नागोर्नो-काराबाख में पिछले सप्ताह संघर्ष में हमारे 192 सैनिक मारे गए : अजरबैजान

**बाकू।** अजरबैजान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि नागोर्नो-काराबाख में पिछले सप्ताह संघर्ष में अजरबैजान के 192 सैनिक मारे गए और 511 सैनिक घायल हुए हैं। मंत्रालय ने कहा कि संघर्ष के दौरान अजरबैजान के एक आम नागरिक की भी जान चली गई। इससे पहले, नागोर्नो-काराबाख के अधिकारियों ने कहा था कि संघर्ष में 10 नागरिकों सहित उनके पक्ष के कम से कम 200 लोग मारे गए।

# नस्लवादी टिप्पणी को लेकर चीनी कैब चालक निलंबित

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर** में चीन के एक कैब ड्राइवर द्वारा एक महिला और उसकी बेटी को भारतीय मूल का नागरिक समझकर उन पर कथित रूप से नस्लभेदी टिप्पणी करने के बाद निजी कार संचालन कंपनी टाडा ने उसे निलंबित कर दिया है। कंपनी ने यह जानकारी दी। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि घटना की गहन जांच के बाद चालक के खिलाफ कार्वाई की गई। घटना का वीडियो एक यात्री और उसकी छोटी बेटी ने रिकार्ड किया था।

पिछले शनिवार को जान होडेन नामक एक महिला ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर दो वीडियो अपलोड किए थे। वीडियो में उनके और कैब चालक के बीच हुई बहस को दिखाया गया था। होडेन ने टाडा ऐप का स्क्रीनशॉट भी साझा किया था।

होडेन (46) ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि बहस की शुरुआत तब हुई जब चालक ने उस पर गलत दिशा बताने का आरोप लगाया। महिला ने दावा किया कि उसने चालक को कुछ भी नहीं कहा था। बाद में, चालक और होडेन के बीच बहस और बढ़ गई। जिसके बाद चालक ने यात्री पर नस्लभेदी टिप्पणी की।

वीडियो सामने आने के बाद कंपनी ने मंगलवार को अपने बयान में कहा कि चालक की नस्लीय टिप्पणी मंच के सामुदायिक दिशानिर्देशों और लोकाचार के साथ पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

## पाकिस्तान में रॉकेट लॉन्चर के खोल में विस्फोट से नौ लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बुधवार को एक मकान में रॉकेट लॉन्चर के खोल में विस्फोट होने से पांच बच्चों सहित एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। कशमोर-कंधकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहिल खोसा ने बताया कि मैदान में खेलते समय बच्चों को एक रॉकेट लॉन्चर का खोल मिल गया और वे उसे अपने घर ले आए। उन्होंने बताया कि घर में उसमें विस्फोट हो गया और पांच बच्चों और दो महिलाओं समेत नौ लोगों की मौत हो गई। विस्फोट में पांच अन्य लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। एसएसपी ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और इस संबंध में जांच जारी है तथा कंधकोट के सरकारी अस्पताल में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। डॉन न्यूज की खबर के अनुसार, सिंध के मुख्यमंत्री मकबूल बकर ने प्रांतीय महानिरीक्षक से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है कि कशमोर जिले के कंधकोट तहसील के जांगी सुबजवाई गोथ गांव तक रॉकेट लॉन्चर कैसे पहुंचा।

## उत्तर कोरिया ने देश की सीमा में घुसे अमेरिकी सैनिक को रिहा करने का फैसला किया

**सियोल।** उत्तर कोरिया का कहना है कि उसने जुलाई में भारी हथियारों से लैस अंतर-कोरियाई सीमा से देश में प्रवेश करने वाले एक अमेरिकी सैनिक को रिहा करने का फैसला किया है। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी ने बुधवार को बताया कि अधिकारियों ने पकड़े गए अमेरिकी सैनिक ट्राविस किंग से पूछताछ पूरी कर ली है। सैनिक ने स्वीकार किया है कि उसने अवैध रूप से उत्तर कोरिया में प्रवेश किया।

# अंग दान करना, जैव विविधता की रक्षा करना एक तरह की देशभक्ति: मोहन भागवत

**सूरत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि देश की जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ अंग दान करना एक तरह की देशभक्ति है। गुजरात के सूरत में एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा, मानव शरीर का उपयोग जीना और दूसरों के लिए मरना है। देश में कई लोग इसलिए परेशान होते हैं क्योंकि पैसा खर्च करने के बावजूद उन्हें वर्षों तक स्वस्थ अंग नहीं मिल पाते हैं। एक स्वतंत्र देश में, देशभक्ति का एक पहलू सार्वजनिक जीवन के नियमों का पालन करना है...कानून का उल्लंघन नहीं करना या इसे अपने हाथ में नहीं लेना और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी शिकायतों को व्यक्त करना है। दूसरा पहलू देश के हर किसी के दर्द को साझा करना है क्योंकि वे सभी हमारे अपने हैं।




वह अंगदान के क्षेत्र में काम करने वाले एक गैर सरकारी संगठन डोनेट लाइफ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। भागवत ने सवाल किया, इसलिए, अंगदान देशभक्ति का काम है, देशभक्ति का एक रूप है। यदि मैं अपने अंग उन लोगों को दान करने का फैसला करता हूं जिनका जीवन प्रभावित है क्योंकि उनके अंगों ने काम करना बंद कर दिया है, तो उन्हें दान क्यों न करूं क्योंकि मैं अब अधिक समय तक जीवित नहीं रहूंगा? यदि हम ब्रेन-डेड स्थिति में रहते हैं, और हमारे अन्य अंग सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। तो ऐसे अंगों का उपयोग अन्य जीवित मनुष्यों के लिए करना हमारा मानव धर्म है।

अपना स्वयं दान करने से वह व्यक्ति भगवान बन जाता है। भागवत ने इस बात पर खेद जताया कि देश में कई लोग पीडि़त हैं क्योंकि उन्हें पैसे खर्च करने के बावजूद अंग प्राप्त करने के लिए वर्षों तक प्रतीक्षा सूची में रहना पड़ता है। इंग्लैंड और अमेरिका हमारे देश की जरूरतों को पूरा नहीं करने वाले हैं। कदम दर कदम हम इन दिनों अपनी जरूरतों को पूरा करने के बाद दुनिया की जरूरतों को पूरा करने की राह पर हैं....यदि हम स्वयं को इस देश का नागरिक कहते हैं, तो हमारा जीवन भी ऐसा ही होना चाहिए। भागवत ने कहा कि लोगों को अंग दान करने का अपना संकल्प नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा, अपने अंगों को स्वस्थ रखना भी हमारी जिम्मेदारी है क्योंकि प्रतिज्ञा लेने के बाद हमारा शरीर अपना नहीं रह जाता।

कोविड-19 महामारी के दौरान, देश को अपने पैरों पर खड़ा करने में हर किसी ने अपनी क्षमता से कुछ न कुछ योगदान दिया। भारत ने कोविड-19 महामारी से बहुत अच्छी तरह से लड़ाई लड़ी और उसे हराया। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि एक लोकतांत्रिक देश में लोगों को अपने देश को स्वयं ही एक स्वरूप देना चाहिए और अपनी मातृभूमि को स्वतंत्र और समृद्ध रखना एक तरह की देशभक्ति है। देशभक्ति का दूसरा पहलू देश की जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना और उन्हें बढ़ावा देना है। भागवत ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण पहलू जो किसी देश को राष्ट्र के रूप में आकार देता है, वह लोग हैं।

## उत्तराखंड का सरमोली बना देश का सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के खूबसूरत सरमोली गांव को बुधवार को देश का सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव का पुरस्कार दिया गया। नई दिल्ली में भारत मंडपम प्रेक्षागृह में आयोजित एक कार्यक्रम में पर्यटन मंत्रालय की ओर से यह पुरस्कार मल्लिका विर्दी को दिया गया। पुरस्कार में एक स्वर्ण पदक और एक प्रशस्ति पत्र शामिल है। विर्दी ने ही मुनस्यारी सब डिवीजन में स्थित सरमोली में एक गैर सरकारी संगठन हिमालयन आर्क के माध्यम से 2016 में ग्राम पर्यटन प्रोत्साहन की प्रक्रिया को शुरू किया था। विर्दी ने कहा, देश के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में पुरस्कार मिलना सरमोली के सभी निवासियों खास तौर से समुदाय आधारित पर्यटन में विश्वास रखने वाले सभी लोगों के लिए सम्मान की बात है। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि उनके गांव को यह पुरस्कार इसलिए मिला क्योंकि उनका पर्यटन का मॉडल क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सुंदरता और ग्रामीण रहनसहन पर आधारित है।



अहमदाबाद में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के बीस वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल को साइंस सिटी में रोबोट के द्वारा चाय परोसी गई।

# असम-मेघालय सीमा पर फिर झड़प, एक घायल

**भाषा।** शिलांग/दिफू

**असम-मेघालय** अंतरराज्‍ईय सीमा के पास एक विवादित क्षेत्र में फिर से झड़प हो गई, जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के स्थानीय लोगों ने एक-दूसरे पर तीर-कमान और गुलेल से हमला किया। अधिकारियों के अनुसार, झड़प की यह घटना मेघालय के वेस्ट जयंतिया हिल्स जिले और असम के वेस्ट कार्बी आंगलोंग जिले के बीच सीमा पर लापांगप गांव में मंगलवार को हुई। अधिकारियों ने बताया कि घटना में कार्बी आंगलोंग जिले का एक व्यक्ति घायल हो गया, जबकि मेघालय की ओर से किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई। दोनों राज्यों के पुलिस दलों ने घटनास्थल का दौरा किया और स्थानीय लोगों से बात कर उन्हें समझाया जिसके बाद स्थिति नियंत्रित हुई।

मेघालय के एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने झड़प वाले स्थान पर ग्रामीणों के जुटने पर रोक लगा दी। ऐसे में शांति तो है, लेकिन बुधवार को सुबह तक स्थिति तनावपूर्ण थी। वेस्ट जंयतिया हिल्स जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, हम स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए असम के वेस्ट कार्बी आंगलोंग जिले में अपने समकक्षों के साथ समन्वय कर रहे हैं। लापांगप गांव के एक बुजुर्ग देइमोनमी लिंगदोह ने दावा किया कि गांव के किसान अपने धान के खेतों में काम कर रहे थे तभी खेतों के पास छिपे असम के लोगों ने उन पर गुलेल और तीर-कमान से हमला किया। उन्होंने कहा, जैसे ही हमले के बारे में जानकारी मिली तो हमारे गांव के लगभग 250-300 लोग घटनास्थल पर पहुंचे और जवाबी हमला किया। कल पूरे दिन तनाव बना रहा।

उन्होंने जिला प्रशासन से सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। वहीं, कार्बी आंगलोंग के तापत इलाके के स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि मंगलवार को जब वे अपने खेतों में काम कर रहे थे तो पड़ोसी राज्य मेघालय के लगभग 200 लोगों ने उन पर गुलेल, लाठियों और खंजर से हमला किया।

झड़प के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। असम-मेघालय अंतरराज्‍ईय सीमा के एक विवादित खंड पर स्थित मुकरोह गांव में पिछले साल 22 नवंबर को हुई गोलीबारी की घटना में पांच मेघालय निवासियों और असम के एक वन रक्षक सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई थी। अंतरराज्‍ईय सीमा को पुनर्गठित करने के लिए दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच आधिकारिक वार्ता अग्रिम चरण में है। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री वार्ता के एक और दौर के लिए अगले महीने की शुरुआत में बैठक करने वाले हैं। असम और मेघालय ने मतभेद वाले छह क्षेत्रों में विवाद को सुलझाने के लिए पिछले साल एक सीमा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। सूत्रों ने बताया कि मतभेद वाले बाकी छह इलाकों पर बातचीत अग्रिम चरण में है।

# भाजपा ने रमेश बिधूड़ी को राजस्थान के टोंक में चुनाव ड्यूटी पर लगाया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा में बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कर विवादों में घिरे अपने लोकसभा सदस्य रमेश बिधूड़ी को राजस्थान के टोंक जिले में चुनाव जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। जिले में बड़ी संख्या में गुर्जर समुदाय होने के कारण भाजपा मानती है कि बिधूड़ी गुर्जर वोट उसके पक्ष में ला सकती है क्योंकि बिधूड़ी भी गुर्जर समुदाय से आते हैं। इस जिले में विधानसभा की चार सीट है जिनमें एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट के पास है। पायलट भी गुर्जर हैं। सूत्रों ने बताया कि बिधूड़ी की जिम्मेदारी जिले के पार्टी के चुनाव प्रभारी के रूप में होगी। पार्टी नेताओं का कहना है कि मीणा और मुसलमान इस जिले में दो अन्य बड़े समुदाय हैं। पायलट 2018 में टोंक विधानसभा सीट से निर्वाचित हुए थे।

बिधूड़ी ने भी एक्स पर पोस्ट किया कि जयपुर में टोंक जिले के लिए हुई समन्वय समिति की बैठक में वह शामिल हुए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सी पी जोशी भी उस बैठक में उपस्थित थे।

लोकसभा में पिछले सप्ताह अली के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने पर कई दलों ने दक्षिण दिल्ली के सांसद विधूड़ी की आलोचना की थी। विपक्षी दलों ने उन्हें सदन से निलंबित करने की मांग की। उसके बाद भाजपा ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। बिधूड़ी राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा के जमीनी नेताओं में आते हैं तथा अपने निर्वाचन क्षेत्र में उनका खासा असर है। भाजपा नेताओं का कहना है कि पार्टी विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनाव में अपने सांसदों को नियमित रूप से तैनात करती है तथा विधूड़ी की सेवा कई पिछले चुनावों में ली जा चुकी है।

# जांच में पता चला ट्रेनकर्मी था हल्का नशे में, मोबाइल पर कुछ देख रहा था

**मथुरा ट्रेन हादसा**

**नई दिल्ली।** मथुरा में मंगलवार को हुई ट्रेन घटना की संयुक्त जांच रिपोर्ट में पाया गया है कि ट्रेन परिचालन के दौरान ट्रेनकर्मी अपने मोबाइल फोन पर कुछ देख रहा था और वह हल्का नशे की हालत में भी था। सूत्रों ने यह जानकारी दी। मंगलवार को एक अजीबोगरीब घटना में मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन प्लेटफॉर्म संख्या दो पर चढ़ गई। सूत्रों ने बताया कि रिपोर्ट में ट्रेन घटना के प्रथम दृष्टया कारण का जिक्र करते हुए कहा गया है कि क्रू वायस एंड वीडियो रिकार्डिंग सिस्टम के मुताबिक प्लेटफार्म पर ट्रेन के पहुंचने के बाद सचिन नामक ट्रेनकर्मी अपने मोबाइल फोन पर कुछ देखते हुए उसके डीटीसी कैब (इंजन) में दाखिल हुआ।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उसने लापरवाही से इंजन के थ्रोटल (एक खास उपकरण) पर अपना बैग रख दिया एवं फिर अपने मोबाइल फोन पर कुछ देखने में व्यस्त हो गया। बैग के दबाव के चलते थ्रोटल आगे की स्थिति में चला गया, फलस्वरूप ईएमयू प्लेटफार्म की ओर आगे बढ़ गई। रिपोर्ट में कहा गया है, उसने (ट्रेन ने) प्लेटफार्म के आखिरी छोर तो तोड़ दिया तथा कोच का आधा हिस्सा प्लेटफार्म नंबर दो के ऊपरी हिस्से पर चढ़ गया, फलस्वरूप ओएचई (ओवरहेड तार) भी प्रभावित हुआ।

रिपोर्ट में यह भी गया है कि सचिन पर किए गए ब्रेथलाइजर टेस्ट से पता चला कि वह हल्का नशे की हालत में है। आगरा रेलवे डिवीजन के सूत्र ने कहा, उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है जहां यह पता करने के लिए उसका रक्त नमूना लिया जाएगा कि उसमें अल्कोहल सेवन का सटीक स्तर क्या है। संभागीय रेलवे प्रबंधक तेजप्रकाश अग्रवाल ने इस घटना के सिलसिले में सचिन समेत पांच व्यक्तियों को निलंबित कर दिया है। उन चारों में हरभजन सिंह ब्रजेश कुमार और कुलजीत तकनीकी कर्मी हैं जबकि गोविंद हरि शर्मा लोको पायलट है।

अग्रवाल ने कहा, हमने पांच व्यक्तियों को निलंबित कर दिया है तथा मामले की जांच की जा रही है। संयुक्त रिपोर्ट में कहा गया है कि आमतौर पर तकनीशियन डीटीसी कैब (इंजन) की चाबी लेते हैं लेकिन इस मामले में तकनीशियन ने चाबी लेने के लिए सचिन को भेजा था। घटना का संक्षिप्त ब्योरा देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि मथुरा स्टेशन पर रात 10 बजकर 49 मिनट पर ट्रेन पहुंची। जब लोको पायलट अपनी ड्यूटी पूरी कर कैब से बाहर आया तब सचिन चाबियां लेने के लिए कैब में घुसा। कैब में उसके जाने के मिनट भर के अंदर ही वह चलने लगी और उसका आधा हिस्सा प्लेटफार्म पर चढ़ गया।

# मेनका गांधी ने इस्कॉन पर गायों को कसाइयों को बेचने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद मेनका गांधी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें उन्हें यह आरोप लगाते हुए सुना जा सकता है कि इस्कॉन देश का सबसे बड़ा धोखेबाज है जो अपनी गौशालाओं से गायों को कसाइयों को बेच देता है। इस आरोप का इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) ने जोरदार खंडन किया है और इसे निराधार और झूठा कहा है। पीटीआई-भाषा ने गांधी से उनकी टिप्पणी के लिए संपर्क करने की कोशिश की लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

बिना तिथि वाले वीडियो में, गांधी ने कहा कि इस्कॉन गौशालाएं बनाता है और इसके लिए सरकार से विशाल जमीन के रूप में असीमित लाभ कमाता है। पशु अधिकार कार्यकर्ता गांधी ने कथित वीडियो में कहा, इस्कॉन अपनी सारी गाएं कसाइयों को बेच रहा है और उनके अलावा कोई और ऐसा नहीं करता है। वे वही हैं जो सड़क पर हरे राम हरे कृष्ण का जाप करते हुए घूमते हैं और कहते हैं कि उनका पूरा जीवन दूध पर निर्भर है।

गांधी ने आरोप लगाया, मैंने हाल ही में (आंध्र प्रदेश में) उनकी अनंतपुर गौशाला का दौरा किया और वहां एक भी गाय अच्छी हालत में नहीं मिली... गौशाला में कोई बछड़ा नहीं था, जिसका मतलब है कि सभी को बेच दिया गया है। इसके जवाब में, इस्कॉन ने कहा कि उसने दुनिया के कई हिस्सों में गाय संरक्षण का बीड़ा उठाया है, जहां गोमांस एक मुख्य आहार है। इस्कॉन ने एक बयान में कहा, भारत के भीतर, इस्कॉन 60 से अधिक गौशालाएं चलाता है, जो सैकड़ों पवित्र गायों और बैलों की रक्षा करती हैं और उनके पूरे जीवनकाल के लिए देखभाल प्रदान करती हैं। वर्तमान में इस्कॉन की गौशालाओं में जिन गायों की सेवा की जा रही है उनमें से कई को लावारिस, घायल पाए जाने, या वध किए जाने से बचाए जाने के बाद हमारे पास लाया गया था।

## ओडिशा के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को दिए दस में से आठ अंक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नरेन्द्र मोदी सरकार को 10 में से 8 अंक देने पर पलटवार करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने बीजू जनता दल (बीजद) की राज्य सरकार को बुधवार को शून्य अंक दिया और उसे आकंठ तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार बताया। पटनायक ने रविवार को एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए उनकी सरकार को विदेश नीति और गरीबी उन्मूलन के प्रति काम के लिए 10 में से 8 अंक दिए थे। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के नेता जयनारायण मिश्रा ने कहा, मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री के संपूर्ण प्रदर्शन के लिए उन्हें 10 में से 10 अंक देने चाहिए। हालांकि, मैं हर मोर्चे पर पटनायक की नाकामी के लिए उन्हें शून्य अंक दूंगा। प्रधानमंत्री का शासन भ्रष्टाचार मुक्त है जबकि पटनायक सरकार आकंठ तक भ्रष्टाचार में डूबी है।

# सिख युवाओं को कनाडा बुलाने के लिए खालिस्तान समर्थक वीजा प्रायोजित करने का दे रहे हैं प्रलोभन

**नई दिल्ली।** कनाडा में रह रहे खालिस्तान समर्थक तत्व भोले-भाले सिख युवाओं को वहां बुलाने के लिए वीजा प्रायोजित करने का प्रलोभन दे रहे हैं। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इसका एकमात्र उद्देश्य कनाडाई धरती पर उनके (खालिस्तान के) एजेंडे को आगे बढ़ाना है। सूत्रों ने कहा कि हरदीप सिंह निज्जर और मोनिंदर सिंह बुआल, परमिंदर पंगली, भगत सिंह बरार जैसे खालिस्तानी अलगाववादी कनाडा की धरती से अपने खालिस्तानी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे सिख युवाओं का इस्तेमाल करते रहे हैं। निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच विवाद उत्पन्न हो गया है।

प्रवासी भारतीयों के समर्थन नहीं देने के कारण अलगाववादियों को हालांकि जमीनी स्तर पर समर्थक नहीं मिल रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि मांग और आपूर्ति के इस तानेबाने का इस्तेमाल कनाडा में खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों ने पंजाब के सिख युवाओं को प्रलोभन देने के लिए किया। इस साजिश को आगे बढ़ाने के लिए सिख युवाओं को नलसाज (प्लंबर), ट्रक चालक जैसी नौकरियों और अलगाववादियों द्वारा नियंत्रित गुरुद्वारों में सेवादार, रागी और पाठियों जैसे धार्मिक कार्यों के लिए प्रायोजित करने का एक नया विचार दिया गया। खालिस्तान समर्थक चरमपंथी ऐसे पंजाबी युवकों का वीजा प्रायोजित करते हैं और उन्हें कनाडा बुलाकर भारत विरोधी प्रदर्शनों और कार्यक्रमों, कट्टरपंथी-धार्मिक सभाओं में शामिल करवाकर उनका शोषण करते हैं।

इतना ही नहीं अलगाववादी कनाडा में ऐसे भारतीय युवाओं और छात्रों की पहचान करते हैं जिन्हें अपना खर्चा उठाने में मुश्किल आती है और उन्हें विविध नौकरियों और आश्रय के संबंध में मदद की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कनाडा में अवैध प्रवासियों और ऐसे छात्रों के चरमपंथियों के जाल में फंसने की सबसे अधिक आशंका होती है जिन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है लेकिन उपयुक्त नौकरी नहीं मिल पाई है। खालिस्तान समर्थक चरमपंथी उन्हें गुरुद्वारे के संसाधनों का उपयोग करके आश्रय और आजीविका के लिए निम्न स्तर की नौकरियों की पेशकश करते हैं। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद ए ैऋणौ युवा स्वेच्छा से या अनिच्छा से ैकनाडा में खालिस्तान ब्रिगेडै में शामिल हो जाते हैं।

जब आईएसआई समर्थित खालिस्तानी समूह सिख फॉर जस्टिस को अपने भारत विरोधी अभियान ैपंजाब इंडिपेंडेंस रेफरेंडमै के लिए समर्थन हासिल करने में मुश्किल हो रही थी, तो निज्जर और उसके दोस्तों ने ऐसे युवाओं का इस्तेमाल यह दिखाने के लिए किया कि उनका अभियान सफल है।

सूत्रों ने बताया कि खालिस्तान समर्थक इन चरमपंथियों के लिए अब ऐसे अधिक से अधिक लोगों को अपने जाल में फंसाना आसान हो गया है क्योंकि वे सरे, ब्रैम्पटन, एडमॉन्टन आदि में 30 से अधिक गुरुद्वारों पर नियंत्रण रखते हैं। सूत्रों ने कहा कि निज्जर, बुआल और बरार ने पंजाब में दविंदर बंबीहा गिरोह, अर्श दल्ला गिरोह, लखबीर लांडा गिरोह जैसे गैंगस्टर के साथ एक ैनापाक गठजोड़ै भी बनाया और पंजाब में आतंकवादी हमलों के लिए उनके गुर्गों का उपयोग करने के बदले में इन वांछित गैंगस्टर को कनाडा ले गए। उन्होंने कहा कि भारत में कुछ खालिस्तान समर्थक राजनीतिक दल युवाओं को ैपत्रै देने के लिए एक से दो लाख रुपए लेती हैं, जो इसका इस्तेमाल यह झूठा दावा करते हुए कनाडा में राजनीतिक शरण लेने के लिए करते हैं कि वे पार्टी कैडर हैं और धार्मिक आधार पर भारत में उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।

## मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में अफस्पा कानून छह महीने के लिए बढ़ाया गया

**इम्फाल।** मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम (अफस्पा) को छह महीने का विस्तार दिया गया, इम्फाल घाटी के 19 थानों और असम की सीमा से सटे एक इलाके को इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया है। एक अधिसूचना में बुधवार को इसकी जानकारी दी गई। राज्य सरकार की राय है कि जमीनी स्तर पर विस्तृत मूल्यांकन करना वांछनीय नहीं है क्योंकि सुरक्षा एजेंसियां कानून-व्यवस्था बनाए रखने में व्यस्त हैं। अफस्पा की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मणिपुर के राज्यपाल ने 19 थाना क्षेत्रों में आने वाले इलाकों को छोड़कर, पूरे मणिपुर राज्य को एक अक्टूबर से छह महीने की अवधि के लिए अशांत क्षेत्र घोषित किया है। जिन थाना क्षेत्रों में यह कानून लागू नहीं किया गया है। उनमें इम्फाल, लांफेल, सिटी, सिंगजामेई, सेकमाई, लैमसांग, पास्टोल, वांगोई, पोरोम्पैट, हेंगांग, लामलाई, इरिबुंग, लीमाखोंग, थौबल, बिष्णुपुर, नंबोल, मोइरंग, काकचिन और जिरबाम शामिल हैं।

## भारत की नदी जोड़ो योजना जल संकट और बढ़ा सकती है : अध्ययन

**नई दिल्ली।** बाढ़ और सुखाड़ की समस्या का स्थाई समाधान ढूंढने के लिए भारत की महत्वाकांक्षी नदी जोड़ो योजना से जल संकट और गहरा सकता है एवं मानसून की परिपाटी भी प्रभावित हो सकती है। यह दावा जर्नल नेचर में प्रकाशित एक अनुसंधान पत्र में किया गया है। अनुसंधान के दौरान क्षेत्रीय जलवायु मॉडल और आंकड़ों का पुनर्विश्लेषण सहित कई तकनीकों का उपयोग किया गया, ताकि इन विशाल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं द्वारा उत्पन्न होने वाले जल-मौसम संबंधी परिणामों के जटिल तंत्र पर प्रकाश डाला जा सके। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई, भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) पुणे सहित अनुसंधान में शामिल वैज्ञानिकों ने अध्ययन के दौरान जलवायु परिस्थितियों का आकलन किया जो अल नीनो-दक्षिणी दोलन जैसी परिस्थितियों को प्रभावित करते हैं।

# दिल्ली-एनसीआर की तर्ज पर करना पड़ सकता है अयोध्या का भी विस्तार: नृपेंद्र मिश्रा

**नई दिल्ली।** श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा है कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाने के बाद इसके आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में एकाएक तेजी आएगी और आने वाले समय में दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की तर्ज पर इस तीर्थ स्थल का भी विस्तार करना पड़ सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पूर्व प्रधान सचिव रह चुके मिश्रा ने पीटीआई वीडियो को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पास बिहार और छत्तीसगढ़ से लेकर नेपाल तक के, मर्यादा पुरुषोत्तम से जुड़े स्थलों के जीर्णोद्धार की मांग लगातार आ रही है लेकिन उसने इसे स्थानीय लोगों पर ही छोड़ देने का फैसला किया है।

मंदिर निर्माण का कार्य पूरा हो जाने और रामलला के दर्शन के वास्ते इसे आम जन के लिए खोल दिए जाने के बाद अयोध्या की आर्थिक गतिविधियों के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने दावा किया कि इससे निश्चित है कि एकाएक अयोध्या और आसपास के क्षेत्रों का आर्थिक स्तर ऊंचा उठेगा। उन्होंने कहा, क्योंकि यहां धनराशि आएगी। लोगों को अनेक अवसर मिलेंगे और इन अवसरों के साथ-साथ आगे निवेश भी बढ़ेगा। 16 होटल बनाने के आवेदन आ चुके हैं। वहां पर एक स्मार्ट सिटी की योजना भी बनाई जा रही है।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य मिश्रा ने बताया कि अयोध्या में परिवहन व्यवस्था सुगम बनाने के लिए भी एक मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, एक दिन ऐसा आ सकता है कि जैसे दिल्ली में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र है, वैसे ही अयोध्या का विस्तार करना पड़े।

उन्होंने इसकी वजह भी विस्तार से बताई और कहा कि वर्तमान अयोध्या इतनी बड़ी जनसंख्या की सही ढंग से देखरेख नहीं कर पाएगी। मिश्रा ने बताया कि अयोध्या की वर्तमान आबादी करीब सवा तीन लाख है और अनुमान है कि जनवरी से यहां पांच लाख अतिरिक्त जनसंख्या का बोझ पड़ सकता है।

उन्होंने कहा, यह आबादी एक चुनौती भी है और साथ में अवसर भी है। जितने वहां के लोग हैं, वह अन्य लोगों को रहने का अवसर दे सकते हैं। वह अपने भवन इस प्रकार से निर्मित कर सकते हैं कि उसमें एक-दो अतिरिक्त कमरे हों। ताकि कम बजट पर आने वाले लोग रह सकें। यह सही है कि इस क्षेत्र को बढ़ाना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य सरकार को अयोध्या के आस-पास के जनपदों के कुछ हिस्सों को इसमें नियोजित तरीके से शामिल करने की प्रक्रिया पर ध्यान देना होगा। मिश्रा ने कहा कि नियोजित तरीके से विस्तार के लिए राज्य सरकार को यथोचित कदम उठाने पड़ेंगे, जिनमें अयोध्या के आस-पास के जनपदों को अधिसूचित करना तथा अनियोजित निर्माण कार्यों पर रोक लगाना शामिल है।

# अयोध्या संग्रहालय में राम मंदिर आंदोलन की कानूनी, राजनीतिक यात्रा का विवरण भी होगा: मिश्रा

**नई दिल्ली।** राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा है कि अयोध्या में सरयू तट पर स्थित अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से ना सिर्फ खुदाई के दौरान मिली मूर्तियों व अवशेषों को दर्शाया जाएगा बल्कि इस आंदोलन की कानूनी, राजनीतिक और धार्मिक यात्रा का विवरण प्रस्तुत करने वाला एक विशेष प्रकोष्ठ भी बनाया जाएगा। पीटीआई-वीडियो को दिए एक विशेष साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव रहे मिश्रा ने बताया कि संग्रहालय श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को लीज पर मिल गया है और इसमें काम शुरू किया जा रहा है।

मिश्रा ने कहा, कुछ चीजें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की खुदाई के दौरान मिलीं और कुछ मंदिर निर्माण कार्य के लिए की गई खुदाई के दौरान मिलीं। उन्हें बहुत ही सुरक्षित तरीके से... कुछ तो न्यायालय के आदेशों से सुरक्षित रखा गया है और कुछ ट्रस्ट के पास सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि एएसआई से अनुमति लेकर इन सभी मूर्तियों व अवशेषों को संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा, संग्रहालय में अलग-अलग प्रकोष्ठ होंगे। एक प्रकोष्ठ ऐसा होगा, जिसमें कौन-कौन सी चीजें खुदाई और निर्माण कार्य के दौरान मिलीं, उन्हें रखा जाएगा। एक दूसरा प्रकोष्ठ होगा, जिसमें 500 से भी अधिक वर्षों की उस लंबी कानूनी, राजनीतिक और धार्मिक यात्रा का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा जिसका पटाक्षेप 2019 में उच्चतम न्यायालय के फैसले से हुआ।

नवंबर 2019 में उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में राम मंदिर के पक्ष में फैसला देते हुए केंद्र सरकार को निर्देशित किया था कि वह तीन माह के भीतर मंदिर निर्माण के लिए एक न्यास की स्थापना करे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 फरवरी 2020 को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की घोषणा की। मिश्रा न्यास के सदस्य होने के साथ ही मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष भी हैं।

मिश्रा ने बताया कि संग्रहालय के एक प्रकोष्ठ में राम वन गमन व विभिन्न भाषाओं की राम कथाओं का विवरण होगा और एक अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ में राम के अंतरराष्ट्रीय महत्व से जुड़ी गाथाओं को दर्शाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले इरादा था कि मंदिर परिसर में ही एक संग्रहालय बनाया जाए लेकिन इससे बाद में समस्या हो सकती थी। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट ने देखा कि एक बहुत अच्छा संग्रहालय राज्य सरकार के पास उपलब्ध है और वह उसे मिल जाए तो दोनों की अपेक्षाओं की पूर्ति हो सकेगी।

मिश्रा ने बताया, राज्य सरकार ने संग्रहालय दे दिया है। इसमें कार्य शुरू किया जा रहा है। पहले मंदिर ट्रस्ट की योजना में मंदिर परिसर में ही श्रीराम से जुड़ी और मंदिर परिसर की नींव की खुदाई में निकले दुर्लभ पुरावशेषों के संग्रह के लिए संग्रहालय का निर्माण प्रस्तावित था। उच्चतम न्यायालय ने 2019 में राम मंदिर के साथ ही सुन्नी वक्फ बोर्ड को मस्जिद के निर्माण के लिए अयोध्या में ही किसी दूसरे स्थान पर पांच एकड़ का भूखंड आवंटित किए जाने का फैसला किया था। मिश्रा से जब यह पूछा गया कि मंदिर निर्माण का पहला चरण पूरा होने की दिशा में है लेकिन मस्जिद निर्माण का काम अभी भी शुरू नहीं हो सका है, तो उन्होंने कहा कि मंदिर और मस्जिद निर्माण का काम दो अलग-अलग संस्थाएं देख रही हैं और दोनों में राज्य व केंद्र सरकार का हस्तक्षेप नहीं है।

# एशियन गेम्स 2023 : चीन में भारतीय ध्वज लहराते हुए देखना वास्तव में विशेष था : सिफ्ट कौर सामरा


**● सामरा ने महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन व्यक्तिगत स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता**

**भाषा।** हांगझोउ

**सिफ्ट** कौर सामरा के लिए एशियाई खेलों में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतना संतोषजनक था लेकिन चीन में ऐसा करना भारत की इस निशानेबाज के लिए विशेष बन गया।

सिफ्ट कौर सामरा ने बुधवार को यहां महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन व्यक्तिगत स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि आशी चौकसी ने भी कांस्य पदक जीता। सामरा ने जीत के बाद कहा, चीन में भारतीय तिरंगे को ऊपर जाते हुए देखना वास्तव में अच्छा और विशेष था।

उन्होंने कहा, मैं अपने शॉट पर ध्यान लगा रही थी। मैं सोच रही थी कि मुझे स्वर्ण पदक जीतना है। मैं जानती थी कि भारत ने एशियाड में व्यक्तिगत (50 मीटर थ्री पोजीशन) स्पर्धा में स्वर्ण पदक नहीं जीता है। मैं इस स्पर्धा में ऐसा करने वाली पहली निशानेबाज बनना चाहती थी। आशी रजत पदक की दौड़ में थी लेकिन अंतिम शॉट (8.9) पर दूसरा स्थान गंवा बैठी। उन्होंने कहा कि सामरा ने अंत में खराब शॉट के लिए उन्हें डांटा भी था जिसके कारण भारत आठ महिलाओं के थ्री पोजीशन फाइनल में पहले-दूसरे पोडियम स्थान से वंचित रह गया। आशी ने कहा, कल हम चर्चा कर रहे थे कि स्वर्ण और रजत पदक दोनों ही हमारे होने चाहिए। उसने (सामरा) ने मुझे डांटा भी कि तुम अंतिम शॉट 8.9 का कैसे



लगा सकती थी। उन्होंने कहा, मेरे ऊपर काफी दबाव था। मैंने अपनी राइफल निकालने के बाद वापस रखी और जब मैंने टाइमर देखा तो बस 30 सेकेंड बचे थे। मैं बिलकुल भी रिलैक्स नहीं थी क्योंकि यह अंतिम शॉट था। मैं बहुत नर्वस थी। पर मुझे निशाना लगाना था तो मैंने निशाना लगाया।

## माता-पिता की सलाह पर डॉक्टरी की पढ़ाई छोड़कर निशानेबाज बनी एशियाड स्वर्ण पदक विजेता सामरा

**भाषा।** हांगझोउ

**डॉक्टरी** और निशानेबाजी दोनों ही क्षेत्र में बेहद धैर्य की जरूरत होती है लेकिन इस साल मार्च में सिफ्ट कौर सामरा ने चिकित्सकीय उपकरणों के बजाय राइफल को करियर विकल्प चुनने का फैसला किया। सामरा (23 वर्ष) ने निशानेबाजी पर ध्यान लगाने के लिए अपनी चिकित्सीय पढ़ाई (एमबीबीएस कोर्स) छोड़ने का फैसला किया। बुधवार को यह फैसला बिलकुल सही साबित हुआ और उन्होंने हांगझोउ में एशिया की महिला 50 मीटर थ्री पोजीशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। सामरा फरीदकोट में जीजीएस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई और निशानेबाजी दोनों के बीच जूझ रही थीं लेकिन अंत में उन्होंने अपना कोर्स बदलने का फैसला किया। विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली सामरा ने कहा, मैंने मार्च में एमबीबीएस छोड़ दिया। मैं अभी अमृतसर से जीएनडीयू से बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स कर रही हूं। भारत में मध्यमवर्गीय और उच्च मध्यमवर्गीय परिवारों ने माता-पिता सामान्यत: अपने बच्चों को पढ़ाई में अच्छा करने के लिए बढ़ावा देते हैं लेकिन सामरा के माता-पिता उन्हें निशानेबाजी रेंज में रिकॉर्ड तोड़ते हुए देखना चाहते थे। यह पूछने पर कि उन्होंने एमबीबीएस कोर्स क्यों छोड़ा तो सामरा ने कहा, मैं नहीं जानती। यह मेरे माता-पिता का फैसला था।यह मेरे हाथ में नहीं है। मैं कुछ नहीं कर सकती। मैं लोकसेवा में भी जा सकती हूं। उन्होंने कहा, मैं दुर्घटनावश निशानेबाज बनी। मेरे कजन ने मुझे निशानेबाजी शुरु कराई जो एक शॉटगन निशानेबाज है। मेरी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता अच्छी रही और मेरी सभी रिश्तेदारों ने मेरे माता-पिता से कहा कि मुझे निशानेबाजी करनी चाहिए। मैं भाग्यशाली रही कि यह कारगर रहा और अब मैं निशानेबाज हूं।

# ऑस्ट्रेलिया ने तीसरा मैच जीत कर भारत को क्लीन स्वीप से रोका

**भाषा।** राजकोट



**ऑस्ट्रेलिया** ने चोटी के चार बल्लेबाजों की अर्धशतकीय पारियों और ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल की बलखाती गेंदों के दम पर बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 66 रन से जीत दर्ज करके भारत के क्लीन स्वीप करने के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से डेविड वार्नर (56), मिशेल मार्श (96), स्टीव स्मिथ (74) और मार्नस लाबुशेन (72) ने अर्धशतक जमाए। इससे ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 352 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इसके जवाब में भारत 49.4 ओवर में 286 रन बनाकर आउट हो गया। उसकी तरफ से कप्तान रोहित शर्मा (81), विराट कोहली (56) और श्रेयस अय्यर (48) ही कुछ योगदान दे पाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मैक्सवेल ने भारत का शीर्ष क्रम झकझोरा। उन्होंने 40 रन देकर चार विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की यह वनडे में पांच हार के बाद पहली जीत है। भारत के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली बार क्लीन स्वीप करने का बेहतरीन मौका था, लेकिन उसे अपने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की कमी खली जिन्हें इस मैच से विश्राम दिया गया था। भारत ने इस तरह से तीन मैच की यह श्रृंखला 2-। से अपने नाम की। भारत ने बड़े लक्ष्य के सामने अच्छी शुरुआत की थी। रोहित ने मिशेल स्टार्क का चौके और छक्के से स्वागत किया और जब ऑस्ट्रेलिया की कप्तान पैट कमिंस ने स्वयं गेंद थामी तो भारतीय कप्तान ने उन पर दो छक्के लगाए। स्टार्क ने इसके बाद कैमरन ग्रीन की गेंद पर रोहित का कैच छोड़ा और इस भारतीय बल्लेबाज ने इसका फायदा उठाकर 31 गेंद पर अपना 52वां अर्धशतक पूरा किया।

वाशिंगटन सुंदर को रोहित के साथ पारी का आगाज करने के लिए भेजा गया था लेकिन वह इस मौके का फायदा नहीं उठा पाए तथा 30 गेंद पर 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। लाबुशेन ने अपने दाएं तरफ दौड़ लगाकर उनका शानदार कैच लपका।

रोहित बड़ी पारी खेलने की स्थिति में दिख रहे थे लेकिन वाशिंगटन को आउट करने वाले मैक्सवेल ने अपनी ही गेंद पर उनके करारे शॉट को कैच में तब्दील कर दिया। रोहित ने अपनी 57 गेंद की पारी में पांच चौके और छह छक्के लगाए। उन्होंने वाशिंगटन के साथ पहले विकेट के लिए 74 और कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी की।

कोहली भी अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन वनडे में अपना 66वां अर्धशतक पूरा करने के बाद वह भी मैक्सवेल का तीसरा शिकार बनकर पवेलियन लौट गए। कोहली ने 61 गेंद खेली तथा पांच चौके और एक छक्का लगाया।

केएल राहुल (30 गेंद पर 26 रन) ने भी पर्याप्त समय क्रीज पर बिताया, लेकिन वह भी इसका फायदा नहीं उठा पाए। उन्होंने स्टार्क की गेंद हवा में लहराई जिसे कैरी ने कैच करने में कोई गलती नहीं की। सूर्यकुमार यादव (08) आते ही पवेलियन लौट गए। उन्होंने जोश हेजलवुड (42 रन देकर दो) की गेंद पर गैरजिम्मेदाराना शॉट खेलकर अपना विकेट गंवाया।

मैक्सवेल ने इसके बाद अय्यर (43 गेंद पर 48 रन, एक चौका दो छक्के) को अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया। उनकी टर्न लेती गेंद इस बल्लेबाज के बल्ले और पैड के बीच से निकलकर विकटों में समा गई। रविंद्र जडेजा ने 36 गेंद पर 35 रन बनाकर हार का अंतर कुछ कम किया।

इससे पहले वार्नर ने 34 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और चार छक्के लगाए। वह अपनी गलती से आउट हुए लेकिन इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छा मंच तैयार कर दिया था। मार्श केवल चार रन से शतक से चूक गए जबकि स्मिथ ने विश्व कप से पहले फॉर्म में वापसी की। लाबुशेन अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान आस्ट्रेलिया की तरफ से वर्तमान वर्ष में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह (81 रन देकर तीन विकेट) और कुलदीप यादव (छह ओवर में 48 रन देकर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने एक-एक विकेट लिया। गर्मी और उमस के कारण खिलाड़ियों को नियमित तौर पर पानी लेना पड़ा। मार्श ने बुमराह पर दो चौके और एक छक्का जड़कर शुरुआत की जबकि वार्नर ने सिराज पर दो छक्के लगाकर अपने आक्रामक तेवर दिखाए। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों का यह रवैया आगे भी जारी रहा। कृष्णा के पहले ओवर में तीन चौके और एक छक्का लगा। वार्नर ने इस तरह से उनकी शुरू में ही लय बिगाड़ दी। वार्नर ने सिराज पर फाइन लेग पर छक्का जड़कर भारत के खिलाफ नौवां और कुल 31वां अर्धशतक पूरा किया, लेकिन कृष्णा की गेंद को स्कूप करने के प्रयास में उन्होंने विकेट के पीछे कैच थमा दिया। बड़ा स्कोर बनाने के लिए बेताब स्मिथ ने इसके बाद मार्श के साथ पारी संवारने का बीड़ा उठाया। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 119 गेंद पर 137 रन की साझेदारी की। बुमराह को 23वें ओवर में फिर से गेंदबाजी पर लगाया गया लेकिन मार्श ने तीन चौके और दो छक्के जड़कर उनका गेंदबाजी विश्लेषण बिगाड़ दिया।

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर भी गर्मी का असर साफ दिख रहा था। ऐसे में मार्श ने कुलदीप की गेंद पर कवर में खड़े कृष्णा को आसान कर दिया और इस तरह से शतक से चूक गए। उन्होंने 84 गेंद की अपनी पारी में 13 चौके और तीन छक्के लगाए।

सिराज ने इसके बाद स्मिथ को पगबाधा आउट किया। उन्होंने अपनी पारी में 61 गेंद का सामना किया तथा आठ चौके और एक छक्का लगाया। एलेक्स कैरी (11) ने बुमराह की धीमी गेंद पर कवर में खड़े विराट कोहली को आसान कैच दिया।

बुमराह ने ग्लेन मैक्सवेल (05) को बोल्ड किया जबकि कुलदीप ने कैमरन ग्रीन (09) को लॉन्ग ऑन पर कैच कराया। लाबुशेन और पैट कमिंस (नाबाद 19) ने 46 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ चौथे सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

# निकहत क्वार्टर फाइनल में, थापा और संजीत बाहर हुए

**भाषा।** हांगझोउ

**दो** बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज निकहत जरीन (50 किग्रा) ने बुधवार को यहां एशियाई खेलों के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि भारत के अनुभवी मुक्केबाज शिव थापा (63.5 किग्रा) और संजीत (92 किग्रा) एशियाई खेलों से बाहर हो गए। निकहत ने महिला स्पर्धा दूसरे दौर में दक्षिण कोरिया की चोरोंग बाक पर 5-0 से आसान जीत हासिल की।



रिकॉर्ड छह बार एशियाई चैम्पियनशिप पदक जीतने वाले शिव आसान ड्रा का फायदा नहीं उठा सके और प्री क्वार्टरफाइनल में किर्गिस्तान के अस्कत कुलताएव से 0-5 से हार गए। संजीत को विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लाजिजबेक मुलोजोनोव से 0-5 से हार मिली।

दिन में दो मुक्केबाजों को मिली हार के बाद निकहत के दबदबे भरे प्रदर्शन ने भारतीय शिविर के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी। निकहत ने पहले राउंड में बाक के खिलाफ लगातार मुक्के जड़कर शुरुआत की लेकिन प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज रिंग में चारों ओर घूमती रही जिससे भारतीय मुक्केबाज को थोड़ी मुश्किल हुई। लेकिन निकहत ने दूसरे राउंड में कुछ बाएं हाथ के करारे मुक्के जड़कर बाक को कोई मौका नहीं दिया। भारतीय मुक्केबाज ने पिछले मुकाबले की तरह इसमें भी तीसरे राउंड के लिए ऊर्जा बचाकर रखी और बाक को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। शिव पदक दावेदारों में शामिल थे जिससे उनका हारना सभी के लिए निराशाजनक रहा। उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी लेकिन वह प्री क्वार्टरफाइनल में कुलताएव के लगातार मुक्कों और फुर्ती के सामने पस्त हो गए। कुलताएव ने आक्रामक होकर मुक्के जड़े जिससे शिव ऑफ गार्ड हो गए। इस भारतीय मुक्केबाज ने संभलने का प्रयास करते हुए ताकतवर हुक्स लगाए। लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी को अपनी लंबाई का फायदा मिला जिससे शिव को दूर से ही मुक्के लगाने पड़े और जजों ने कुलताएव को पहले राउंड में 4-। अंक दिए। किर्गिस्तान के मुक्केबाज ने दूसरे राउंड में भी यही दबदबा जारी रखा और शिव को डिफेंसिव होना पड़ा जिससे असम का यह मुक्केबाज दूसरा राउंड भी गंवा बैठा। तीसरे राउंड में शिव ने प्रयास करते हुए लगातार मुक्के जड़ने शुरु किए लेकिन कुलताएव ने पीछे होकर आराम से बचाव किया।संजीत के पास 2022 सुपर हेवीवेट एशियाई चैम्पियन के मुक्कों से बचने का कोई रास्ता नहीं था जिससे वह रक्षात्मक होकर खेले। एक बार वह मुलोजोनोव के मुक्के से संतुलन खो बैठे। दोनों मुक्केबाजों के बीच अंतर साफ दिख रहा था।

# रामकुमार और साकेत ने पुरुष युगल में पदक पक्का किया

**भाषा।** हांगझोउ

**रामकुमार** रामनाथन और साकेत मयनेनी की जोड़ी ने पुरुष युगल के सेमीफाइनल में जगह बनाकर बुधवार को एशियाई खेलों की टेनिस प्रतियोगिता में भारत का एक पदक पक्का किया लेकिन एकल खिलाड़ी सुमित नागल और अंकिता रैना को क्वार्टर फाइनल में हारने के कारण खाली हाथ लौटना पड़ेगा।रामनाथन और मयनेनी की दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में चीन के झिझेन झांग और यिबिंग वू को 6-1, 7-6(8) से पराजित किया। सेमीफाइनल में पहुंचने का मतलब है कि भारत में कम से कम कांस्य पदक पक्का कर दिया है।

बुधवार को खेले गए एकल मैचों में नागल और पिछली बार की कांस्य पदक विजेता अंकिता रैना क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए।

नागल के लिए दुनिया के 60वें नंबर के खिलाड़ी जिझेन झांग को हराना आसान नहीं था। वह दो घंटे 16 मिनट में 7 - 6,1 - 6, 2 - 6 से हार गए। सोमदेव देववर्मन ने 2010 में पुरूष एकल में स्वर्ण जीता था। उसके बाद युकी भांबरी (2014 इंचियोन) और प्रजनेश गुणेश्वरन (2018 जकार्ता) ने कांस्य पदक जीता था।

दोहा में 2006 में हुए खेलों में रोहन बोपन्ना और करण रस्तोगी एकल वर्ग में पदक दौर में नहीं पहुंच सके थे। रैना को जापान की हारूका राजी ने क्वार्टर फाइनल में 3 - 6, 6 - 4, 6 - 4 से हराया। रामनाथन तीसरे और रूतुजा भोसले दूसरे दौर में ही हार गए थे। इस बीच युकी भांबरी और रैना की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी मिश्रित युगल स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के फ्रांसिस केसी अलकेन्टारा और एलेक्स एला से 4-6, 6-4, 8-10 से हारकर बाहर हो गई। अनुभवी रोहन बोपन्ना और उनकी जोड़ीदार रुतुजा भोसले मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं।

## साथियान-बत्रा, हरमीत-श्रीजा की जोड़ी मिश्रित युगल के प्री क्वार्टरफाइनल में

**हांगझोउ।** भारत के जी साथियान और मनिका बत्रा की जोड़ी ने बुधवार को यहां एशियाई खेलो की टेबल टेनिस मिश्रित युगल स्पर्धा के प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। साथियान और बत्रा ने थाईलैंड के नापाट थानमाथिकोम और सुथासिनी सावेटाबुट की जोड़ी को 10-12, 11-8, 11-3, 11-8 से पराजित किया। बाद में हरमीत देसाई ने श्रीजा अकुला के साथ मिलकर मकाऊ की चि चेंग चियोंग और हुई ली सीक को 12-10, 11-7, 11-7 से हराकर अंतिम 16 चरण में जगह बनाई। साथियान-बत्रा ने खराब शुरुआत की और एक गेम से पिछड़ने के बाद उबरते हुए जीत 3-। से जीत हासिल की। वही हरमीत और श्रीजा ने को पहले गेम में चुनौती मिली लेकिन उन्होंने आसानी से 3-0 की जीत से अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुषों की युगल स्पर्धा में मानव ठक्कर और मानुष शाह ने मुश्किलो से पार पाते हुए थाईलैंड के नापाट थानमाथिकोम और सितिसाक नुचचार्ट की जोड़ी को 11-8, 8-11, 11-6, 7-11, 12-10 से मात दी।

## भारतीय स्क्वाश टीम का विजय अभियान जारी

**हांगझोउ।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एशियाई खेलो में बुधवार को पुरूष और महिला वर्ग में आसान जीत दर्ज की। महिला टीम ने नेपाल को हराया जबकि पुरुष टीम ने कुवैत को मात दी। दोनो टीमो ने 3 - 0 के अंतर से मुकाबला जीता। पहले मैच में 15 वर्ष की अनाहत सिंह ने कृष्णा थापा को 11 - 7, 11 -1, 11 - 2 से हराया। वही जोशना चिनप्पा ने बिपाना बी को 11 - 4, 11 - 2, 11 -2 से मात दी। दीपिका पल्लीकल ने स्वस्तानी श्रेष्ठ को 11 -1, 11 - 3, 11 - 2 से हराया। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले पाकिस्तान को 3 - 0 से हराया था। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम को पूल बी में मलेशिया, मकाउ, चीन, पाकिस्तान और नेपाल के साथ रखा गया है। भारतीय पुरुष टीम के लिए अभय सिंह ने अली अलरामेजी को 11 - 7, 11 - 6, 11 - 6 से मात दी। छठी बार एशियाई खेलो में भाग ले रहे सौरव घोषाल दो 1 - 2 से पिछड़ रहे थे जब उनके विरोधी अब्दुल्ला अलमेजाएन को चोट के कारण रिटायर होना पड़ा। इसके बाद महेश मनगांवकर ने फाला मोहम्मद को 11- 7, 11 -1, 11 - 2 से हराया।भारतीय महिला टीम अब मकाउ से खेलेगी जबकि पुरूष टीम का सामना पाकिस्तान से होगा। पूल ए और बी से शीर्ष दो टीमे सेमीफाइनल मे पहुंचेगी।

## हृदय व्यक्तिगत ड्रेसेज फाइनल में

**हांगझोउ।** भारत के हृदय विपुल छेदा, अनुष अग्रवाला और दिव्यकृति सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां एशियाई खेलो की घुड़सवारी स्पर्धा के व्यक्तिगत ड्रेसेज फाइनल के लिए क्वालीफाई किया जिससे वे पदक की दौड़ मे बने हुए है। हृदय क्वालीफिकेशन राउंड मे अपने घोड़े चेमक्सप्रो पर घुड़सवारी करते हुए 73.883 अंक के कुल स्कोर से शीर्ष पर रहे जबकि अनुष एट्रो पर बैठकर 71.706 अंक से चौथे स्थान पर रहे। एड्रेनलिन फिरफोड की सवारी करते हुए दिव्यकृति सिंह 67.676 अंक के स्कोर से 11वे स्थान पर रही जबकि सुदिप्ती हाजेला बाहर हो गई। क्वालीफाइंग से शीर्ष 15 घुड़सवार फाइनल में पहुंचते है। हृदय, अनुष, दिव्यकृति और सुदिप्ती ने मंगलवार को ऐतिहासिक टीम ड्रेसेज स्वर्ण पदक जीता था।

## नेपाली बल्लेबाजों ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए

**हांगझोउ।** नेपाल बुधावार को यहां एशियाई खेलो की क्रिकेट स्पर्धा मे टी20 अंतरराष्ट्रीय मे 300 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली टीम बना और उसने मंगोलिया के खिलाफ मैच मे तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए। उन्नीस साल के बाएं हाथ के बल्लेबाज कुशाल मल्ला ने सिर्फ 34 गेंद मे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का सबसे तेज शतक पूरा किया। उन्होने डेविड मिलर और रोहित शर्मा के संयुक्त रूप से पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा जिन्होने 35 गेद मे शतक बनाया था। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कुशाल ने 12 छक्को और आठ चौको से नाबाद 137 रन की पारी खेली जिससे नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 314 रन बनाए।

# ब्रिज प्रतियोगिता में भारतीय पुरुषों का दबदबा

**भाषा।** हांगझोउ

**भारतीय** पुरुष टीम ने एशियाई खेलों में बुधवार को यहां ब्रिज प्रतियोगिता के अपने तीनों राउंड रोबिन मैच जीत कर शानदार प्रदर्शन किया।

भारत ने दिन की शुरुआत फिलीपींस (18.04-1.96) पर जीत के साथ की। इसके बाद उसने सिंगापुर (10.97-9.03) और बांग्लादेश (10.66-9.34) को हराया। भारत 42 बोर्ड खेलकर 51.67 अंकों के साथ जापान के बाद दूसरे स्थान पर है।

भारतीय महिला टीम हालांकि प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही। उसे थाईलैंड (7.84-12.16) और चीनी ताइपे (20-0) से हार का सामना करना पड़ा। उसने दक्षिण कोरिया (11.87-8.13) को हराकर दिन की एकमात्र जीत दर्ज की। भारतीय टीम 42 बोर्ड के बाद 19.71 अंक लेकर सातवें स्थान पर है।

मिश्रित टीम स्पर्धा में भी भारत अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया। भारत को पहले मुकाबले में बाइ मिली थी जबकि दूसरे मैच में उसने हांगकांग (3.28-16.72) को हराया। भारतीय टीम ने अगले मैच में दक्षिण कोरिया (17.19-2.81) को हराया लेकिन दिन के आखिरी मैच में फिलीपींस (7.56-12.44) से उसे हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित स्पर्धा में भारत 42 बोर्ड के बाद 40.03 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है।

## भारतीय महिला हैंडबॉल टीम ने पूल के दूसरे मुकाबले में हांगकांग से ड्रा खेला

**हांगझोउ ( चीन )।** भारतीय महिला हैंडबॉल टीम ने बुधवार को यहां एशियाई खेलों के अपने दूसरे ग्रुप मैच में हांगकांग से 26-26 से रोमांचक ड्रा खेला। भारत के लिए मेनिका, निधी शर्मा, सुषमा, प्रियंका ठाकुर, भावना, ज्योति शुक्ला और शालिनी ठाकुर ने गोल किए। भारत को जापान के खिलाफ पहले ग्रुप मैच में 13-41 से हार मिली थी। अब भारतीय महिला टीम का सामना शुक्रवार को मेजबान चीन से होगा।

# व्यक्तिगत स्पर्धा में पदक जीतने में विफल रहे भारतीय शतरंज खिलाड़ी

**हांगझोउ।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी बुधवार को यहां एशियाई खेलों की व्यक्तिगत स्पर्धा में पदक जीतने में नाकाम रहे। ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती (5.5 अंक) और अर्जुन एरिगैसी (5.5) पुरुष वर्ग में क्रमश: पांचवें और छठे स्थान पर रहे, जबकि महिला वर्ग में पूर्व कांस्य पदक विजेता डी हरिका (6 अंक) चौथे और 2006 की चैंपियन कोनेरू हम्पी सातवें स्थान पर रहीं। गुजराती अंतिम दौर की बाजी में उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव से हार गए, जिससे उनकी पदक की उम्मीदें खत्म हो गईं। एरिगैसी भी अपने खेल में निरंतरता नहीं बनाए रख पाए। उन्होंने अंतिम दौर में बांग्लादेश के इनामुल हुसैन को हराकर जीत के साथ अपने अभियान का अंत किया। महिला वर्ग में हरिका और हम्पी आठवें दौड़ ने एक दूसरे के सामने थी। यह बाजी ड्रॉ रही। हरिका ने नौवें और अंतिम दौर में स्वर्ण पदक विजेता जिनेर झू (चीन) को हराया जबकि हम्पी ने बिबिसारा असौबाएवा (कजाकिस्तान) के खिलाफ बाजी ड्रॉ कराई।

## भारतीय पुरुष टीम तीन गुणा तीन बास्केटबॉल के क्वार्टर फाइनल में

**हांगझोउ।** भारत की पुरुष तीन गुणा तीन बास्केटबॉल टीम ने एशियाई खेलों में जीत की लय बरकरार रखते हुए बुधवार को यहां पूल सी के मैच में मकाऊको हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सहज प्रताप सिंह सेखों ने मैच में सर्वाधिक 10 अंक बनाए जिससे भारत ने मकाऊको 21-12 से हराया।

मकाऊके लिए होउ इन हो ने मैच में सर्वाधिक पांच अंक जुटाए। भारत ने इससे पूर्व दिन के पहले मुकाबले में मलेशिया को 20-16 से हराया था। भारत अपने अगले मैच में शुक्रवार को पिछले खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चीन से भिड़ेगा। भारतीय महिला टीम स्पर्धा में भारत को पूल ए के मैच में चीन से 8-22 से हार मिली जिससे टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इससे पहले महिला टीम अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान से 14-19 से हार गई थी और अब अपने पूल में निचले पायदान पर काबिज है।

# विष्णु सरवनन को कांस्य, पाल नौकायन में भारत को एक रजत और दो कांस्य

**भाषा।** निंगबो



**विष्णु** सरवनन ने एशियाई खेलों में बुधवार को पुरुषों की डिंगी आईएलसीए 7 स्पर्धा में भारत को पहला कांस्य पदक दिलाया। तोक्यो ओलंपिक खेल चुके विष्णु ने 11 रेस की स्पर्धा में 34 नेट स्कोर बनाया।

वह एक अंक से रजत पदक से चूक गए। दक्षिण कोरिया के जीमिन एचए ने 33 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। वहीं सिंगापुर के जुन हान रियान लो ने 26 स्कोर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

पाल नौकायन में सभी रेस के सबसे खराब स्कोर को कुल अंकों में से घटाकर नेट स्कोर निकाला जाता है। सबसे कम नेट स्कोर वाला विजई रहता है। विष्णु का कुल स्कोर 48 था और उसकी सबसे खराब रेस आठवीं थी जब वह रिटायर हो गया था। उसके स्कोर से 14 अंक घटाए गए।

हवा का बहाव कम रहने के कारण भारत महिलाओं के एकल डिंगी आईएलसीए 6 में पदक नहीं जीत सका और नेत्रा कुमानन को चौथे स्थान से ही संतोष करना पड़ा। इस वर्ग की आखिरी रेस रद्द करनी पड़ी। नेत्रा (41 नेट अंक) सिंगापुर की जिंग हुआ विक्टोरिया चान (38) से तीन अंक पीछे थी।

भारतीय पाल नौकायन खिलाड़ियों ने 2018 में जकार्ता खेलों में भी एक रजत और दो कांस्य जीते थे। नेहा ठाकुर ने कल रजत और इबाद अली ने कांस्य पदक जीता था।

## भारत ने पुरुष स्कीट स्पर्धा का टीम कांस्य पदक जीता

**हांगझोउ।** अंगद वीर सिंह बाजवा, गुरजोत खांगुरा और अनंत जीत सिंह नरुका की भारतीय टीम ने बुधवार को यहां एशियाई खेलों की पुरुष स्कीट स्पर्धा में टीम कांस्य पदक जीता। भारतीय तिकड़ी ने 355 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया जिससे बुधवार को निशानेबाजी में भारत का दबदबा जारी रहा। मेजबान चीन को स्वर्ण जबकि कतर को रजत पदक मिला। भारत की महिला टीम हालांकि कजाखस्तान, चीन और थाईलैंड के बाद चौथे स्थान पर रहते हुए शॉटगन स्कीट स्पर्धा में पदक से चूक गई।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने सिंगापुर को 13-0 से हराया

**भाषा।** हांगझोउ

**युवा** स्ट्राइकर संगीता कुमारी की हैट्रिक समेत अपने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में पूल ए के अपने पहले मैच में सिंगापुर को 13 - 0 से हराया। भारत ने पहले दो क्वार्टर में आठ और आखिरी दो क्वार्टर में पांच गोल किए। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज भारत का सामना पूल ए के मैच में 34वीं रैंकिंग वाली टीम से था। तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम के लिए संगीता (23वां, 53वां, 47वां मिनट) ने तीन गोल किए जबकि नवनीत कौर ने 14वें मिनट में लगातार दो गोल दागे। दीपिका (11वां), सुशीला चानू (आठवां), उदिता (छठा), नेहा (19वां), दीप ग्रेस इक्का (17वां), सलीमा टेटे (35वां), वंदना कटारिया (56वां) और मोनिका (52वां) ने गोल दागे। सिंगापुर की टीम भारतीय गोल पर हमले भी नहीं बोल सकी। भारत को अब 29 सितंबर को मलेशिया से खेलना है। कप्तान सविता पूनिया ने मैच के बाद कहा , यह शानदार प्रदर्शन था और हम इससे खुश हैं। युवा खिलाड़ियों ने सीनियर्स के साथ शानदार तालमेल दिखाया जिससे हमारा काम आसान हो गया। उन्होंने कहा , हम मैच दर मैच रणनीति बना रहे हैं। अब हमारा फोकस मलेशिया पर है। हमारे पास एक दिन का समय है जिसमें हम मलेशिया के खेल को देखकर उसके खिलाफ तैयारी करेंगे। हमारे पूल में कोरिया भी है और वह बहुत अच्छी टीम है। हम पूल में शीर्ष पर रहने की कोशिश करेंगे। भारत को पहले हाफ में कई पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से पांच पर गोल हुए। भारत ने छठे मिनट में उदिता के गोल पर बढत बना ली। इसके दो मिनट बाद सुशीला ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया। दीपिका ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बढत तिगुनी कर दी। नवनीत ने 14वें मिनट के भीतर लगातार दो गोल किए जिनमें से पहला गोल पेनल्टी पर था। दीप ग्रेस ने अगला गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किया जिसके बाद संगीता ने एक जबर्दस्त फील्ड गोल दागा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।